

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com

# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 55, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली सोमवार 11 सितम्बर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334


## मुख्य अपडेट


पुलिस ने नृशंस दोहरे हत्याकाण्ड का सफल अनावरण कर हत्यारोपी को किया गिरफ्तार .... पेज 03

आज प्रदेश भर के परिषदीय स्कूलों में आयोजित होगी निपुण आंकलन परीक्षा .... पेज 05

आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 : एचसीए ने किया बीसीसीआई से मैचों को पुनर्निर्धारित करने का .... पेज 07


जी20 इवेंट




नई दिल्ली के भारत मंडपम में जी20 शिखर सम्मेलन 2023 के दौरान फ्रांस के राष्टपति इमैनुएल मैक्रॉन के साथ प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी।

जी20 इवेंट



नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के अंतिम दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विश्व नेताओं ने महात्मा गांधी के स्मारक राजघाट पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

जी20 इवेंट



ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक पत्नी अक्षता मूर्ति के साथ नई दिल्ली में अक्षरधाम मंदिर पहुंचे। सुनक जी20 शिखर सम्मेलन के लिए दिल्ली में हैं।

# मोदी ने ब्राजील को जी20 की अध्यक्षता सौंपी

### प्रधानमंत्री ने एनएससी के विस्तार की मांग की; ब्राजील के राष्ट्रपति बोले- भुखमरी के खिलाफ लड़ेंगे

नई दिल्ली। जी20 समिट के आखिरी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी 20 की अध्यक्षता ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा को सौंप दी।



इसके साथ ही पीएम ने समिट के समापन का ऐलान किया। ब्राजील अगले साल होने वाली जी 20 समिट का आयोजन करेगा। पीएम ने संस्कृत भाषा में कहा- स्वस्ति अस्तु विश्वस्य ! यानी संपूर्ण विश्व में आशा और शांति का संचार हो।

समिट के आखिरी सेशन के बाद पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया बदल रही है इसके साथ दुनिया के संस्थानों को भी बदलने की जरूरत है। उन्होंने कहा- एनएससी में अभी तक उतने ही सदस्य हैं जितने इसकी स्थापना के वक्त थे। स्थायी देशों की संख्या बढ़नी चाहिए। इसके बाद ब्राजील के राष्ट्रपति ने कहा कि गरीब देशों की कर्ज की समस्या पर ध्यान देना होगा। दुनिया को भुखमरी खत्म करने की कोशिश बढ़ानी होगी।

अध्यक्षता मिलने के बाद ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा ने कहा- आज महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देते वक्त मैं काफी भावुक हो गया था। सब जानते हैं कि मेरे राजनीतिक जीवन में महात्मा गांधी का कितना महत्व है। उन्होंने कहा कि ब्राजील की प्रेसिडेंसी की 3 प्राथमिकताएं होंगी।

1) सामाजिक न्याय और भुखमरी के खिलाफ लड़ाई
2) सस्टेनेबल डेवलपमेंट
3) दुनिया के संस्थानों में बदलाव

लूला डा सिल्वा को अध्यक्षता सौंपते वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- दो दिनों में, आप सभी ने अनेक बातें यहां रखी हैं, सुझाव दिए हैं, बहुत सारे प्रस्ताव रखे हैं।

हमारी ये जिम्मेदारी है कि जो सुझाव आए हैं, उनको भी एक बार फिर देखा जाए कि उनकी प्रगति में गति कैसे लाई जा सकती है।

मेरा प्रस्ताव है कि हम नवंबर के अंत में जी-20 समिट का एक वर्चुअल सेशन और रखें। उस सेशन में हम इस समिट के दौरान तय विषयों की समीक्षा कर सकते हैं।

जी 20 समिट खत्म होने के बाद यूक्रेन में सीजफायर के मुद्दे पर रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा- हमें नेगोसिएशन से कोई दिक्कत नहीं है। जमीनी हकीकत को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता।

इससे पहले तीसरे सेशन के दौरान घोषणा पत्र पर औपचारिक मुहर लगाई गई।

शिखर सम्मेलन शुरू होने से ठीक पहले ब्राजील और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी को पौधे भेंट किए। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन वियतनाम दौरे के लिए रवाना हो गए।

# मोदी और मैक्रॉन ने द्विपक्षीय सम्बन्धों को और मजबूत बनाने पर चर्चा की

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यहां फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के साथ गत जुलाई में पेरिस में अपनी आखिरी बैठक के बाद से द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति पर चर्चा, मूल्यांकन और समीक्षा की।

मोदी ने जी 20 राष्ट्रध्यक्षों की बैठक में भाग लेने आए मैक्रॉन के साथ दोपहर के भोजन पर द्विपक्षीय बैठक की।

दोनों नेताओं ने महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय विकास पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

इसके बाद जारी संयुक्त बयान में कहा गया कि गत 13-14 जुलाई को फ्रांस के राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर सम्मानित अतिथि के रूप में श्री मोदी



की पेरिस की ऐतिहासिक यात्रा के बाद मैक्रॉन की भारत यात्रा हो रही है, जो भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी की 25 वीं वर्षगांठ है।

बयान में कहा गया है कि भारत-फ्रांस साझेदारी गहरे विश्वास, साझा मूल्यों, संप्रभुता और रणनीतिक स्वायत्तता में विश्वास, संयुक्त राष्ट्र चार्टर में निहित अंतरराष्ट्रीय कानून और सिद्धांतों के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता, बहुपक्षवाद में स्थायी विश्वास पर आधारित है। बयान में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए अपने सहयोग का विस्तार करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने वैश्विक व्यवस्था को नया आकार देने वाले अशांत समय के दौरान %वसुधैव कुटुंबकम% यानी %एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य% का संदेश लेकर सामूहिक रूप से अच्छाई की ताकत के रूप में सेवा करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

दोनों नेताओं ने सहयोग के लिए नए और महत्वाकांक्षी लक्ष्यों के कार्यान्वयन पर समग्र प्रगति और अगले कदमों पर चर्चा की।

# भारत में बिक रही लिवर और कैंसर की नकली दवा

### डीसीजीआई ने राज्यों से नजर रखने को कहा, डॉक्टर्स को दवा लिखते समय सावधान रहने के निर्देश

नई दिल्ली। भारत में लिवर की दवा डिफिटेलियो और कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाले इंजेक्शन एडसेट्रिस के नकली वर्जन मौजूद हैं। ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई ) ने इसकी जानकारी दी है। साथ ही सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ड्रग कंट्रोलर को इन दवाओं पर नजर रखने के निर्देश दिए हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इन दवाओं को लेकर अलर्ट जारी किया था। इसके बाद डीसीजीआई ने 5 सितंबर को बताया कि भारत सहित चार देशों में एडसेट्रिस इंजेक्शन के 50 मिलीग्राम के कई नकली वर्जन मौजूद हैं, जिसे टेकेडा फार्मास्युटिकल कंपनी लिमिटेड बनाती है। ये दवाएं अक्सर मरीज को निजी स्तर पर उपलब्ध कराई जाती हैं, जिनकी सप्लाई मुख्य रूप से ऑनलाइन होती है।

डीसीजीआई ने स्टेट ड्रग कंट्रोलर को एक लेटर भेजा है। जिसमें इस दवा के कम से कम आठ अलग-अलग



नकली वर्जन मौजूद होने की बात कही गई है।

### भारत और तुर्किये में मिला डिफिटेलियो का नकली वर्जन

6 सितंबर को डीसीजीआई ने एक और एडवाइजरी जारी की, जिसमें डिफिटेलियो (डिफाइब्रोटाइड) 80 मिलीग्राम कॉन्संट्रेट के लिए 4 सितंबर को WHO की ओर से जारी सुरक्षा चेतावनी का जिक्र किया गया था। WHO ने कहा था कि दवाओं के नकली वर्जन की पहचान भारत में अप्रैल 2023 में हुई थी। तुर्किये में जुलाई 2023 में इसके मौजूद होने की जानकारी मिली।

उधर, संयुक्त राष्ट्र की हेल्थ बॉडी ने कहा कि डिफिटेलियो दवा के नकली वर्जन के इस्तेमाल से मरीज पर इलाज का असर नहीं होता, साथ ही कई गंभीर खतरे भी हो सकते हैं। कई स्थितियों में तो यह दवा लेने से मरीज की मौत भी हो सकती है।

इस बारे में जानकारी सामने आने के बाद डीसीजीआई ने डॉक्टरों से मरीज को दवा लिखते वक्त सावधान रहने की सलाह दी है।

साथ ही मरीज को इस बारे में जागरूक करने का सुझाव दिया, जिससे मरीज दवा का रिएक्शन होने पर तुरंत अस्पताल आए।

डीसीजीआई ने स्टेट और रीजनल अथॉरिटी ऑफिसर्स को भी इस बारे में निर्देश जारी करने को कहा है। जिससे बाजारों में इन दवाएं की सेल, डिस्ट्रीब्यूशन और स्टॉक पर नजर रखी जा सके।

इसके साथ ही मार्केट में मौजूद दवाओं के नमूने लेकर जरूरी कार्रवाई शुरू करने की बात भी कही गई है।

## दिल्ली में आठ नाबालिगों ने युवक की हत्या की

नई दिल्ली। दिल्ली के संगम विहार में रविवार (10 सितंबर) को एक 20 साल के युवक की आठ नाबालिगों ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। इसके बाद वे मौके से फरार हो गए। इसके बाद पुलिस को मामले की जानकारी दी गई, जिसमें घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें आरोपी एक शख्स को संकरी गली में घसीटकर ले जाते दिख रहे हैं। यहां सभी आरोपी मिलकर शख्स पर लात और घूंसें चलाने लगते हैं।

# आंध्र के पूर्व सीएम चंद्रबाबू को 14 दिन की जेल

### 371 करोड़ के स्कैम का आरोप; पुलिस ने पवन कल्याण को हिरासत में लिया

हैदराबाद। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और तेलुगु देशम पार्टी चीफ चंद्रबाबू नायडू को 14 दिन के लिए जेल भेजा गया है। सीआईडी ने उन्हें 9 सितंबर को 371 करोड़ रुपए के स्किल डेवलपमेंट स्कैम में गिरफ्तार किया था। रविवार (10 सितंबर) को चंद्रबाबू को विजयवाड़ा कोर्ट में पेश किया गया था।

चंद्रबाबू नायडू की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वकील सिद्धार्थ लूथरा ने कोर्ट में अपनी दलीलें रखीं। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी पार्टी ने चंद्रबाबू को राजनीतिक फायदे के लिए गलत



आरोपों में फंसाया है। इस दौरान कोर्ट कॉम्प्लेक्स के बाहर तेलुगु देशम पार्टी के समर्थक भारी संख्या में उपस्थित रहे। वे राज्य के मुख्यमंत्री और YSR कांग्रेस के प्रमुख जगनमोहन रेड्डी के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे।

इससे पहले शनिवार देर रात अभिनेता और जनसेना प्रमुख पवन कल्याण ने चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी का विरोध किया। राज्य सरकार के विरोध में वे अपने समर्थकों के साथ विजयवाड़ा जा रहे थे। बीच रास्ते में उन्हें पुलिस ने रोका। विरोध में वे सड़क पर ही लेट गए। इसके बाद पुलिस ने उन्हें एहतियातन हिरासत में ले लिया।

### चंद्रबाबू ने पूछताछ में सहयोग नहीं किया : पुलिस

चंद्रबाबू को शनिवार सुबह 6 बजे नंदयाल से गिरफ्तार किया गया था। यहां से उन्हें विजयवाड़ा ले जाया गया, जहां सीआईडी ने उनसे 10 घंटे तक पूछताछ की। इसके बाद उन्हें रविवार तड़के 3: 40 बजे विजयवाड़ा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। यहां 50 मिनट तक उनका मेडिकल टेस्ट हुआ। यहां से उन्हें कोर्ट ले जाना था, लेकिन CID उन्हें वापस स्टेट इन्वेस्टिगेशन टीम के दफ्तर ले गई। सीआईडी ने बताया कि चंद्रबाबू ने पूछताछ के दौरान सहयोग नहीं किया। उन्होंने जवाब देने की बजाय कहा कि उन्हें कई बातें याद नहीं हैं।

# बस-ट्रेलर की भिड़ंत में 4 यात्रियों की मौत, 28 घायल

### खेराट से नागौर जा रही थी प्राइवेट बस; घायलों को हॉस्पिटल पहुंचाया



नागौर। नागौर से 4 किलोमीटर दूर अमरपुरा गांव के मुख्य मार्ग पर आज सुबह 8ः40 बजे प्राइवेट बस और ट्रेलर की भिड़ंत हो गई। हादसे में बस में सवार 4 लोगों की मौत हो गई। जबकि 28 यात्री घायल हैं। इनमें से चार गंभीर घायलों को जोधपुर रेफर किया गया है। हादसे की सूचना पर सदर, कोतवाली और सुरपालिया थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बस से निकाला गया। फिर पिकअप से जेएलएन हॉस्पिटल पहुंचाया। आरजे 21पीए 0832 नंबर की प्राइवेट बस सुरपालिया थाना इलाके के गांव खेराट से नागौर जा रही थी। बस पर पूनिया ट्रैवल्स लिखा है। जबकि एचआर 62ए 3313 हरियाणा नंबर का ड्रम से भरा ट्रेलर नागौर से खेराट की तरफ जा रहा था। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए 4 यात्रियों को जोधपुर के एमडीएम हॉस्पिटल रेफर किया गया है। इनमें डेह निवासी मोहम्मद जाकिर (25) पुत्र जलालुद्दीन, सलीम (23) पुत्र अहमद और इमरान (22) पुत्र जलालुद्दीन शामिल हैं। इनके अलावा 3 साल का बच्चा देवेंद्र सिंह पुत्र शेर सिंह भी है। जोधपुर जिला कलक्टर के निर्देशानुसार अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) चंपालाल अस्पताल पहुंचे और घायलों को कुशलक्षेम के बारे में जानकारी ली। चंपालाल ने अस्पताल के अधीक्षक डॉ. विकास राजपुरोहित से उपचार संबंधी जानकारी ली और अच्छे इलाज के निर्देश दिए।

**भाजपा पर निशाना**

**सत्ताधारी पार्टी किसी भी कीमत पर सत्ता हासिल करना चाहती है**

# बीजेपी जो करती है उसका हिंदू धर्म से कोई लेना-देना नहीं : राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पेरिस में छात्रों और शिक्षाविदों के साथ चर्चा के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ताधारी पार्टी किसी भी कीमत पर सत्ता हासिल करना चाहती है और उसका हिंदू धर्म से कोई लेना-देना नहीं है। फ्रांस के अग्रणी सामाजिक विज्ञान संस्थान, पेरिस की साइंसेज पीओ यूनिवर्सिटी में शनिवार को बातचीत के दौरान गांधी (53) ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा, विपक्षी दलों के गठबंधन द्वारा भारत के लोकतांत्रिक ढांचों को बचाने की लड़ाई, बदलती वैश्विक व्यवस्था और अन्य प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विपक्षी भारत की आत्मा के लिए लड़ने को लेकर प्रतिबद्ध है और देश मौजूदा उथल-पुथल से सकुशल बाहर आ जाएगा। बातचीत के दौरान देश में हिंदू राष्ट्रवाद के उभार के बारे में एक सवाल पर गांधी ने कहा, मैंने गीता पढ़ी है, कई उपनिषद पढ़े हैं, मैंने कई हिंदू (धर्म से जुड़ी) किताबें पढ़ी हैं; भाजपा जो करती है उसमें हिंदू (धर्म जैसा) कुछ भी नहीं है, बिल्कुल भी नहीं। इस बाचतीत का एक वीडियो रविवार को जारी किया गया। कांग्रेस नेता ने कहा, मैंने हिंदू धर्म से जुड़ी किसी किताब में नहीं पढ़ा और ना ही किसी विद्वान हिंदू व्यक्ति से यह



सुना कि आपको अपने से कमजोर लोगों को आतंकित करना चाहिए, उन्हें नुकसान पहुंचाना चाहिए। तो, ये विचार, ये शब्द, हिंदू राष्ट्रवाद, ये गलत शब्द है।

राहुल गांधी ने कहा, वे हिंदू राष्ट्रवादी नहीं हैं। उनका हिंदू धर्म से कोई लेना-देना नहीं है। वे किसी भी कीमत पर सत्ता हासिल करना चाहते हैं और वे सत्ता पाने के लिए कुछ भी करेंगे...वे कुछ लोगों का प्रभुत्व चाहते हैं...उनमें हिंदू (धर्म जैसा) कुछ भी नहीं है। देश में दलित और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ हिंसा के मामलों के बारे में पूछे जाने पर गांधी ने कहा कि इस मुद्दे से निपटने के लिए राजनीतिक कल्पनाशीलता की आवश्यकता है और विपक्षी दल उस लड़ाई के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, भाजपा और आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) जो करने की कोशिश कर रहे हैं, उसका मूल उद्देश्य निचली जातियों, अन्य पिछड़ी जातियों, आदिवासियों और अल्पसंख्यक समुदायों की अभिव्यक्ति, भागीदारी को रोकना है। और, मेरे लिए, वह भारत जहां किसी दलित व्यक्ति या मुस्लिम व्यक्ति, आदिवासी व्यक्ति, उच्च जाति के व्यक्ति, किसी के भी साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है, उस पर हमला किया जा रहा है, यह वह भारत नहीं है जो मैं चाहता हूं।

यूरोप का दौरा कर रहे राहुल गांधी ने कहा, अगर कल सुबह प्रधानमंत्री यह फैसला कर लें कि भारत में कोई अहंकारपूर्ण आचरण या कोई हिंसा नहीं करेगा, तो यह रुक जाएगा। यह वह दिशा है जो देश का नेतृत्व देती है, देश का नेतृत्व जो विचार देता है वह लोगों को आकार देता है।

# रिजर्व डे में खेला जाएगा भारत-पाक मैच

### इंडिया ने बनाए 2 विकेट पर 147 रन

कोलंबो। एशिया कप के सुपर-4 स्टेज में भारत-पाकिस्तान मुकाबला बारिश और गीली आउटफील्ड के कारण रविवार को पूरा नहीं हो सका। अब मुकाबला रिजर्व-डे यानी सोमवार को दोपहर 3: 00 बजे से खेला जाएगा। मैच दोबारा वहीं से शुरू होगा जहां आज रोका गया था। टीम इंडिया खेल रोके जाने तक 24.1 ओवर में दो विकेट खोकर 147 रन बना चुकी थी और इसी स्कोर से आगे खेलेगी।

भारतीय पारी के दौरान शाम 4: 52 बजे तेज बारिश शुरू हो गई। करीब डेढ़ घंटे हुई बारिश से मैदान के कुछ हिस्से ज्यादा गीले हो गए। ग्राउंड स्टाफ करीब 4 घंटे तक उन हिस्सों को सुखाने का प्रयास करता रहा। स्टाफ ने कभी डिस्पोजल का सहारा लिया, तो कभी




पंखे की हवा से उन स्पॉट को सुखाने का प्रयास किया गया। इस दौरान अंपायर्स ने भी कई बार मैदान का निरीक्षण किया।

वे रात 8: 30 बचे चौथी बार निरीक्षण कर रहे थे, तभी बारिश लौट आई और मैच रिजर्व-डे पर कराने का फैसला हुआ। मैच रुकने से पहले टीम इंडिया ने पहले खेलते हुए 24.1 ओवर में दो विकेट पर 147 रन बना लिए हैं। विराट कोहली 8 और केएल राहुल 17 रन पर नाबाद हैं।

शुभमन गिल 58 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें शाहीन शाह अफरीदी ने शादाब खान के हाथों कैच कराया। इससे पहले, कप्तान रोहित शर्मा (56 रन) को शादाब खान ने फहीम अशरफ के हाथों कैच कराया।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
सोमवार 11 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शिवराज ने नीम, गुलमोहर और गूलर के पौधे लगाए



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने प्रतिदिन पौधा लगाने के क्रम के बीच आज यहा श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में नीम, गुलमोहर और गूलर के पौधे रोपे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार पौधारोपण में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया तथा खनिज साधन एवं श्रम मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह भी शामिल हुए। चौहान के साथ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी पौधा-रोपण किया।

# शार्ट न्यूज

## एसआईए ने नार्को-आतंकवाद मामले में मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने जम्मू के गांधी नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज नार्को-आतंकवाद मामले में एक मुख्य आरोपी को बारामूला के उरी से गिरफ्तार किया है। आधिकारिक प्रवक्ता ने शनिवार को यहां यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने कहा कि 25 अगस्त को एसआईए टीमों ने गांधी नगर/एसआईए जम्मू में एफआईआर दर्ज होने के बाद नार्को टेरर/टेरर फंडिंग मामले में वांछित एक मुख्य आरोपी मोहम्मद शरीफ चेची को उरी, बारामूला, जम्मू-कश्मीर से गिरफ्तार किया । उन्होंने विवरण साझा करते हुए कहा कि पिछले साल नशीले पदार्थों के आतंक के वित्तपोषण मामले में पूर्व मंत्री बाबू सिंह की गिरफ्तारी के बाद, एसआईए के कई जांचकर्ता एक साथ कई स्थानों पर अलग-अलग लाइनों पर काम कर रहे हैं, जिसमें आतंकी आंशिक रूप से जम्मू-कश्मीर के भीतर और आंशिक रूप से पाकिस्तान में तथा कुछ मध्य पूर्वी राजधानियों में वित्तपोषण मॉड्यूल, नशीले पदार्थों के सिंडिकेट एवं अलगाववादी नेटवर्क के बारे में कई सुराग मिले हैं।

## लोक अदालत में हुआ 16 हजार का निस्तारण

**सिरसा।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला न्यायालय परिसर सिरसा, उपमंडल न्यायालय परिसर डबवाली व ऐलनाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार को किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरपर्सन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश वानी गोपाल शर्मा ने बताया कि इस लोक अदालत मे सभी तरह के न्यायालयों में विचाराधीन व प्री-लिटिगेटिव केस निपटारे के लिए रखे गये थे। जिनमें मुख्यत-चैक बाउंस, बैंक रिकवरी, मोटर वाहन दुर्घटना, घरेलू विवाद, बिजली व पानी से संबंधित विवाद, दिवानी व फौजदारी विवाद इत्यादि शामिल थे। उन्होंने कहा कि इस लोक अदालत में न्यायालयों में विचाराधीन कुल 17 हजार 743 केसों में से 16 हजार 922 केसों का निस्तारण किया गया, जिनमें ग्यारह करोड़ चौदह लाख तेंतीस हजार 227 रूपयों की राशि समायोजित कर अवार्ड पारित किए गए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अनुराधा ने बताया कि कुल सात बेंचों का गठन किया गया, जिसमें जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नितिन किनरा, प्रधान न्यायाधीश फैमेली कोर्ट सुमित गर्ग व डबवाली से सिविल जज (एस. डी.) कम न्यायिक दंडाधिकारी मनीष कुमार शामिल है।

## आदित्य-एल1 ने तीसरी कक्ष में किया प्रवेश

**चेन्नई।** सूर्य अध्ययन के लिए भेजे गये भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पहले सौर खोजी मिशन आदित्य-एल1 ने सफलतापूर्वक तीसरी कक्ष में प्रवेश कर लिया है। इसरो ने आज यहां बताया कि रविवार तड़के 0230 बजे इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी) ने आदित्य एल 1 सफलतापूर्वक अगली कक्ष में पहुंचाया। अभियान के दौरान मॉरीशस, बेंगलुरु, एसडीएससी-शार और पोर्ट ब्लेयर में इसरो के ग्राउंड स्टेशनों ने उपग्रह पर नजर बनाये रखी गई। उन्होंने बताया कि नयी कक्ष 296 किमी गुणा 71767 किलोमीटर है। अगली चौथी कक्ष में प्रवेश के लिए 15 सितंबर तड़के दो का समय निर्धारित किया गया है। उल्लेखनीय है कि भारत ने दो सितम्बर को अपने पहले सूर्य मिशन आदित्य एल1 को सूर्य और अंतरिक्ष के अध्ययन के लिए प्रक्षेपित किया था। यह सूर्य मिशन पृथ्वी के सबसे नज़दीक इस तारे की निगरानी करेगी और सोलर विंड जैसे अंतरिक्ष के मौसम की विशेषताओं का अध्ययन करेगा।

## नीलगिरी में दो बाघिन मृत पायी गयी

चेन्नई। तमिलनाडु में शनिवार शाम को कुंधा में नेहरु नगर के एक जलाशय में दो बाघिन मृत पायी गयी हैं। मुदुमलाई टाईगर रिजर्व फील्ड निदेशक के कार्यालय ने आज एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया बाघिनों के शव अवालांची बांध पानी की नहर के पास मिले। जिसमें से एक पानी में, वहीं दूसरी नहर के किनारे मृत पायी गयी। बाघिनों के शवों पर कोई चोट नहीं थे और ऐसी आशंका जतायी जा रही है कि इनकी मौत दो दिन हुई होगी। सहायक वन संरक्षक (मुख्यालय) देवराज के नेतृत्व में 20 सदस्यीय टीम का गठन किया गया और टीम यह पता लगाने के लिए क्षेत्र का निरीक्षण कर रही थी कि क्या बाघिनों को जहर दिया गया था। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के दिशा निर्देशानुसार बाघिनों का पोस्टमार्टम आज किया गया। नमूनों को फोरेंसिक लैब में भेजा जा रहा है जिसके बाद बाघिनों की मौत का सही कारण पता चल पाएगा। जिला वन अधिकारी (नीलगिरी क्षेत्र) एस गौतम ने घटनास्थल का दौरा किया और जांच की। उल्लेखनीय है कि पिछले एक महीने में मुदुमलाई टाइगर रिजर्व में तीन , नीलगिरी के नाडुवट्टम में एक और एमराल्ड में दो बाघों सहित पूरे नीलगिरी में छह बाघों की मौत हो चुकी है।

## तेलंगाना में वंचित निवासियों के घरों के नवीनीकरण के लिए 100 करोड़ रुपये आवंटित

**हैदराबाद।** तेलंगाना नगर प्रशासन मंत्री के टी रामाराव (केटीआर) ने कहा है कि राज्य सरकार ने शहर में जेएनएनयूआरएम और वाम्बे योजनाओं के माध्यम से वंचित निवासियों को प्रदत्त घरों के नवीनीकरण के लिए 100 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। राव ने कहा कि ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) हैदराबाद मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एचएमडीए) द्वारा आवंटित 100 करोड़ रुपये के फंड का उपयोग करके नवीकरण कार्यों की देखरेख करेगा। मंत्री की अध्यक्षता में और जीएचएमसी के अधिकार क्षेत्र में कई विधायकों की उपस्थिति में बैठक के दौरान, वंचित निवासियों द्वारा बसाई गई इन कॉलोनियों में घरों के लिए उपलब्ध अपर्याप्त धन के बारे में चिंता जतायी गयी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आर्थिक रूप से वंचित व्यक्तियों के लिए जीएचएमसी सीमा के तहत 9,100 करोड़ रुपये की लागत से डबल बेडरूम घर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जो नि:शुल्क होगा।

## आज रहेगा बेंगलुरु बंद

बेंगलुरु। कर्नाटक में फेडरेशन ऑफ कर्नाटक स्टेट प्राइवेट ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर्स एसोसिएशन ने सोमवार को बेंगलुरु बंद का आह्वान किया है। बंद का आह्वान कांग्रेस सरकार द्वारा एसोसिएशन की मांगों को पूरा करने में कथित विफलता के विरोध में किया गया है। निजी ऑपरेटरों राज्य में महिलाओं को मुफ्त यात्रा योजना के कारण हो रहे राजस्व नुकसान पर मुआवजे की मांग कर रहे है। उन्होंने व्हाइटबोर्ड वाहनों के अवैध उपयोग, यात्रियों के आवागमन, बाइक-टैक्सी सेवाओं पर प्रतिबंध लगाने और अन्य के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की। बंद रविवार आधी रात से सोमवार आधी रात तक रहेगा। बंद के कारण नागरिकों को काफी परेशानी होने की आशंका है। बंद को देखते हुए कुछ स्कूलों ने कल छुट्टी की घोषणा की है और अपनी परीक्षाओं का कार्यक्रम पुनर्निर्धारित किया है। बंद के मद्देनजर अतिरिक्त बेंगलुरु महानगर परिवहन निगम (बीएमटीसी) बसें संचालित करेगा और जरुरत पड़ने पर कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरटीसी) की बसें भी चलायी जायेगी। परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने कर्मचारियों से कल छुट्टी नहीं लेने को कहा है।

## लोगों को लड़ाकर सत्ता पाना चाहने वाली पार्टियों को पहचाने की जरुरत: पायलट

टोंक। राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने लोगों को लड़ाकर सत्ता पाना चाहने वाली पार्टियों को पहचानने की जरूरत बताते हुए कहा है कि लोगों को देखना होगा कि कौन सी विचारधारा प्रदेश के हित के लिए काम करती हैं । पायलट रविवार को टोंक जिले के निवाई क्षेत्र में आयोजित कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा हमे नौजवानों को मंच देना होगा। संगठन में यह काफी हद तक हुआ भी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने साढ़े चार साल में कांग्रेस घोषणा पत्र के हिसाब से काम किया है। इन योजनाओं का लाभ कार्यकर्ताओ के माध्यम से कैसे जनता तक पहुंचाने की ज़रूरत है। लोगों को देखना होगा कि कौन सी विचारधारा प्रदेश के हित के लिए काम करती हैं । जो पार्टियां लोगों को लड़ाकर सत्ता पाना चाहते हैं। उन्हें पहचानने की जरूरत है।

# जी-20 में रही मधुबनी की धूम

### भारत मंडपम में आदिवासी कलाकृतियों की एक प्रदर्शनी लगायी गयी

**नयी दिल्ली।** भारतीय अध्यक्षता में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान बिहार के मिथिला क्षेत्र की पारंपरिक और प्रसिद्ध चित्रशैली मधुबनी की धूम रही है और यह लगातार दुनिया भर से आए अतिथियों का मन मोहिती रही।

जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान भारत मंडपम में आदिवासी कलाकृतियों की एक प्रदर्शनी लगायी गयी है जिसमें कई कलाओं का सजीव प्रदर्शन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विदेशी नेताओं और अतिथियों को भारतीय कला, संस्कृति और धरोहर से परिचित कराना है।



प्रदर्शनी में मधुबनी चित्रशैली का सजीव प्रदर्शन करने वाली 60 वर्षीया महिला शांति देवी ने बताया कि मधुबनी चित्रशैली अपने जटिल विवरण और जीवंत रंगों के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है। कलाकार मनोरम और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण कलाकृतियों को बनाने के लिए केवल प्राकृतिक रंगों और टहनियों से बने ब्रश का उपयोग करते हैं। मध्यम आकार की कलाकृति का एक टुकड़ा बनाने के लिए अविश्वसनीय धैर्य और समर्पण की आवश्यकता होती है और एक प्रतिभाशाली कलाकार को एक उत्कृष्ट कृति बनाने में सात से 10 दिन लगते हैं। मिथिला की मूल निवासी श्रीमती शांति देवी को उनकी उत्कृष्ट मधुबनी चित्रशैली ने न केवल प्रशंसा दिलाई है, बल्कि उनकी असाधारण शिल्प कौशल के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला है। मधुबनी चित्रशैली एक भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग से सुसज्जित है। इसकी उत्पत्ति बिहार के मिथिला क्षेत्र में हुई है। यह भारत के सबसे पुराने और सबसे जीवंत कला रूपों में से एक है, जिसका इतिहास 2,500 वर्षों से अधिक पुराना है। शांति देवी ने बताया कि कोविड महामारी से पहले उनकी कलाकृतियां पांच हजार रुपये तक प्रति बिक जाती थी। इससे उनके परिवार को स्थायी आजीविका मिलती थी। उन्होंने चंद्रयान -3 की सफलता पर मधुबनी चित्रशैली का एक चित्र बनाया है। उन्होंने कहा, यह अब मेरी सबसे बेशकीमती चित्रकारी है। मैं इसे बेचूंगी नहीं, बल्कि इसे तब तक अपने घर में रखूंगी जब तक मुझे इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को भेंट करने का मौका नहीं मिलता। अपनी कला के माध्यम से वह अपने गांव, अपने राज्य और अपने देश के लिए एक दूत बन गई हैं। उन्होंने कहा, मैं इस कला को संरक्षित करने के लिए अपनी ओर से यथासंभव प्रयास करूंगी और मुझे उम्मीद है कि मेरे बच्चे और पोते-पोतियां इस परंपरा को आगे बढ़ाएंगे।

# हल्द्वानी में स्मैक और तमंचे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

एजेंसी

**नैनीताल।** उत्तराखंड के हल्द्वानी में पुलिस ने कई लाख रुपये की स्मैक और एक तमंचे के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार काठगोदाम पुलिस की ओर से शनिवार रात को गौलापार में तस्करों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस ने एक मोटर साइकिल संख्या यूके 06 एआर 10009 को रोका जिसमें दो लोग सवार थे।

पुलिस ने आरोपियों की जांच की तो उनके पास से 114.90 ग्राम स्मैक और 315 बोर का एक तमंचा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपियों के खिलाफ काठगोदाम थाना में मादक द्रव्य अधिनियम के साथ ही शस्त्र अधिनियम के तहत



अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। आरोपियों में शावेज उर्फ समीर एवं सलीम निवासीगण कसाई मोहल्ला दरऊ थाना किच्छा, ऊधमसिंह नगर शामिल हैं। आरोपियों ने बताया कि वह बरामद स्मैक को दरऊ गांव के बाहर उप्र सीमा पर बसे बगीचे में रहने वाले फरमूद और अनस से लेकर आये हैं।

आरोपियों ने बताया कि वह गौलापार बेचने के लिये ले जा रहे थे। पिछली बार नशेड़ी उनसे स्मैक छीन कर भाग गये थे इसलिये इस बार तमंचा भी लेकर आये हैं। पुलिस ने मोटर साइकिल को भी सीज कर लिया है।

# महिला को बदमाशों ने अपहरण कर दुष्कर्म करने के बाद निंवस्त्र छोड़ा

**भीलवाड़ा।** राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के गंगापुर कस्बे में कार से आये तीन बदमाशों ने सरेआम एक महिला का अपहरण कर उसके साथ सामुहिक दुष्कर्म कर निर्वस्त्र छोडने का मामला सामने आया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 25 वर्षीय महिला का शनिवार रात करीब साढ़े आठ बजे गंगापुर डीएसपी ऑफिस से मात्र सौ कदम की दूरी से कार से आये तीन बदमाशों ने अपहरण कर लिया। इस महिला को ये बदमाश आठ किलोमीटर दूर आमली रोड़ पर झुमपुरा चौराहे के नजदीक एक खंडहर मकान में ले गये, जहां तीनों ने बारी-बारी से महिला के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद ये बदमाश मौके से फरार हो गये। पीड़िता वहां निर्वस्त्र हालत में मदद का इंतजार करती रही।

मार्ग से गुजरने वाले लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। इसके बाद पुलिस की एक टीम तुरंत ही मौके पर पहुंची, जहां ये महिला बदहाल हालत में मिली। पुलिस ने कार कवर से महिला को ढंका और गंगापुर थाने ले आई।

इस बीच डीएसपी गंगापुर लाभुराम भी थाने पहुंच गये, जिन्होंने पीड़िता से घटनाक्रम की जानकारी ली तो यह घटना पीड़िता ने बताई।

इसके बाद पुलिस अधिकारी अपहरण स्थल के बाद उस स्थान पर भी गये, जहां महिला से दुष्कर्म हुआ। डीएसपी ने तत्काल तीन टीमें गठित कर संदिग्धों की धरपकड़ के लिए रवाना की।

## भाजपा के पूर्व विधायक गिरजाशंकर कांग्रेस में शामिल

भोपाल। मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम जिले के भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक गिरजाशंकर शर्मा ने आज यहां प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के समक्ष कांग्रेस की सदस्तया ग्रहण की। प्रदेश कांग्रेस की ओर से मुहैया करायी गयी जानकारी के अनुसार श्री शर्मा ने अपने समर्थकों के साथ यहां प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में विधिवत तरीके से कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इसके अलावा टीकमगढ़ जिले के नेता भक्ति तिवारी ने भी कांग्रेस का दामन थाम लिया। शर्मा ने हाल ही में भाजपा को छोड़ने का ऐलान किया था। तब से ही माना जा रहा था कि वे कांग्रेस में जा सकते हैं। शर्मा ने कहा कि वे कांग्रेस की रीति नीति से प्रभावित होकर इस दल में आए हैं।

# जम्मू कश्मीर सरकार 300 नए पर्यटन स्थल विकसित करेगी : उपराज्यपाल

**श्रीनगर।** केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा कि राज्य में घरेलू और विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए 300 नये पर्यटन स्थल विकसित किये जा जा रहे हैं।

सिन्हा ने जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में आज बंगस एडवेंचर फेस्टिवल का उद्घाटन किया।



इस मौके पर उन्होंने कहा कि घरेलू और विदेशी पर्यटकों के लिए गतिविधियों, त्योहारों, प्राकृतिक दृश्यों, खरीदारी और सुरम्य और शांत गांवों में बी एंड बी होम-स्टे से भरे विभिन्न प्रवेश द्वार विकल्प प्रदान करने के लिए लगभग 300 नए पर्यटन स्थल विकसित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर के कई ऑफबीट स्थल आरामदायक रोमांच और मनमोहक अनुभव चाहने वाले यात्रियों के लिए आदर्श स्थान हैं जहां रोमांच, उत्तम व्यंजन, तीर्थयात्रा, पारंपरिक हस्तशिल्प से लेकर शांत पहाड़ों तक पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। उपराज्यपाल ने कहा कि बंगस एडवेंचर फेस्टिवल स्थानीय कारीगरों को पारंपरिक कला और शिल्प प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। उन्होंने कहा, हमने पर्यटन उद्योग को पूरी तरह से बदल दिया है और जम्मू-कश्मीर को सबसे आशाजनक गंतव्य के रूप में स्थापित किया गया है। यह क्षेत्र जल्द ही केंद्र शासित प्रदेश के लिए विकास का इंजन बन जाएगा।

हमारा उद्देश्य बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करना और यात्रियों, खोजकर्ताओं और कला प्रेमियों को जीवन भर का अनुभव प्रदान करना है।

# 25 सितंबर को होगा भाजपा को सत्ता से उखाड़ फैंकने का आगाज : चौटाला

सिरसा। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) सुप्रीमो एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री औमप्रकाश चौटाला ने कहा कि भाजपा ने देश में लोगों को आपस में लड़ाकर सत्ता हथियाई। उन्हें न देश से सारोकार है ओर न जनता से प्यार। पैसा कैसे वसूला जाये साजिश करते हैं।



आज देश का हर नागरिक इस शासन से मुक्ति चाहता है। भाजपा सरकार से मुक्ति का आगाज आगामी 25 सिंतबर को हरियाणा में पूर्व उप-प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल जंयति पर कैथल में आयोजित सम्मान समारोह से होगा।

चौटाला ने कहा कि इस 'सम्मान समारोह' में देशभर के 14 से अधिक सियासी दलों के नेता शिरकत करेंगे। आज मैं भाषण देने नहीं बल्कि सम्मान समारोह में पहुंचने वाले नेताओं के भाषण सुनने का न्यौता देने आया हूं।

चौटाला रविवार को डबवाली रोड स्थित महाराजा पैलेस में इनेलो की जिला स्तरीय कार्यकर्ता बैठक को संबोधित कर रहे थे। गौरतलब है कि विपक्षी घटक दलों के संगठन 'इंडिया' के गठन के बाद किसी विपक्ष दल की यह पहली जनसभा होगी जिसमें विभिन्न दलों के इतने नेता शिरकत करेंगे।

चौटाला ने कहा कि देश को विपरित राजनीतिक परिस्थितयों से मुक्ति दिलाने के लिए चौधरी देवीलाल के नक्शेकदम पर चलते हुए उनके दिखाए सियासी मार्ग पर चलना होगा। उन्होंने हरियाणा के बेरोजगारों को नौकरी,बेरोजगारी भत्ता,बुढापा पैंशन,गैस सिलेंडर व छात्रों को मुफ्त शिक्षा व उनका ईलाज सरीखी बातों को फिर से दोहराया।

ऐलनाबाद के विधायक अभय सिंह चौटाला ने इस दौरान कहा कि आगामी 25 सितंबर को जिला कैथल में होने वाली राज्य स्तरीय जयंती 'सम्मान समारोह' में देशभर के 14 विभिन्न राजनीतिक दलों के दिग्गज नेता शिरकत कर चौधरी देवीलाल को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इन नेताओं में बिहार के मुख्यमंत्री नितिश कुमार,पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव, महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे, जम्मू कश्मीर के पूर्व सीएम फारूख अब्दुल्ला, हनुमान बेनीवाल, जनतादल (यूनाइटेड) के केसी त्यागी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अजीत सिंह के पुत्र जयंत चौधरी, सीताराम येचूरी, पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर बादल व टीएमसी के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

## भाद्रपद माह की दूसरी व शाही सवारी में महाकालेश्वर दस स्वरूपों में देंगे दर्शन

उज्जैन। मध्यप्रदेश के उज्जैन में भगवान महाकालेश्वर की श्रावण-भाद्रपद माह में निकलने वाली सवारी के क्रम में भाद्र की दूसरी एवं शाही सवारी में कल नगर भ्रमण के दौरान दस स्वरूपों में अपने भक्तों को दर्शन देंगे। महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के सूत्रों ने बताया कि प्राचीन परंपरा अनुसार महाकालेश्वर मंदिर में मराठा पंचांग के अनुसार श्रवण उत्सव मनाया जाता है। इस पंचांग में तिथियां की गणना अमावस्या से अमावस्या तक होती है। इस कारण महाकालेश्वर मंदिर में आधे भाद्र पक्ष तक श्रवण उत्सव मनाया जाता है और सवारी भी भादो तक निकलती है। इस बार श्रवण अधिक मास होने के कारण कल भाद्रपद माह की दूसरी और दसवी सवारी 11 सितंबर को शाही सवारी के रूप में निकलेगी। इस दौरान रजत पालकी में चन्द्रमौलेश्वर, हाथी पर मनमहेश, रथ पर जटाशंकर, रुद्रेश्वर स्वरूप, चन्द्रशेखर स्वरुप व दसवी सवारी में सप्तधान का मुखारविंद सम्मिलित होंगे।

# शिमला के आसमान में उड़ेंगे मानव परिंदे

### जुन्गा में होगा फ्लाइंग फेस्टिवल

एजेंसी

शिमला। प्राकृतिक आपदा की मार झेल रहे हिमाचल प्रदेश के पर्यटन कारोबार को पटरी पर लाने के लिए पर्यटन निगम निजी भागीदारी के साथ शिमला के जुन्गा में पैराग्लाइडिंग फेस्टिवल का आयोजन करने जा रही है ताकि पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके। शिमला में पहली बार इस तरह का इंटरनेशनल फ्लाइंग फेस्टिवल करवाया जा रहा है। पर्यटन विभाग के माध्यम से जुन्गा में 12 से 15 अक्टूबर तक होने वाले इस फेस्टिवल में देश के अलावा विदेशी पैराग्लाइडर पायलट भी भाग लेंगे। आयोजन में विभिन्न स्पर्धाएं होंगी और विजेता ईनाम सहित सम्मानित भी किया जाएगा। ग्लाइड इन कंपनी कस्टमर की रिलेशनशिप मैनेजर मोक्षिता ने बताया कि पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए यह प्रतियोगिता करवाई जा रही है। पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के पायलटस भाग लेंगे। प्रतियोगियों के लिए एंट्री फीस 5500 से 7000 तक रखी गई है। रिज मैदान पर लाइव डेमोस्ट्रेशन किया जा रहा है ताकि पर्यटकों को पता लग सके कि शिमला में भी इस तरह के साहसिक खेलों को करवाया जा रहा हैं। वहीं शिमला होटल एंड टूरिज्म स्टेक होल्डर एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कहा कि शिमला में अब फिर से पर्यटकों की आमद बढ़ रही है। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए इस तरह के आयोजन किए जा रहे हैं, ताकि शिमला में पर्यटकों को नई जगह देखने को मिले और उनका शिमला में ठहराव भी बढ़े।

# मोदी सरकार ने मारा जनता का हक : प्रियंका

**टोंक।** कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एवं उसकी केन्द्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि वे सत्ता में आने के बाद इतने अहंकारी हो गए है कि जनता को भूल गये और अपने शासन में जनता का हक खत्म करने का काम किया गया और सरकार कुछ अमीरों के लिए बनकर रह गई हैं।



प्रियंका गांधी रविवार को राजस्थान में टोंक जिले के निवाई के पास झिलाय में जनसभा को संबोधित कर रही थी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि देश में शासन कर रहे भाजपा नेताओं में इतना अहंकार आ गया है कि वे भूल चुके हैं कि उन्हें सत्ता में कौन लाया। वे जिस जनता के बल सत्ता में आये, उसे भूल चुके है।

उन्होंने कहा कि नेता सता में आने के बाद भूल जाता है कि उसे सत्ता मे लाया कौन, यह बात उसे कभी नहीं भूलनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि खुद को भूमि पुत्र कहने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करोड़ों के काफिले में चल रहे हैं और महंगाई को भूल गये है, अपने उद्योगपति मित्रों को आगे और जनता को पीछे रखते है।

प्रियंका गांधी ने भाजपा सरकार की नीतियां अमीरी को आगे बढ़ाने एवं गरीबों के लिए कुछ नहीं करने की बताते हुए है कि मोदी जब विदेश से आते हैं और बाद में पता चलता है कि वे अपने उद्योगमित्रों के लिए डील कर आये ।

उन्होंने कहा कि क्या ऐसी सरकार चाहिए जो कुछ गिने चुने अमीरों को आगे बढाये या ऐसी सरकार चाहिए जो जनता के बिजली के बिल एवं कर्जा माफ कर दे।

## राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी देवघर पहुंचे

रांची। राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव आज देवघर पहुंचे। राजद के हजारों नेताओं और कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े, गाजे बाजे के साथ आज एयर पोर्ट से लेकर देवघर परिसदन तक यादव और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी का स्वागत किया। देवघर हवाई अड्डा पर स्वागत करने वालों में झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव,प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव,प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव,झारखंड सरकार के मंत्री! सत्यानंद भोगता, बादल पत्रलेख,पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, पूर्व सांसद घुरन राम ,राष्ट्रीय महासचिव अभय कुमार सिंह, चतरा लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव, पूर्व विधायक रामदेव यादव, कल्पना देवी,युवा के अध्यक्ष रंजन यादव,प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, भूतनाथ यादव , विजय राम,सुनील यादव रामकुमार यादव,चंद्रशेखर भगत अनिल यादव, मुकेश यादव शामिल थे।

# हिमाचल को हरित ऊर्जा के रूप में विकसित करने का लक्ष्य : सुक्खू

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि सरकार ने राज्य को 31 मार्च, 2026 तक हरित ऊर्जा राज्य के रूप में विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पंचायती राज संस्थाओं के साथ-साथ आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में भी प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।



प्रदेश सरकार ने राज्य के प्रत्येक जिले में दो-दो ग्राम पंचायतों को पायलट आधार पर हरित पंचायत के रूप में विकसित करने की रूपरेखा तैयार की है।

इन पंचायतों में 500 किलोवॉट से लेकर एक मेगावॉट विद्युत उत्पादन क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित की जाएंगी।

हिमाचल प्रदेश ऊर्जा क्षेत्र विकास कार्यक्रम के तहत इन परियोजनाओं की स्थापना के लिए 50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। प्रदेश सरकार के उपक्रम हिमऊर्जा ने इसके दृष्टिगत ग्राम पंचायतें चिन्हित कर सौर परियोजनाएं स्थापित करने की प्रक्रिया आरम्भ कर दी है।

योजना के तहत 500 किलोवॉट क्षमता की सौर परियोजना के निर्माण के लिए 2.10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। कार्यशील होने के उपरान्त प्रत्येक परियोजना से प्रतिदिन लगभग 2250 यूनिट विद्युत उत्पादन और लगभग 25 लाख रुपये की आय का अनुमान है।

इन परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरान्त इनमें स्थानीय ग्राम पंचायतों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी। इससे न केवल स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार बल्कि ग्राम पंचायतों के लिए आय सृजन के नए अवसर भी उपलब्ध होंगे।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश को हरित ऊर्जा राज्य के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से बहु-आयामी प्रयास कर रही है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए युवाओं की भूमिका पर विशेष बल दिया गया है। प्रदेश के युवाओं को अपनी भूमि अथवा लीज पर ली गई भूमि पर 500 किलोवॉट से दो मेगावॉट तक की सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने के लिए 40 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। इन परियोजनाओं से उत्पन्न बिजली की खरीद राज्य विद्युत बोर्ड द्वारा की जाएगी।

सरकार सार्वजनिक परिवहन को विद्युत परिवहन के रूप में विकसित करने के लिए भी गंभीर प्रयास कर रही है। इससे जीवार्श्म इंधन पर निर्भरता भी समाप्त होगी।

# राजधानी में साल का सबसे साफ दिन रहा रविवार

## रविवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक 45 दर्ज किया गया



नई दिल्ली। राजधानी में बारिश और जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर वाहनों पर लगाई गई रोक की वजह से रविवार साल का सबसे साफ दिन रहा। रविवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक 45 दर्ज किया गया। इससे पहले 29 जुलाई को एक्यूआई 59 दर्ज किया गया था। इसके अलावा गाजियाबाद और नोएडा का प्रदूषण स्तर एनसीआर में सबसे कम दर्ज किया गया, जबकि गुरुग्राम का प्रदूषण स्तर सबसे ज्यादा संतोषजनक स्तर पर दर्ज किया गया। मौसम अनुकूल रहने और सड़कों पर कम हुए वाहनों के कारण दिल्ली में प्रदूषण का स्तर इस साल में सबसे निचले स्तर पर रहा।

सोमवार को तेज हवाएं और हल्की बारिश के कारण प्रदूषण स्तर में कुछ और गिरावट होने की उम्मीद है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक इससे पहले एक सितंबर को दिल्ली का प्रदूषण सूचकांक 140 दर्ज किया गया था। उसके बाद से प्रदूषण स्तर में लगातार गिरावट दर्ज हो रही है। एनसीआर की बात करें तो रविवार को फरीदाबाद का प्रदूषण स्तर 62, गाजियाबाद का 34, ग्रेटर नोएडा का 51, गुरुग्राम का 70 और नोएडा का 32 सूचकांक दर्ज किया गया।

मौसम विभाग की माने तो आने वाले दिनों में मौसम अनुकूल बने रहने के संभावना है। ऐसे में उम्मीद है कि दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर बेहतर श्रेणी में ही बना रह सकता है। एनसीआर में भी प्रदूषण स्तर मध्यम से संतोषजनक श्रेणी में बने रहने की संभावना है। भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान के मुताबिक रविवार को दिल्ली की ओर आने वाली हवाओं की चाल उत्तर-पूर्वी हो गई है। वहीं, दिन में 20 किमी की गति से मध्यम स्तर की हवाएं चली। इसके साथ ही आसमान में बादल छाए रहे।

# गांधी की हत्या करने वाली विचारधारा के लोग फ़र्जी राष्ट्रवाद का ढोल पीट रहे : 'आप'

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने परोक्ष रूप से आरएसएस-भाजपा पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या करने वाली विचारधारा के लोग फर्जी राष्ट्र्वाद का ढोल पीटते हैं। 'आप' के वरिष्ठ नेता राघव चड्ढा ने जी-20 देशों के नेताओं के राजघाट की तस्वीर को साझा करते हुए 'एक्स' पर लिखा, विश्व के नेताओं ने हमारे बापू महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उनकी विरासत आज भी दुनियाभर के लोगों को प्रेरित करती है। उनके विचार आज भी भारत के मूल्यों और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं लेकिन उनकी हत्या करने वाली विचारधारा के लोग फर्जी राष्ट्र्वाद का ढोल पीटते हैं। ग़ौरतलब है कि जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने आये विश्व नेताओं ने सुबह राजघाट पर महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# पुलिस ने नृशंस दोहरे हत्याकाण्ड का सफल अनावरण कर हत्यारोपी को किया गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** थाना दनकौर पुलिस ने दोहरे हत्याकांड का सफल अनावरण करते हुए आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। दोहरे हत्याकाण्ड के अनावरण हेतु गठित टीमो द्वारा निरन्तर अथक प्रयास करते हुये इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस, मैनुअल इंटेलिजेंस व तकनीकी साक्ष्यों की मदद से सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुये विभिन्न लोगो से पूछताछ व मोबाइल कॉल डिटेल के आधार पर मृतक वीर विक्रमाजीत राव के बड़े पुत्र जैसमीन निवासी ग्राम बल्लूखेड़ा थाना दनकौर गौतमबुद्धनगर को गिरफ्तार कर घटना का सफल अनावरण किया गया। अभियुक्त जैसमीन द्वारा उक्त दोहरे हत्याकाण्ड किया जाना कबूल किया गया है।

अभियुक्त की निशादेही पर घटना के समय इसके द्वारा पहने हुये खून लगे हुये कपड़े जिनको इसने धो दिया था उनको बरामद किया गया है। घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल फावड़ा और वसूली घटना स्थल से ही पूर्व में बरामद हो चुके है। गौरतलब है कि 7 सितम्बर



2023 को वादी द्वारा थाना दनकौर पर अपने पिता रामकुमार की अज्ञात अभियुक्त द्वारा फावड़े से हमला कर नृशंस हत्या व अपने पारिवारिक चचेरे भाई वीर विक्रमाजीत राव के गंभीर रूप से घायल किये जाने के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत कराया गया था।

इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल वीर विक्रमाजीत राव की भी अस्पताल में मृत्यु हो गयी थी।

पुलिस अधिकारियों द्वारा इस दोहरे हत्याकाण्ड के शीघ्र अनावरण हेतु पुलिस टीमो का गठन किया गया था। अभियुक्त जैसमीन द्वारा दोहरे हत्याकाण्ड को अकेले अन्जाम दिये जाने का इकबाल करते हुये बताया गया कि वह व उसका परिवार अपने पिता वीर विक्रमाजीत राव नोएडा में एक साथ रहता था जहाँ पर उसके पिता वीर विक्रमाजीत राव द्वारा उसकी माँ को प्रताड़ित व परेशान किया जा रहा था जिसके पश्चात उसकी माँ बच्चो को लेकर गाँव आ गयी थी।

उसके दादा-दादी द्वारा गाँव में रहने के लिये मकान दे दिया गया था। अभियुक्त जैसमीन अपनी माता व बहन के साथ गाँव में रहने लगा था तथा मृतक वीर विक्रमाजीत राव परिवार से अलग नोएडा में रहता था दोनो पति-पत्नी के मध्य आपसी विवाद के कारण तलाक की प्रक्रिया चल रही थी। मृतक वीर विक्रमाजीत राव कहानियां भी लिखते थे और अभी डेढ़-दो महीने से उन कहानियों पर शार्ट फिल्म बनाने के लिये गाँव में पड़े अपने पैतृक घेर में एक छोटे फिल्म स्टूडियो का निर्माण करा रहे थे जिसके निर्माण के लिये वीर विक्रमाजीत राव के द्वारा टप्पल अलीगढ़ स्थित अपनी जमीन बेची गयी थी और जमीन से प्राप्त पैसे को स्टूडियों बनाने में एंव पैसे को घर में प्रयोग ना करके इधर उधर खर्च कर रहा था।

रक्षाबंधन के दिन बटवारे और इन सभी बातों को लेकर मृतक वीर विक्रमाजीत राव का अभियुक्त जैसमीन व अपनी पत्नी के साथ विवाद हुआ था जिसके बाद से ही अपने पिता के प्रति नफरत व घृणा से भरे अभियुक्त जैसमीन द्वारा वीर विक्रमाजीत राव को मारने की ठान ली गयी थी।

## शार्ट न्यूज

### गाजियाबाद में बारिश से जलभराव

गाजियाबाद। गाजियाबाद में शनिवार को पूरी रात रुक-रुककर बारिश हुई है। रविवार सुबह से बारिश शांत है, लेकिन आसमान में काले बादल छाए हुए हैं। न्यूनतम तापमान घटकर 23 डिग्री सेल्सियस तक आ गया है। इससे लोगों को गरमी से काफी राहत मिली है। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि सोमवार से मौसम थोड़ा साफ हो सकता है। इधर, बारिश के चलते गाजियाबाद के कई इलाकों में जलभराव के हालात पैदा हो गए हैं। सबसे वीआईपी एरिया इंदिरापुरम की सड़कें तालाब जैसी दिख रही हैं। लालकुआं के नजदीक बारिश के गड्ढे में एक कार अनियंत्रित होकर रात पलट गई थी, जिसे अब तक हटाया नहीं जा सका है। गड्ढे, जलभराव और इस गाड़ी के चलते लालकुआं पर बार-बार जाम लग रहा है। सिद्धार्थ विहार एरिया की टूटी सड़क पर पानी भर जाने से लोगों को दिक्कतें हो रही हैं।

### सिलिंडर फटने से मौत पर कंपनी देगी 15-15 लाख

ग्रेटर नोएडा। रसोई गैस का सिलिंडर फटने से हादसे में क्षतिपूर्ति की जिम्मेदारी पेट्रोलियम कंपनी की है। ऐसे ही एक मामले में सिलिंडर फटने से बच्चा समेत तीन लोगों की मौत की घटना में दस साल बाद इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड और बीमा कंपनी को 15-15 लाख रुपये देने होंगे। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने यह फैसला दिया है। बता दे की दनकौर के पारसौल गांव में 2 जुलाई 2013 को प्रेमवीर उर्फ प्रताप अपने बेटा अंश सहित रसोई घर में मौजूद थे। साथ में परिचित डॉक्टर सुभाष भी थे। प्रेमवीर ने चाय बनाने के लिए जैसे ही गैस चूल्हे को जलाने के लिए माचिस की तीली को रगड़ा, सिलिंडर सहित रसोई घर में आग लग गई। इससे तीनों बुरी तरह झुलस गए। इलाज के दौरान प्रेमवीर, पुत्र अंश और डॉ. सुभाष की मृत्यु हो गई। परिजनों ने मुआवजे के लिए गैस एजेंसी और पेट्रोलियम कंपनी से संपर्क किया। इसके बाद मृतक प्रेमवीर की पत्नी कमलेश, डा. सुभाष की पत्नी रेखा और अंश के दादा अशोक ने इंडिया ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, चंडी इंडियन गैस सर्विस दनकौर और यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी से मुआवजा दिलाने के लिए जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में वाद दायर किया।

### डूसू चुनाव : अब तेज होगा चुनाव प्रचार

**नई दिल्ली।** जी-20 शिखर सम्मेलन के कारण बीते दिन से कॉलेज बंद थे। सम्मेलन का समापन होने के बाद सोमवार से फिर दोबारा दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के कॉलेज खुलेंगे। ऐसे में दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) का जो प्रचार थमा था, वह अब पीक पर पहुंचेगा। एबीवीपी से लेकर एनएसयूआई समेत विभिन्न छात्र संगठन दोबारा से चुनावी मैदान में उतरेंगे। यही नहीं अलग-अलग कॉलेजों में जाकर उम्मीदवार छात्रों की परेशानी सुनेंगे और उनके सामने अपनी बात व वादे भी रखेंगे। बता दें डूसू के उम्मीदवारों के नामांकन करने की अंतिम तिथि को बढ़ा दिया है। पहले यह तिथि 12 सितंबर थी, अब नामांकन करने की अंतिम तिथि को 14 सितंबर कर दिया गया है। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 15 सितंबर है। इससे पहले यह तिथि 13 सितंबर तय की गई थी। सम्मेलन को लेकर कॉलेज बंद थे। ऐसे में प्रमुख दलों के उम्मीदवार ने अपना प्रचार सोशल मीडिया में जारी रखा हुआ था। वह वहां कॉलेज छात्र समूह के जरिए अपनी बात पहुंचा रहे थे। यही नहीं कई उम्मीदवार तो छात्रों के हॉस्टल व पीजी में भी जाकर अपना प्रचार कर रहे थे। ऐसे में वह आगे भी सोशल मीडिया में चुनावी कैंपेन तो चलाएंगे ही साथ में चुनावी मैदान में अपना दबदबा भी दिखाएंगे।

### भारत मंडपम के पास भैरव मंदिर के गेट पर लगी आग

नई दिल्ली। जी-20 सम्मेलन के बीच रविवार सुबह भारत मंडपम के नजदीक आग लगने की सूचना से हड़कंप गया। आग प्रगति मैदान के नजदीक भैरव मंदिर के गेट पर लगी थी। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग के अलावा पुलिस व दूसरी एजेंसियां भी अलर्ट हो गईं। दमकल की दो गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। कुछ ही देर बाद आग पर काबू भी पा लिया गया। आग गेट पर मौजूद बिजली के तारों में लगी थी। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बारिश के दौरान शार्ट सर्किट की वजह से तारों में आग लगने की आशंका है। बिजली विभाग को बुलाकर तारों को दुरुस्त कर दिया गया। अग्निशमन विभाग के अधिकारी ने बताया कि भैरव मंदिर भारत मंडपम के नजदीक सड़क के दूसरी ओर है। सुबह करीब 7.01 बजे टीम को सूचना मिली कि भैरव मंदिर के मुख्य गेट पर आग लग गई है। सूचना के बाद दमकल की दो गाड़ियों को भेजा गया। चंद ही मिनटों बाद आग पर काबू पा लिया गया। किसी सुरक्षाकर्मी ने ही अग्निशमन विभाग को आग लगने की सूचना दी थी।

# विभिन्न सड़क व विकास कार्यों का किया लोकार्पण

**नोएडा।** रविवार को डॉ. महेश शर्मा, सांसद गौतमबुद्ध नगर एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री व श्री तेजपाल नागर जी, माननीय विधायक, दादरी एवं अमित चौधरी, अध्यक्ष जिला पंचायत ने संसदीय क्षेत्र के दादरी विधानसभा स्थित हैबतपुर गांव एवं चिपियाना बुजुर्ग एवं भोला रावल में विभिन्न सडक व विकास कार्य ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी व विधायक निधि से करोड़ो रूपये की लागत से लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया।

जन संपर्क कार्यक्रम के दौरान डी-507, सैक्टर 2, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, मिगसन ग्रीन मेन्षन, षिवालिक होम्स साईट सी, डिजाइन आर्च होम्स, ओएसिस वेन्टिया हाईट्स, लॉ गैलेक्सिया साईट सी ग्रेटर नोएडा, स्का मेट्रो विले, नर्मदा एन्क्लेव, ईटा-2,



ग्रेटर नोएडा में स्थानीय लोगो से संवाद किया। वहां के निवासियों ने माननीय सांसद जी का भव्य स्वागत किया तथा अपनी सोसायटी की समस्याओं से अवगत कराया और साथ ही सैक्टर के बाहरी हिस्से में साफ- सफाई की व्यवस्था, पार्को का रख- रखाव, नालियों को कवर कराना, स्ट्रीट लाईट आदि समस्याओं के बारे में अवगत कराया। माननीय सांसद जी ने कहा हम हमेशा आपके साथ है, और आष्वासन दिया कि जल्द से जल्द सारी समस्याओं का समाधान कराया जायेगा।

माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा चलायी जा रही भारतीय जनता पार्टी के सभी जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता मिलकर हर घर हर गांव से मेरी माटी-मेरा देष अभियान के तहत कलष में मिट्टी को इकट्ठा कर रहे है आज इसी कार्यक्रम के दौरान माननीय सांसद डा. महेष शर्मा जी ने ग्रेटर नोएडा में गांव-गांव एवं घर-घर से कलश में मिट्टी को एकत्रित किया।

इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष, श्री सतेन्द्र सिसोदिया, गौतमबुद्धनगर जिलाध्यक्ष विजय भाटी, रकम सिंह भाटी, पूर्व जिलाध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि संदीप शर्मा, बलराज भाटी, सतेन्द्र नागर, अभिषेक शर्मा, देवा भाटी, सुभाष भाटी, राहुल पंडित, दीपक नागर, सेवा नंद शर्मा, जैनेन्द्र चौरसिया, महेष शर्मा, अतुल पंडित, देव मिश्रा, सरदीप नागर आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# जामा मस्जिद के बाहर बम की खबर से अफरा-तफरी

**नई दिल्ली।** जी-20 शिखर सम्मेलन के बीच जामा-मस्जिद के बाहर बम रखा होने की सूचना मिलने पर पुलिस के होश उड़ गए। आनन-फानन में पुलिस के अलावा डॉग और बम स्क्वायड समेत तमाम बाकी एजेंसियां मौके पर पहुंची। काफी देर तलाश करने के बाद कॉल को हॉक्स करार दे दिया गया। कॉलर ने बताया कि उसने एक लावारिस बैग देखकर पुलिस को खबर दी थी। जामा मस्जिद पर बम की खबर मिलने के बाद आसपास भी अफरा-तफरी मच गई। लोग काफी परेशान हो गए। कई घंटे की जांच के बाद पुलिस ने जब लोगों को बताया कि बैग में कोई बम नहीं मिला है तो लोगों ने राहत की सांस ली। पुलिस कॉल करने वाले लड़के से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने आम लोगों से पुलिस की आंख और कान बनने की अपील की है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 8.00 बजे उनकी टीम को सूचना मिली कि जामा मस्जिद गेट नंबर-1 के पास एक बैग में बम रखा हुआ है। सूचना मिलते ही तुरंत पुलिस अधिकारी वहां पहुंच गए। आसपास के एरिया को खाली करवा लिया गया। इसके बाद बम व डॉग स्क्वायड ने बैग की पड़ताल की। उसमें कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। पुलिस को घटना स्थल पर ही नाबालिग लड़का मिला।

## नोएडा में धोखाधड़ी करने वाले 2 गिरफ्तार

गौतम बुद्ध नगर। नोएडा की थाना फेस वन पुलिस ने अलग-अलग कंपनियों में नौकरी लगवाने के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के कब्जे से तीन स्मार्टफोन, 10 कीपैड फोन, 16 वर्क कॉलिंग डाटा, चार वर्क पिच व एक लैपटॉप और प्रिंटर बरामद किया है। इनकी पहचान बिहार निवासी सतीश राज व अमित के रूप में हुई है। यह लोग आम नागरिकों को विभिन्न कम्पनियों जैसे अमेजोन, ल्यूपिन, टाटा मोटर्स, मारुति एवं बैंको में नौकरी दिलाने के नाम पर नौकरी के इच्छुक व्यक्तियों को कॉल करते थे। कालिंग डाटा ये लोग नेट से प्राप्त कर लेते थे और कालिंग डाटा मे से व्यक्ति की योग्यता के अनुसार उसे कम्पनी बताकर नौकरी लगवाने के लिए उन्हें काल करते थे। जब व्यक्ति पूरी तरह से तैयार हो जाता था तो उससे शुरुआती प्रोसेस शुल्क के नाम पर उससे 1800 रुपए से लेकर 2100 तक अपनी फर्जी यूपीआई पर ट्रांसफर करा लेते थे। ये लोग रोजाना कालिंग डाटा से सैकडों लोगों को काल करते थे। जो व्यक्ति इनके झांसे में फंस जाता था। उससे ये लोग ऑनलाइन धोखाधड़ी करके अपने खाते में पैसें डलवा लेते हैं। थाना फेस 1 प्रभारी ने बताया कि आम लोगों के साथ धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। यह लोग नौकरी लगवाने के नाम पर लोगों से ठगी करते थे।

# तीन दिन प्रभावित रही ओपीडी, अस्पतालों में आज भीड़ के आसार

नई दिल्ली। राजधानी के अस्पतालों में कल भीड़ हो सकती है। जी-20 आयोजन को लेकर बंद हुए रास्तों के कारण शुक्रवार और शनिवार को अस्पतालों में मरीज नहीं पहुंच पाए। वहीं, बृहस्पतिवार को जन्माष्टमी के कारण भी अस्पताल बंद रहे। आज की छुट्टी है। ऐसे में चार दिनों के अंतराल के बाद कल मरीज बिना किसी बाधा के अस्पताल पहुंच पाएंगे।

डॉक्टरों की माने तो जी-20 आयोजन के कारण कुछ सप्ताह से डॉक्टर और अन्य स्टाफ व्यस्त थे। रविवार को आयोजन खत्म होने के साथ ही सोमवार से स्वास्थ्य सुविधाएं पहले की तरह सामान्य हो जाएंगी।



सफदरजंग, डॉ. राममनोहर लोहिया, लेडी हार्डिंग, लोकनायक, जीटीबी, डीडीयू, दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट सहित अन्य अस्पतालों की ओपीडी में रोजाना 50 हजार से अधिक मरीज उपचार करवाने आते हैं। आशंका की जा रही है कि सोमवार को इनकी संख्या बढ़कर 60 हजार तक पहुंच सकती है। जी-20 आयोजन के दौरान दिल्ली में बंद रास्तों में कारण अस्पतालों की ओपीडी में 40 से 50 फीसदी ही मरीज पहुंच पाए थे। जी-20 आयोजन को देखते हुए शुक्रवार और शनिवार को टेलीमेडिसिन पर मरीजों की संख्या में करीब 10 फीसदी का इजाफा देखा गया। आयोजन को लेकर पहले से दी गई जानकारी को देखते हुए मरीजों ने पहले ही सुविधा के लिए समय ले लिया था। एम्स, सफदरजंग, डॉ. राममनोहर लोहिया, लेडी हार्डिग, लोकनायक सहित अन्य अस्पताल विभिन्न सुविधाओं के लिए टेलीमेडिसिन से सुविधाएं देता है। इन अस्पतालों में ज्यादा संख्या में मरीज दिल्ली के बाहर से उपचार करवाने आते हैं। ऐसे में ज्यादातर मरीजों ने अस्पताल आने से बेहतर ऑनलाइन माध्यम से चिकित्सा सेवाएं लीं।

# पलवल में फरीदाबाद के दंपती सहित 3 की मौत : 4 घायल

## अचानक ब्रेक लगाने से ट्रक के नीचे घुसी कार

**पलवल।** हरियाणा के पलवल में नेशनल हाईवे-19 पर रविवार सुबह ट्रक के पीछे चल रही एक कार अचानक ब्रेक लगाने से ट्रक के नीचे जा घुसी। हादसे में शनिदेव के दर्शन कर लौट रहे कार सवार दंपती सहित तीन की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। सभी फरीदाबाद के रहने वाले हैं। कोकिलावन (यूपी) से शनिदेव के दर्शन कर लौट रहे थे।

पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

### ओमेक्स सिटी के निकट हुआ हादसा

कैंप थाना प्रभारी सत्यनारायण के अनुसार, फरीदाबाद एनआईटी निवासी धीरज भाटिया ने दी शिकायत में कहा है कि उसका 43 वर्षीय भाई




मनीष भाटिया फरीदाबाद में ही फोटोकॉपी की दुकान चलाता था। शनिवार शाम को भाई मनीष भाटिया अपने 50 वर्षीय दोस्त राजकुमार जायसवाल की कार में कोकिलावन (यूपी) शनिदेव के दर्शन करने मंदिर पर गए थे।

कार में उनके अलावा मनीष की 38 वर्षीय पत्नी दर्शना, 17 वर्षीय बेटी वाणी, आठ वर्षीय बेटा माधव व राजकुमार की 42 वर्षीय पत्नी गीतांजलि और दस वर्षीय बेटी आहना भी थी। कार राजकुमार चला रहा था। कोकिलावन से शनिदेव के दर्शन करने के बाद रात में अपने घर लौटते समय करीब दो बजे पलवल में ओमेक्स सिटी के निकट नेशनल हाईवे-19 पर कार के आगे चल रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दी।

### राहगीरों ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल

ट्रक के अचानक ब्रेक लगाने से उनकी कार ट्रक में जा घुसी। हादसे में कार सवार सातों सवारियां घायल हो गईं। राहगीरों की मदद से सभी घायलों को कार से निकाल कर जिला नागरिक अस्पताल पहुंचा दिया गया। जिला नागरिक अस्पताल में चिकित्सकों ने मनीष भाटिया, भाभी दर्शना व राजकुमार को मृत घोषित कर दिया। जबकि, अन्य घायलों की गंभीर हालत देखते हुए उन्हें दूसरे अस्पतालों में रेफर कर दिया गया।

सूचना मिलने पर पहुंचे परिजन घायलों को उपचार के लिए फरीदाबाद अस्पताल ले गए। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी चालक ट्रक को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। ट्रक पर लिखे नंबर के आधार पर चालक की पहचान की जा रही है। जल्द ही आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस ने बताया कि मृतकों के परिजनों की शिकायत पर ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# नोएडा में सुप्रीम कोर्ट की महिला वकील की हत्या

## बाथरूम में मिली लाश, पति मौके से फरार

गौतम बुद्ध नगर। नोएडा के सेक्टर 30 में सुप्रीम कोर्ट की एक महिला वकील की लाश बाथरूम में मिली है। भाई की सूचना पर पहुंची पुलिस घर का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी। तलाशी ली तो बाथरूम में महिला का शव पड़ा था। कान से खून आने के निशान थे। महिला का पति मौके से फरार है। पति पर ही हत्या का शक जताया जा रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दरअसल, रविवार को थाना सेक्टर-20 पर एक कॉलर ने सूचना दी कि उनकी बहन रेनू सिन्हा (61) दो दिनों से फोन नहीं उठा रही हैं। वह सेक्टर-30 में डी-40 कोठी में पति के साथ रहती है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और रेनू के भाई की मौजूदगी में घर का दरवाजा तोड़ा। अंदर गए तो रेनू बाथरूम में मृत अवस्था में पड़ी थीं।

मौके पर पुलिस, फोरेंसिक और डॉग स्क्वॉड टीम जांच पड़ताल कर रही है। मृतका का पति नितिन मौके से फरार है। मृतका के भाई ने नितिन के खिलाफ हत्या का शक जाहिर किया है।

मृतक के भाई ने बताया कि दो दिन से रेनू मेरा फोन नहीं उठा रही थी। रविवार की शाम मैं रेनू के घर पहुंचा। काफी देर



तक दरवाजा खुलवाने की कोशिश की, लेकिन रेनू ने दरवाजा नहीं खोला। शक होने पर पुलिस की मदद ली। थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दरवाजे को तोड़ा। इसके बाद पुलिस घर में दाखिल हुई तो सन्न रह गई। रेनू की डेड बॉडी बाथरूम में पड़ी हुई थी। रेनू सुप्रीम कोर्ट में वकील थी। बहन का बेटा अमेरिका में रह रहा है, उसका नाम मानव गौतम है।

डीसीपी ने इस घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीम का गठन किया है। महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है। महिला का पति अभी फरार चल रहा है, जिसकी तलाश की जा रही है।

डीसीपी नोएडा हरिश्चंद्र ने बताया, महिला की पहचान रेनू सिन्हा के रूप में हुई है। रेनू की उम्र 61 साल है। उनके बच्चे अमेरिका में रहते हैं। मृतका के भाई को जीजा नितिन सिंह पर हत्या का शक है।

# प्राधिकरण के दो एसीईओ ने विकास कार्यों का लिया जायजा

## सेक्टर-2 में सफाई कर्मी मिले नदारद, फर्म पर पेनाल्टी लगाने के निर्देश

गौतम बुद्ध नगर। प्राधिकरण की एसीईओ मेधा रूपम ने वर्क सर्किल-3 के क्षेत्र के अंतर्गत सूरजपुर बिसरख मार्ग, टेकजोन-4 स्थित ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय, 45 मीटर चौड़ी रोड, सेक्टर-2 , राइज पुलिस चौकी मार्ग, कच्ची सड़क मार्ग, दादरी- सूरजपुर मार्ग आदि का भ्रमण किया। एसीईओ



ने सिविल, उद्यान, जल, सीवर व स्वास्थ्य विभाग के जनहित के कार्यों को देखा। इस दौरान सेक्टर 2 के निवासियों से विकास कार्यों व समस्याओं पर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने सड़क पर कंस्ट्रक्शन मैटेरियल रखने वालों पर पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए।

सेक्टर 2 में भ्रमण के दौरान स्टाफ न मिलने पर मैसर्स बिमलराज आउटसोर्सिंग फर्म पर पेनाल्टी लगाई। एसीईओ ने विकास कार्यों में तेजी लाने व सुधार करने के भी निर्देश दिए।

उद्यान विभाग की सेंट्रल वर्ज को ठीक करने, ग्रीन बेल्ट में किए गए पौधारोपण की फेंसिंग कराने के भी निर्देश दिए। एसीईओ मेधा रूपम ने लखनावली स्थित बायो रेमिडिएशन प्लांट का भी निरीक्षण किया।

# नोएडा में 15 घंटे तक आग से इलेक्ट्रॉनिक्स फैक्ट्री की इमारत ढही

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एरिया में इलेक्ट्रॉनिक्स फैक्ट्री में लगी आग करीब 15 घंटे बाद बुझाई जा सकी। हालांकि इस अग्निकांड में दो मंजिला फैक्ट्री की इमारत जमींदोज हो गई। बराबर की दो अन्य फैक्ट्रियों को जलने से बचा लिया गया। अभी तक भी फायर फाइटर्स पानी से कूलिंग कर रहे हैं, ताकि आग दोबारा न भड़के। इस अग्निकांड में वैशाली फायर स्टेशन के अग्निशमन अधिकारी मामूली रूप से झुलस गए। मुख्य अग्निशमन अधिकारीराहुल पाल ने बताया, शनिवार शाम करीब 4 बजे सूचना मिली थी कि साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एरिया साइट-4 में पैसेफिक मॉल के पीछे गली नंबर-18 में एक इलैक्ट्रॉनिक्स फैक्ट्री में आग लग गई है।

नई दिल्ली
सोमवार 11 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

# संपादकीय

## संविधान में खुले हैं दोनों विकल्प

अपने देश के नाम को लेकर एक नई बहस शुरू हो गई है। शुरुआत एक निमंत्रण पत्र को लेकर हुई, जिसे राष्ट्रपति की ओर से लिखा गया है। उसमें राष्ट्रपति के पद नाम को भारत गणतंत्र का राष्ट्रपति लिखा गया है। कुछ लोग मानते हैं कि चूंकि इसके लिए पारंपरिक तौर पर रिपब्लिक ऑफ इंडिया का इस्तेमाल होता रहा है, इसलिए इसमें कोई छेड़छाड़ नहीं होनी चाहिए।

हमारे संविधान के पहले अनुच्छेद में ही कहा गया है, इंडिया दैट इज भारत शैल बी यूनियन ऑफ स्टेट्स। यानी इंडिया अर्थात भारत राज्यों का संघ होगा। अनुच्छेद- 1 में ही यह बात स्पष्ट हो जाती है कि हमारे देश का नाम इंडिया और भारत, दोनों है और इसमें से किसी भी नाम से इसे संबोधित किया जा सकेगा। आम तौर पर किसी घटना या कार्यक्रम को अखिल भारतीय स्वरूप देने के लिए इंडिया या भारत शब्द का इस्तेमाल होता है। जैसे, राहुल गांधी जी की %भारत जोड़ो यात्रा। इसी तरह वंदे भारत ट्रेन, अतुल्य भारत से राष्ट्रीय गौरव के बारे में जागरूकता अभियान, स्वच्छ भारत मिशन के नाम से पोर्टल तथा दूसरी सरकारी गतिविधियां भी भारत नाम से जुड़ी हुई हैं। अंग्रेजी नाम वाली गतिविधियों या कार्यक्रमों का भी जब हिंदी अनुवाद किया जाता है, तो वहां इंडिया की जगह भारत शब्द का इस्तेमाल किया जाता है, जैसे डिजिटल इंडिया के लिए डिजिटल भारत। भारत सरकार के राजपत्र को अंग्रेजी में गजट ऑफ इंडिया और हिंदी में भारत का राजपत्र कहा जाता है।

हर संप्रभु राष्ट्र को अपना नाम रखने का अधिकार होता है। हमारे देश को अलग-अलग समय पर अलग-अलग नाम से संबोधित किया जाता रहा। वर्ष 1857 के बाद जब ब्रिटेन की सरकार ने पूरे देश का शासन सूत्र अपने हाथ में ले लिया, तो एकरूपता बनाए रखने के लिए इंडिया नाम पर मुहर लग गई। कानूनों में भी इंडिया शब्द का प्रयोग किया गया, जैसे 1861 में इंडियन काउंसिल ऐक्ट तथा 1909, 1919 और 1935 में गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ऐक्ट के तीन अलग-अलग संस्करणों में भी इंडिया शब्द का इस्तेमाल किया गया। आजादी से संबंधित 1947 के कानून को गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ऐक्ट नाम दिया गया। संविधान सभा में भी हमारे राष्ट्र के नामकरण को लेकर चर्चा हुई थी। 18 सितंबर, 1948 को संविधान के अनुच्छेद-1 से जुड़ा संशोधन हरि विष्णु कामत पेश कर रहे थे। देश के नामकरण के मुद्दे पर उन्होंने कहा, 'कुछ लोग कह रहे हैं कि नाम की जरूरत क्या है, इस देश को इंडिया तो कहा ही जाता है, लेकिन जो लोग भारत या भारतवर्ष या भारतभूमि नाम रखना चाहते हैं, उनका तर्क है कि यह इस धरती का सबसे पुराना नाम है।' कामत की बात पर संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव आंबेडकर खड़े हो गए थे। दक्षिण और गैर हिंदीभाषी राज्यों के सदस्यों ने भी भारत नाम पर आपत्ति जताई। उसके बाद सदन में भारत अर्थात इंडिया प्रस्ताव पर वोटिंग कराई गई, जो गिर गया। दूसरे कई प्रस्ताव भी गिर गए। आखिर में 'इंडिया दैट इज भारत शैल बी यूनियन ऑफ स्टेट्स' नामकरण सदन से पारित हो गया। यह अलग बात है कि समय-समय पर इंडिया की जगह भारत नाम रखने की बात हुई। वर्ष 2004 में मुलायम सिंह के मुख्यमंत्री काल में उत्तर प्रदेश की विधानसभा ने इंडिया के बजाय देश का नाम भारत रखे जाने से संबंधित प्रस्ताव पारित किया था। ऐसे ही, वर्ष 2015 में केंद्र की मोदी सरकार ने एक जनहित याचिका के संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय से कहा था कि देश को इंडिया के बजाय भारत न कहा जाए। बाद में खुद सुप्रीम कोर्ट ने भी इंडिया के बजाय भारत कहे जाने से संबंधित जनहित याचिका खारिज कर दी थी। अगर सरकार प्रस्तावना में वी द पीपल ऑफ इंडिया की जगह भारत शब्द जोड़ना चाहती है, तो उसे संविधान में संशोधन करना होगा। इसके लिए संसद के दोनों सदनों में दो तिहाई बहुमत से इसे पारित कराना होगा। साथ ही, देश की आधी विधानसभाओं की मंजूरी भी चाहिए। इसके बाद भी यह न्यायिक समीक्षा के दायरे में आ सकता है।

## सच का सामना करें

एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया ने मणिपुर हिंसा पर एक रिपोर्ट जारी की जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे दोनों तरफ से परस्परविरोधी नैरेटिव चलाए जाते रहे। इसके बाद मणिपुर पुलिस ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की। EGI को गिरफ्तारी से बचने के लिए सुप्रीम कोर्ट की शरण में जाना पड़ा।

यह कोई अच्छी स्थिति नहीं कही जाएगी कि देश में एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और उसकी फैक्ट फाइंडिंग टीम के सदस्यों को गिरफ्तारी से बचने के लिए सुप्रीम कोर्ट की शरण लेनी पड़े। हालांकि बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत देकर इन सबके सिर पर लटक रही गिरफ्तारी की तलवार फिलहाल हटा दी है, जो निश्चित रूप से राहत की बात है, लेकिन यह मुद्दा अभी बना हुआ है। ध्यान रहे, मणिपुर अगर मई महीने से ही हिंसा की लपटों से घिरा दिख रहा है और तमाम प्रयासों के बावजूद अभी तक ये लपटें पूरी तरह शांत नहीं हो पाई हैं, तो इसके पीछे एक बड़ी भूमिका गलत और झूठी सूचनाओं के निरंतर प्रवाह की भी रही है। स्थानीय समुदायों के बीच दूरी आ गई जिसे फेक न्यूज और दुष्प्रचार अभियान और बढ़ाते रहे। इसी संदर्भ में EGI की फैक्ट फाइंडिंग टीम ने बताया कि कैसे 'दोनों तरफ से परस्परविरोधी नैरेटिव चलाए जाते रहे।' इस रिपोर्ट पर मणिपुर पुलिस का एफआईआर दर्ज कर लेना जितना बेतुका और आपत्तिजनक है उससे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण है खुद मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह का इस मुद्दे पर प्रेस में आकर बयान देना और व्यक्तिगत रूप से EGI रिपोर्ट की निंदा करना। जब मणिपुर सरकार प्रदेश में कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर अपनी नाकामी के कारण खुद कटघरे में है, वह ऐसा जताने की कोशिश कर रही है कि उसे सवाल किया जाना पसंद नहीं।

हालांकि किसी भी संस्था की कोई भी रिपोर्ट आलोचना से ऊपर नहीं होती। उस पर सवाल भी उठाए जा सकते हैं और उससे असहमति भी दर्ज कराई जा सकती है। लेकिन अगर कोई मुख्यमंत्री कुछ पत्रकारों को देशद्रोही और व्यवस्था विरोधी बताने लग जाए तो उससे बेहतर रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने में कोई मदद नहीं मिलती। इस तरह की पुलिस कार्रवाई से मीडिया का स्वतंत्र कामकाज बाधित होता है। गौर करने की बात है कि राज्य के हिंसा पीड़ित लोगों के बीच राहत और पुनर्वास के कार्यों में मदद के लिए सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित कमिटी में किसी मणिपुरी को स्थान नहीं मिला तो इसके पीछे भेदभाव और पक्षपात की आशंकाओं को खत्म करने की ही भावना थी। राज्य सरकार ने अपने अफसरों को सोशल मीडिया ग्रुप्स से हटने को कहा तो उसके पीछे ये खबरें थीं कि नौकरशाही और पुलिस में जातीय आधार पर विभाजन दिख रहा है। ऐसे माहौल में विश्वास बहाल करना आसान नहीं होता। इसके लिए कड़वे सच को न सिर्फ सुनना होगा बल्कि उसे स्वीकार करना और उससे निपटना भी होगा। संवाद और सूचनाओं के प्रवाह पर लगी रोक हटाते हुए राज्य से बाहर के मीडिया को भी पूरी पहुंच देनी होगी। एन बिरेन सिंह सरकार श्वत्रद्ध सदस्यों के खिलाफ दायर एफआईआर को वापस लेने की प्रक्रिया के साथ इस दिशा में सही शुरुआत कर सकती है।



# दिल्ली डिक्लरेशन सही मायने में है वन अर्थ, वन फैमेली, वन फ्यूचर का संदेश

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा




रुस और चीन के प्रमुखों के नहीं आने और उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति के बावजूद भारत दिल्ली डिक्लरेशन के सभी बिन्दुओं को एक मत से पारित कराने में सफल रहा। यह सब तो तब है जब जी 20 के सभी देशों के पास बिन्दु विशेष पर वीटों करने के अधिकार हैं यह पहले के सम्मेलनों में देखा जा चुका है।

देखा जाए तो भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी 20 सम्मेलन हर मायने में अपनी छाप छोड़ने में सफल रहा है। भारत की मेजबानी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समावेशी विजन का ही परिणाम रहा कि एक और जहां जी 20 का कुनबा बढ़ाने में भारत कामयाब रहा तो दूसरी और दिल्ली डिक्लरेशन को एक मत से स्वीकार कराने की बड़ी सफलता कूटनीतिक स्तर पर भारत की बढ़ती सक्रिय हिस्सेदारी और सोच समझ को दर्शाती है। कोई माने या ना माने पर अब यह साफ होता जा रहा है कि भारत आज अपनी बात मनवाने व दुनिया के देशों के सामने लोहा मनवाने में सफल रहने लगा है। ज्यादा पुरानी बात नहीं है जब इंडोनेशिया के बाली में आयोजित जी 20 सम्मेलन में बने मसौदे पर दुनिया के देश एकमत नहीं हो पाये थे। रुस और चीन के प्रमुखों के नहीं आने और उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति के बावजूद भारत दिल्ली डिक्लरेशन के सभी 83 बिन्दुओं को एक मत से पारित कराने में सफल रहा। यह सब तो तब है जब जी 20 के सभी देशों के पास बिन्दु विशेष पर वीटों करने के अधिकार हैं यह पहले के सम्मेलनों में देखा जा चुका है। सबसे बड़ी बात यह कि जी 20 के सेशन वन फैमेली के दौरान दिल्ली डिक्लरेशन पर सर्वसम्मति की घोषणा से वन फैमेली का वास्तविक संदेश दुनिया के देश देने में सफल रहे हैं। सही मायने में यह दुनिया के देशों के वन फैमेली की दिशा में बढ़ता कदम है।

देखा जाये तो भारत के सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास और इसके साथ ही वन अर्थ, वन फैमेली, वन फ्यूचर का संदेश ही वसुधैव कुटुम्बकम को चरितार्थ करता है। इसे काल चक्र का ही फेर कहा जाएगा कि जिस काल चक्र के सामने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी 20 के दिग्गजों की अगवानी कर रहे थे उस काल चक्र ने ही संदेश दे दिया कि भारत 2500 साल पहले भी दुनिया का नेतृत्व कर रहा था तो आज भी वह दुनिया के देशों से किसी भी मायने में कम कर नहीं रह गया है। यों तो जी 20 का यह सम्मेलन कई मायनों में याद किया जाएगा तो लाख कमियां गिनाई भी जा सकती है पर इस सम्मेलन ने जो उंचाइयां छुई है उन्हें सालों याद रखा जाएगा। इस सम्मेलन की ही देन है कि अब जी 20 में 55 देशों के संघ अफ्रीकी यूनियन को स्थाई सदस्यता दिलाने में सफलता मिल गई है। यानी की जी 20 का कुनबा बढ़कर अब जी 21 हो गया है तो दूसरी और इसकी ताकत में भी बढ़ोतरी हुई है।

वैसे भी देखा जाए तो 1999 में जी 20 की स्थापना हुई तो आर्थिक सहभागिता एक प्रमुख ध्येय रहा। दुनिया के देशों की 85 फीसदी जीडीपी, 75 फसीदी वैश्विक व्यापार और दो तिहाई आबादी इस कुनबे की ताकत थी। अब अफ्रीकी यूनियन के शामिल होने से इसकी ताकत और पहुंच और अधिक बढ़ गई है। बारी बारी से अध्यक्षीय जिम्मेदारी के बीच भारत की एक वर्ष की अध्यक्षीय अवधि जी 20 के इतिहास में इसलिए महत्वपूर्ण हो जाती है कि भारत द्वारा इस तरह की कार्ययोजना बनाई गई कि सभी अंतरराष्ट्रीय विषयों पर चर्चाएं तय की गई तो दूसरी और गंभीर चिंतन मनन हुआ। इसके साथ ही भारत के कोने कोने से सदस्य देशों को रुबरु होने का अवसर मिला वह अलग। यानी कि भारत के बारें में दुनिया के देशों के सामने समग्र तस्वीर रखी जा सकी। देश के 60 शहरों में जी 20 की बैठकें आयोजित हुई यहां तक कि कश्मीर में भी जी 20 की बैठक आयोजित कर एक संदेश देने का प्रयास किया गया। 200 घंटों की अथक मेहनत और करीब 300 बैठकों का परिणाम है दिल्ली डिक्लरेशन। सबसे बड़ी बात कि भारत ने सबके भरोसे की बात की और सबका भरोसा जीतना ही इसकी सबसे बड़ी सफलता माना जा सकता है।

कोरोना ने दुनिया के देशों के सामने एक अलग तरह के हालात रखें तो सोच और समझ में भी बदलाव आया है। हांलाकि कोरोना त्रासदी के बाद भी रुस यूक्रेन युद्ध, वैश्विक आर्थिक संकट, आतंकवाद के नित नए रुप, भ्रष्टाचार, जलवायु परिवर्तन के कारण गर्मी बढ़ने, अनियमित मानसून, तूफान और अनचाही बाढ़ जैसे हालात, समुद्री सतह का बढ़ना, केरेंसी को लेकर संकट जैसे अनेक संकट तेजी से उभरे हैं। दिल्ली डिक्लरेशन में इन सभी मुद्दों व चुनौतियों के प्रति गंभीरता दिखाई गई है। यहां तक कि सबसे अधिक मतभेद की संभावना रुस यूक्रेन युद्ध को लेकर होने के बावजूद डिक्लरेशन में युद्ध का विरोध, दुनिया के देशों की संप्रभुता की रक्षा और यूक्रेन का चार बार जिक्र करने के साथ ही रुस का जिक्र ना करके इशारों इशारों में ही बहुत कुछ कहने में सफल रहे हैं। इसी तरह से चीन को भी संदेश देने का प्रयास किया गया है। नया कोरिडोर बनाने और फ्यूल संकट को लेकर ग्लोबल वायोफ्यूल की वैश्विक समझ बनाना किसी सफलता से कमतर नहीं है। जलवायु परिवर्तन, आर्थिक विकास, डिजिटल इकोनोमी, विकासशील देशों को आर्थिक सहायता जैसे मुद्दों के साथ ही युद्ध और स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं, महंगाई और आतंकवाद, कार्बन उत्सर्जन सहित चुनौतियों का मिलकर हल खोजने का सार्थक प्रयास माना जा सकता है। सउदी अरब के क्राउन प्रिंस का सम्मेलन में आना और एक दिन अधिक रुकना पाकिस्तान के लिए किसी तेज झटके से कम नहीं है।

इन सबसे इतर यह कि जी 20 सम्मेलन भारतीय कला, शिल्प, सभ्यता और संस्कृति, गौरवशाली इतिहास से रुबरु कराने में भी सफल रहा है। भारत नाम को लेकर पक्ष विपक्ष मत हो सकते हैं पर भारतीय संस्कृति की झलक दिखाने में यह सम्मेलन सफल रहा है। सबसे खास कि इस सम्मेलन में शाकाहारी भोजन परोसा गया तो दूसरी और मोटे अनाज को भी व्यंजनों में शामिल किया गया। सबसे खास और बड़ी बात यह कि भारत वन अर्थ, वन फैमेली, वन फ्यूचर की बात केवल कागजी नहीं कर उसे दुनिया के देशों के सामने प्रभावी तरीके से पूरी प्रतिवद्धता के साथ रखा है। सबका साथ, सबका विकास, सबका भरोसा संदेश दिल्ली डिक्लरेशन सहित बिन्दुओं पर आमसहमति बनाने में सफलता प्राप्त कर भरोसे को कायम किया है। दुनिया के देश अब भारत की और आशाभरी नजरों से देखने लगे हैं। आने वाला समय भारत का होगा इसमें अब किसी तरह का संदेह नहीं होना चाहिए।

## भारतीय संस्कृति और संस्कारों को को भ्रमित करती पश्चात जीवन शैली

अंग्रेजों के आने के पूर्व भारतीय संस्कृति धार्मिक, आध्यात्मिक, परंपरा वादी, भाग्यवादी रही है। अंग्रेजों के भारत आने के बाद और उनके संपर्क में रहने से भारतीय जीवन का स्वरूप काफी हद तक परिवर्तित एवं बदले हुए स्वरूप में आया था। धार्मिकता आध्यात्मिकता तथा त्याग व ममता को व्यापक भौतिकवादी दृष्टिकोण से काफी नुकसान पहुंचा है। पश्चात विचारधारा के संपर्क में आने से परंपराओं के प्रति मोह धीरे-धीरे कम होने लगा एवं नई वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाली सोच के कारण भाग्य वाद के प्रति आस्था उत्पन्न होने लगी। इसके अतिरिक्त भारतीय दर्शन के आंतरिक गुणों आदर्श नैतिकता, बुद्धि आदि में भी आमूलचूल परिवर्तन हुए हैं। और इन घटकों पर नवीन शिक्षा पद्धति का व्यापक प्रभाव पड़ा है। अंग्रेज भारत को ऐसा वर्ग विशेष बनाना चाहते थे, जो जन्म और रंग से तो पूर्वी हों, पर अन्य सभी दृष्टिकोण से सब अंग्रेज बने रहें। भारत का उच्च वर्ग या अमीर तबका, राजा, महाराजा, नवाब धीरे-धीरे अंग्रेजी शिक्षा के गुलाम होते चले गए, और पाश्चात्य संस्कृति की ओर झुकते गए। भारतीय संस्कृति को विस्मृत करने में यही उच्च वर्ग या अमीर लोग काफी हद तक जिम्मेदार है। यह लोग अंग्रेजियत की नकल करने लगे, तथा भारतीय समाज धर्म दर्शन में इनकी कोई रूचि अविश्वास नहीं रहने लगा था। और इनकी नकल में इनके मातहत, सिपहसालार भी उसी रंग में डूबने लगे थे। धीरे धीरे पश्चिमी सभ्यता ने भारतीय संस्कृति पर अपना व्यापक प्रभाव डालना शुरू कर दिया था।

पश्चिमी संस्कृति का वृहद अध्ययन करने वाले भारतीय विद्वानों ने पश्चिम की ओर इस अंधे आकर्षण का खुलकर विरोध भी किया था। इन्हीं विद्वानों ने भारतीय जनमानस को अपनी शक्ति और धर्म में विश्वास करने की प्रेरणा देकर उनका मार्गदर्शन किया था। तत्पश्चात भारतीय शोधकर्ताओं ने पश्चिम सभ्यता तथा उसकी शिक्षा का व्यापक परीक्षण शुरू कर दिया था। और इन्हीं शोधकर्ताओं और विद्वानों की अथक मेहनत से प्राचीन परंपराओं में सर्वश्रेष्ठ का चयन कर एवं पाश्चात्य दर्शन की श्रेष्ठ धारणाओं को मिलाकर एक नए दर्शन को समाज के सामने प्रस्तुत किया था। भारतीय विद्वानों, शोधकर्ताओं एवं विचारकों ने प्राचीन भारतीय कुप्रथा जैसे छुआछूत, पर्दा प्रथा, बहु विवाह, बाल विवाह, देवदासी प्रथा एवं महिला शिक्षा, तथा निरक्षरता के विरोध में अभियान चलाकर सामाजिक चेतना का आह्वान किया था। पर पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर भारतीय समाज में नैतिक विचारों में परिवर्तन की शुरुआत हुई। इस परिवर्तन के साथ भारतीय जनमानस के रहन-सहन खानपान, वेशभूषा, विवाह समारोह, आचार विचार, शिष्टाचार तथा व्यवहार में पाश्चात्य शिक्षा की झलक दिखाई देने लगी। जाति प्रथा के कठोर नियम ढीले पड़ने लगे। बाल विवाह प्रथा में बेहद कमी आने लगी।

## आ तुझे प्यारा सा एक नया नाम दूँ

आ तुझे प्यारा सा एक नया नाम दूँ।

आ तुझे प्यारा सा एक नया नाम दूँ,
उजाले दिन की एक खूबसूरत शाम दूँ।

पैगाम हैं, तेरे नाम न जाने कितने,
प्यार में तेरे उन्हें रंगीन अंजाम दूँ।

हकीकत बड़ी कठोर, बेदिल, बेरहम है,
मौशिकी का तुझे, एक खनकता जाम दूँ।

आज मिले हैं, कल शायद जुदा भी होंगे,
गमगीनी में तुझे, विदाई खुले-आम दूँ।

मोहब्बत की कई दास्ताने अमर हुई है,
आओ इन शब्दों से आज नया पैगाम दूं।

इश्क तेरे नाम से शुरू, वही से खत्म।
तू ही बता संजीव इसे क्या अंजाम दूं।



संजीव ठाकुर
रायपुर

## जी-20 अब जी-21 बना- अफ्रीकी यूनियन सदस्य बना



विश्व के देशों में भारत के करीब आने की होड़ मची – मुझे भारतीय होने पर मुझे गर्व है

जी-20 मंच पर भारत को वैश्विक नेता के रूप में देखकर हर नागरिक गौरववित होकर खुशी से गदगद हो उठा – एडवोकेट किशन भावनानी गोंदिया

गोंदिया – भारत में दिनांक 8 – 9 – 10 सितंबर 2023 के हर पल का हर लम्हा, जब विश्व के कोने-कोने में बसे भारतीयों ने प्रिंट इलेक्ट्रानिक और सोशल मीडिया में पढ़ा और देखा तो खुशी से गौरववित होकर गदगद हो उठा कि विश्व में भारत के करीब आने की हर देश किस होड़ मची है। हर मेहमान टॉप लेवल लीडर से आम सैलानी तक भारत की मेहमान नवाजी अतिथि देवो भव- से प्रफुल्लित हो उठे और हर भारतीय कहने लगा मुझे भारतीय होने पर मुझे गर्व है। ऐसा है मेरा भारत देश! क्योंकि इसके पहले ऐसा अभूतपूर्व पल विकसित विकासशील देशों के टॉप लीडरों का भारत हब बना हो, शायद कभी नहीं देखे हैं। वर्तमान युवा पीढ़ी तो देखकर दंग है कि भारत का इतना रुतबा है, उन्होंने इतिहास के पन्नों में नहीं पढ़ने को मिला था पर अभी इतना इतिहास रचा जा रहा है। भारतीय कूटनीति का सबसे बड़ी सफ़लता का आगाज़ अफ्रीकी यूनियन को जी20 में शामिल करवा कर जी21 बनाना अपने आप में बहुत बड़ा काम भारत ने कर दिखाया है। जब माननीय पीएम ने अफ्रीकी यूनियन के मुखिया को जी20 सीट पर अपना स्थान ग्रहण करने का आह्वान किया और बताया कि और को जी20 में स्थाई सदस्य का दर्जा दिया गया है तो पूरा विश्व हैरानी से इस सफल कूटनीति को देखकर, भारतीय बौद्धिक क्षमता का लोहा करने लगा, क्योंकि भारत ने चीन को भी इसके लिए मना लिया था। दूसरी तरफ बड़ी उपलब्धि जी20 घोषणा पत्र 2023 पर सभी लीडर्स सदस्यों की सहमति बन गई है जिसकी औपचारिकघोषणा होगी, जिसमें 9 बार आतंकवाद और 4 बार यूक्रेन का जिक्र है और घोषणा पत्र में यूक्रेन पर खाली छोड़े गए पैराग्राफ को भी आम सहमति से भर दिया गया है, जिससे भारतीय पीएम का कुशल नेतृत्व प्रदर्शित हुआ है। जी20 के इतिहास में भारत का जी20 2023 सबसे महत्वाकांक्षी रहा है, क्योंकि 112 परिणाम और अध्यक्ष दस्तावेज का संग्रह हमने पिछले अध्यक्षों से तीन गुना से अधिक कार्य किया है, जिसमें नई दिल्ली लीडर्स डिक्लेरेशन (नई दिल्ली घोषणा पत्र) मजबूत रिकॉर्ड, संतुलित और समन्वययशील विकास एसडीजी पर प्रगति में तेजी लाने, सतत भविष्य के लिए हरित विकास समझौते, 21वीं सदी के लिए बहुपक्षीय संस्थान और बहुपद को पुनर्जीवित करने पर केंद्रित है। चूंकि इस जी20 शिखर सम्मेलन प्लेटफार्म में भारतीय नेतृत्व ने अपनें कुछलनेतृत्व की शॉप छोड़ी है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, जी-20 मंच पर भारत को वैश्विक नेता के रूप में देखकर हर नागरिक गौरववित होकर खुशी से गदगद हुआ है।

साथियों बात अगर हम जी20 के 9-10 सितंबर 2023 के दिन की उपलब्धियों की करें तो, 09 सितंबर को जब जी20 शिखर सम्मेलन की शुरुआत हुई तो सुबह साढ़े दस से दोपहर डेढ़ बजे तक पहला सत्र वन अर्थ पर आयोजित किया गया।वहीं वन फैमिली पर दूसरा सत्र दोपहर 3 बजे से 4.45 बजे तक चला। शाम 7 बजे डिनर पर सभी राष्ट्राध्यक्ष मुलाक़ात किए। जहां इनके बीच रात 8 बजे से 9.15 बजे तक बातचीत हुई।रविवार याने जी20 सम्मेलन के आखिरी दिन वन फ्यूचर पर तीसरा सत्र सुबह 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक आयोजित हुआ। इस सत्र के बाद जी20 शिखर सम्मेलन समाप्त हो गया। बता दें 08 सितंबर यानें शुक्रवार को अमेरिका, बांग्लादेश और मॉरीशस के साथ द्विपक्षीय वार्ता हुई। 09 सितंबर यानें शनिवार को ब्रिटेन, जापान, जर्मनी, इटली सेद्विपक्षीय वार्ता हुई।वहीं 10 सितंबर यानी रविवार को कनाडा, तुर्किए, यूएई और दक्षिण कोरिया से द्विपक्षीय वार्ता हुई। वहीं इस सम्मेलन में शामिल हो रहे सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस सोमवार यानें 11 सितंबर को पीएम के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।

साथियों बात अगर हम नई दिल्ली जी20 लीडर्सडिक्लेरेशन परआम सहमति की करें तो, जी20 घोषणापत्र के 37 पन्नों में चार बार यूक्रेन का जिक्र हुआ है। रूस और यूक्रेन में जारी युद्ध के बीच ये बात विशेष तौर पर ध्यान देने वाली है. घोषणापत्र में यूक्रेन में व्यापक, न्यायसंगत और स्थायी शांति% का आह्वान किया गया है। पीएम ने खुद इस बात की जानकारी दी कि, नई दिल्ली जी20 लीडर्स घोषणा पत्र पर सभी देशों की सहमति बन गई है। जिसका विषय यह है।(1) मजबूत टिकाऊ, संतुलित और समावेशी विकास (2) एसडीजी पर प्रगति में तेजी लाना (3) सतत भविष्य के लिए हरित विकास समझौता (4) 21वीं सदी के लिए बहुपक्षीय संस्थान (5) तकनीकी परिवर्तन और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा (6) इंटरनेशनल टैक्सेशन (7) लैंगिक समानता और सभी महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाना (8) वित्तीय क्षेत्र के मुद्दे (9) आतंकवाद और मनी लॉन्ड्रिंग का मुकाबला करना (10) अधिक समावेशी विश्व का निर्माण।मजबूत टिकाऊ, संतुलित और समावेशी विकास, व्यापक संकटों ने दीर्घकालिक विकास के लिए चुनौतियां खड़ी कर दी हैं।असमान पुनर्प्राप्ति का सामना करते हुए और दीर्घकालिक विकास को बढ़ावा देने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए हम अच्छी तरह से कैलिब्रेटेड व्यापक आर्थिक और संरचनात्मक नीतियों को लागू करेंगे. हम समान विकास को बढ़ावा देने और व्यापक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता को बढ़ाकर कमजोर लोगों की रक्षा करेंगे. इस तरह केदृष्टिकोण से संकट को हल करने और मजबूत, टिकाऊ, संतुलित और समावेशी विकास को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। वैश्विक आर्थिक वृद्धि अपने दीर्घकालिक औसत से नीचे है और असमान बनी हुई है. वैश्विक वित्तीय स्थितियों मेंउल्लेखनीय सख्ती की जाएगी, जो कि ऋण कमजोरियों, बढ़ती महंगाई और जियोइकॉनोमिक टेंशन को और खराब कर सकता है। इसलिए, हम विकास को बढ़ावा देने, असमानताओं को कम करने और व्यापक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता बनाए रखने के लिए अच्छी तरह से कैलिब्रेटेड मौद्रिक राजकोषीय वित्तीय और संरचनात्मक नीतियों की आवश्यकता को दोहराते हैं. हम नीति सहयोग को बढ़ाना जारी रखेंगे और सतत विकास के लिए 2030 एजेंडा की दिशा में प्रगति का समर्थन करेंगे।

साथियों बात अगर हम अफ्रीकन यूनियन के जी-20 में शामिल होने की करें तो, 55 सदस्य देशों का संगठन अफ्रीकी संघ को औपचारिक रूप से जी20 में शामिल हो गया। पीएम ने समूह में अफ्रीकी संघ के प्रवेश का प्रस्ताव रखा और अन्य नेताओं ने इस पर सहमति व्यक्त की। पीएम ने अफ्रीकन यूनियन के अध्यक्ष को जी20 नेताओं की मेज पर एक सदस्य के रूपमें अपना स्थान लेनेके लिए आमंत्रित किया और उन्हें गले लगाकर जी20 में उनका स्वागत किया। दरअसल, अफ्रीकी महाद्वीप 55 देशों का ग्रुप है। ये दुनिया की कुल जैव विविधता के एक बड़े हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। 21वीं सदी में जलवायु परिवर्तन कीचुनौतियों का सामना करने में दुनिया को जिन चीजों की जरूरत पड़ेगी, उसकी पूर्ति के हर साधन अफ्रीकन यूनियन (एयू) के पास मौजूद है।अफ्रीकी महाद्वीप में विश्व की 60 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा को बनाने में लगने वाला कच्चा माल मौजूद है. उसके पास 30 प्रतिशत से अधिक खनिज हैं, जो नवीकरणीय और निम्नकार्बन प्रौद्योगिकियों के लिए महत्वपूर्ण हैं।अगस्त में जारी अफ्रीका के आर्थिक विकास पर संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार, कांगो में दुनिया का लगभग आधा कोबाल्ट है, जो लिथियम-आयन बैटरी के लिए बहुत जरूरी धातु है. ऐसे में अफ्रीकी यूनियन का मुख्य धारा से जुड़ना दुनिया और खुद अफ्रीका के लिए काफी अहम होगा। अफ्रीकन यूनियन के जी20 का हिस्सा बनने के बाद 80 से 85 फीसद इकोनॉमी जी20 के झंडे तले आ जाएगी। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने सक्रिय रूप से अफ्रीकी देशों की आवाज दुनिया के तमाम मंचों पर उठाया है।

## शार्ट न्यूज

### अखिलेश ने गोविंद वल्लभ पंत को किया नमन

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भारतरत्न पं गोविन्द बल्लभ पंत जी की 136वीं जयंती पर उन्हें याद करते हुए नमन किया। यादव ने कहा कि पं गोविन्द बल्लभ पंत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री थे। मुख्यमंत्री के रूप में उनकी सेवाओं को हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने किसानों, नौजवानों और समाज के कमजोर वर्गों के हित और विकास के लिए कई योजनाएं लागू की। यादव ने कहा कि पंत जी का पूरा जीवन देश सेवा के लिए समर्पित रहा। वे प्रखर वक्ता, प्रभावशाली राजनेता तथा कुशल प्रशासक थे। उन्होंने केन्द्र सरकार में गृहमंत्री के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया। उन्होंने अपनी दृढ़ता से समस्याओं का समाधान किया था। देश सेवा के लिए उन्हें भारतरत्न से सम्मानित किया गया।

### लगातार बारिश से जन जीवन प्रभावित

फिरोजाबाद । उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले में शुक्रवार शाम से शुरू हुई बारिश रविवार को भी जारी रहने से जन जीवन प्रभावित रहा। जहां एक ओर जलभराव की समस्या से आम लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है वहीं खेतों में पानी भर जाने से किसानो की फसल को नुक्सान पहुंचा है। बरावर हो रही बारिश से आम आदमी की दिक्कतें बढती जा रही है। निचले इलाकों में पानी भरने के साथ ही फिरोजाबाद शिकोहाबाद के बाजार क्षेत्र में जलभराव की समस्या से दुकानदार प्रभावित रहे। लगातार बारिश से ग्रामीण क्षेत्रों में मकानों की दिवारे गिरने की भी खबर है। वहीं खेतों में पानी भर जाने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींची हुई है। खासतौर से मिर्च के खेतों में अभी ताजा फसल की रोपाई की गई है वह सब खराब हो गई है। किसानों द्वारा खेतों में भरे हुए पानी को निकालने का प्रयास किया जा रहा है। जिले के नारखी ब्लॉक में शिमला मिर्च की खेती बहुतायत में होती है।
सं सोनिया

### भदोही से गायब हुए बच्चे मिले वाराणसी में

भदोही। उत्तर प्रदेश के भदोही जिले से गायब तीन बच्चे रविवार को वाराणसी जनपद के रोहनियां से बरामद किये गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गोपीगंज थाना क्षेत्र के झम्मनपुर गांव से गायब हुए बच्चे आशीष, सलमान व मुमताज वाराणसी जिले के रोहनियां मे मिले। सोशल मीडिया से मिली जानकारी पर रोहनियां पहुंची पुलिस बच्चों को गोपीगंज ले आई। बताया जाता है कि पिछले तीन दिन पहले झम्मनपुर गांव नट बस्ती के तीन मासूम बच्चे गांव के समीप स्थित ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन पर आ गये थे। तीनो बच्चे वाराणसी की ओर जाने वाली किसी ट्रेन में बैठ कर रोहनिया पहुंच गए। बच्चे रेलवे स्टेशन पर उतरकर सड़क पर पहुंच गए। सड़क पर लावारिस दशा में टहल रहे बच्चो पर रोहनिया प्रभारी निरीक्षक की नजर पड़ी तो उन्हें थाने लाया गया। जहां सोशल मीडिया पर उनकी फोटो शेयर कर उनसे नाम पता पूछा गया तो उन्होंने अपना नाम आशीष, सलमान व मुमताज तथा पिता का नाम योगेंदर नट ग्राम दल्लूपुर गोपीगंज हनुमान मंदिर के पास बताया।

### आकाशीय बिजली गिरने से 02लोगों की मौत

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में आकाशीय बिजली के गिरने से दो लोगों की मृत्यु हो गयी है। कुन्डा के हथिगवां थाना क्षेत्र के रम्भा का पुरवा समस का पुरवा गांव के निवासी हीरा लाल पाल (50) कल शनिवार की शाम अपने खेत मे करेला तोड़ रहा था। बरसात के साथ हीरा लाल पाल आकाशीय बिजली की चपेट में आकर बेहोश हो गया । सूचना मिलने पर परिजन उसे सीएचसी कुन्डा ले गये जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया । दूसरी घटना में थाना क्षेत्र फ़तनपुर के कोठार गांव के निवासी दिनेश कुमार पाल (22) के साथ हुई। दिनेश कुमार पाल कल शाम घर पास ही खेत मे मवेशी चराने गया था , बिजली गिरने से वह अचेत हो गया । सूचना मिलने पर परिजन उसे सीएचसी गौरा ले गये जहाँ पर उसे मृत घोषित कर दिया गया । पुलिस के अनुसार शवों को पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेजा गया है ।

### टीचर के टॉर्चर से परेशान छात्र ने दी जान

**लखनऊ।** लखनऊ में एक 24 साल के छात्र ने घर में फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। परिजनों का आरोप है कि कॉलेज के टीचर वाइवा और अतिरिक्त फाइल बनाने का दबाव बना रहे थे। इसकी वजह से बेटे ने यह कदम उठाया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के हुसैनाबाद शिवपुरी इलाके का है। शिवपुरी इलाके में मो. जफर इकबाल के बेटे शाहरुख (24) का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। घर का गेट काटकर शव को बाहर निकाला गया। शाहरुख काकोरी स्थित राम प्रसाद बिस्मिल कॉलेज में क्ज्ञष्ट फाइनल ईयर की पढ़ाई कर रहा था। घरवालों का आरोप है कि पिछले कई महीने से कॉलेज के टीचर गौतम चंद्र प्रजापति बेटे पर वाइवा और अतिरिक्त फाइल बनाने का दबाव डाल रहे थे। इसके चलते बेटा सदमे में चल रहा था। वह गुमसुम रहता था। वह अकेले में रहना पसंद करता था। हालांकि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। वहीं, कॉलेज मैनेजमेंट से जुड़े इरफान ने बताया कि कॉलेज में शिक्षक गौतम चंद्र प्रजापति को लेकर पहले किसी भी छात्र की तरफ से कोई शिकायत नहीं की गई है।

### बंद बोरे में मिला बसपा नेता का शव

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर में बसपा नेता हाजी बाबू की उनके साथियों ने गला दबाकर हत्या कर दी। वह बीते शुक्रवार को कालिंदी कुंज इलाके से लापता हो गए थे द्य 24 घंटे बाद शनिवार को उनका शव उसमापुर स्थित रजवाहे में एक बोरे में बंद मिला है। शव मिलने की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। जांच-पड़ताल के बाद शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आरोपी पल्लेदार और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया। दोनों ने हत्या की बात कबूल कर ली है। दोनों ने अपने घर में बसपा नेता को कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर बेहोश किया। इसके बाद उनकी चुनरी से गला घोटकर हत्या कर दी। रविवार दोपहर पुलिस लाइन में एसपी सुरेन्द्रनाथ तिवारी ने घटना का खुलासा कर दिया है। आरोपी पल्लेदार रविन्द्र उर्फ गोलू पुत्र बांके लाल जिले के खुर्जा थाना क्षेत्र के ग्राम किला मेवई का रहने वाला है। वहीं उसका साथी रामऔतार पुत्र विनय सिंह थाना खुर्जा के ग्राम उस्मापुर निवासी है। पुलिस ने दोनों को जिले के कैलाश कट तिराहे खुर्जा से गिरफ्तार किया है। आरोपी रविंद्र ने पुलिस से बताया कि हाजी बाबू की आढ़त पर अलमारी में हर समय 30-35 लाख रुपए नकदी रखी रहती थी। सारा लेन-देन नकद होता था। वह ये रुपए चुराना चाहता था। अलमारी की चाबी हर समय हाजी बाबू के पास रहती थी। उसने अपनी साथी रामऔतार के साथ रुपए चोरी करने की योजना बनाई।

### गोरखपुर से चलने वाली 76 ट्रेनें हुई ठप

गोरखपुर। गोरखपुर कैण्ट स्टेशन पर यार्ड रिमाडलिंग और गोरखपुर कैण्ट-कुसम्ही थर्ड रेल लाइन के कमीशनिंग में ब्लाक की वजह से 76 ट्रेनों को 6 सितंबर से 11 सितंबर तक कैंसिल कर दिया गया है। वहीं नई दिल्ली में जी-20 समिट के मद्देनजर देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाली ट्रेनों को कैंसिल कर दिया गया है। इसमें गोरखपुर और बिहार रूट की ट्रेनें भी शामिल हैं। ऐसे में यात्रियों की परेशानी काफी बढ़ गई है। ट्रेनों के बाद बसों की सीमित संख्या भी यात्रियों का बोझ उठाने में अपर्याप्त है। आर्थिक दृष्टिकोण से सबसे व्यस्त रूट माने जाने वाले गोरखपुर- लखनऊ- दिल्ली रूट पर ट्रेनों के अचानक कैंसिल हो जाने से लोगों का काम प्रभावित हो रहा है। जो ट्रेनें चल भी रही हैं वो आनंद विहार में ही टर्मिनेट हो जा रही हैं। ऐसे में दिल्ली लोगों की पहुंच से काफी दूर हो गई है। और बसों की सीमित संख्या यात्रियों का भार उठाने में सक्षम नहीं है। लोग रेलवे स्टेशन और बस अड्डों के टिकट काउंटर तक पहुंचने के बाद निराश हो रहे हैं। गोरखपुर के ज्यादातर स्टूडेंट दिल्ली और लखनऊ में रहकर तैयारी करते हैं। जबकि जॉब और अन्य सिलसिले में भी दिल्ली का रुख करना ही पड़ता है। ऐसे में ट्रेनों के कैंसिल होने के चलते स्टूडेंट्स और नौकरी पेशा लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई है। वहीं बसों में भी जगह नहीं मिल पर रही है। कई सारे स्टूडेंट इसी चक्कर में इंटरव्यू देने से चूक गए।

# आज प्रदेश भर के परिषदीय स्कूलों में आयोजित होगी निपुण आंकलन परीक्षा

### बच्चों के लर्निंग आउटकम को परखने के लिए 11 से 16 सितंबर तक योगी सरकार ने आयोजित की परीक्षा

**लखनऊ।** निपुण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए योगी सरकार सोमवार से निपुण आंकलन परीक्षा का आयोजन करने जा रही है। 11 से 16 सितम्बर 2023 तक चलने वाली इस परीक्षा के माध्यम से कक्षा 1-5 तक के बच्चों का भाषा एवं गणित विषयों का तथा कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों का गणित एवं विज्ञान विषयों का आंकलन किया जाएगा। खास बात ये है कि परीक्षा 'सरल एप' के माध्यम से ली जाएगी और पहली बार बच्चे ओएमआर शीट पर सवालों के जवाब देंगे। निपुण एसेसमेंट टेस्ट का पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण आयोजन कराने के लिए सभी जनपदों के बीएसए व डायट प्राचार्यों को निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही शिक्षकों द्वारा सामुदायिक सहभागिता, होम विजिट के माध्यम से छात्रों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने के




लिए भी कहा गया है।

#### उपलब्ध कराया जाएगा रिपोर्ट कार्ड

एक ओएमआर शीट द्वारा एक छात्र का डाटा शिक्षक द्वारा आंकलन पूर्ण होने के बाद सरल एप के जरिए स्कैन किया जाएगा। ओएमआर शीट को केवल ब्लैक बॉल पेन से ही भरा जाएगा। इसके लिए कक्षा 4 से 8 के बच्चों को कम्पोजिट ग्राण्ट से अधिकतम 5 रुपए प्रति पेन क्रय करते हुए बच्चों को उपलब्ध कराया जाएगा ।परीक्षा के बाद प्रश्नपत्रों के मूल्यांकन के बाद सभी बच्चों को उनके रिपोर्ट कार्ड उपलब्ध कराए जाएंगे।

#### फ्लाइंग स्क्वाड और कंट्रोल रूम करेंगे मॉनिटरिंग

नकलविहीन व पारदर्शी आकलन के लिए विकास खण्डवार फ्लाइंग स्क्वाड का गठन एवं क्रॉस इनविजिलेशन के लिए जनपद स्तरीय अधिकारियों (बेसिक शिक्षा एवं अन्य विभाग) को मॉनिटरिंग के लिए निर्देशित किया गया है। जिला परियोजना कार्यालयों में परीक्षा से सम्बंधित कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है।

#### जारी किए गए निर्देश

- परीक्षा का समय अधिकतम 1 घंटा 30 मिनट का होगा। परीक्षा के बाद शिक्षकों द्वारा 01 घंटे के अंदर स्कैनिंग की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। बच्चों की संख्या के अनुसार यह समयावधि निर्धारित की जा सकती है।
- परीक्षा में कक्षा 1 से 3 तक एक ओएमआर शीट पर 08 बच्चों का आंकलन किया जा सकेगा। वहीं कक्षा 4 से 8 में प्रत्येक बच्चे के लिए एक-एक ओएमआर शीट प्रयोग में लाई जाएगी।
- कक्षा 1 से 3 के बच्चों की ओएमआर शीट पर शिक्षकों द्वारा स्टूडेंट आईडी नम्बर भरा जाएगा। शिक्षक सभी बच्चों से प्रश्नपत्र में उल्लिखित प्रश्नों को एक-एक पूछेंगे तथा उनके उत्तर के अनुसार ओएमआर शीट भरेंगे।
- वहीं कक्षा 4 से 8 के सभी बच्चों को प्रश्नपत्र व ओएमआर शीट वितरित करने के बाद प्रश्नपत्र एवं ओएमआर शीट भरने के तरीके के बारे में उदाहरण सहित समझाया जाएगा।

## केशव प्रसाद मौर्य ने बहराइच में कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक



**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच शहर में स्थित भाजपा कार्यालय में रविवार को प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।
प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रविवार को हेलीकाप्टर द्वारा पुलिस लाइन पहुंचे। इसके बाद वह भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पहुंचकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की ।बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष श्यामकरन टेकड़ीवाल ने की। इस मौके पर विशिष्ठ अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री पिछडा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांग सशक्तिकरण नरेंद्र कश्यप उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य अतिथि ने कहा कि आज समय आ गया है, जब आप कार्यकर्ताओं के बल पर भाजपा 2024 में केंद्र में तीसरी बार सरकार बनाने जा रही हैं। भाजपा उत्तर प्रदेश में 80 में से 80 सीट जीतने जा रही है और हम और आप मिलकर भारत को 100 वर्ष आगे ले जाने वाले हैं।
उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत जैसा देश जी-20 समिट जैसा कार्यक्रम कर ही नहीं रहा बल्कि इसकी अध्यक्षता कर रहा है। हमने जो राम जन्मभूमि पर रामलला को विराजित करने का स्वप्न सजाया था, वह 22 जनवरी को साकार होने जा रहा है। केशव प्रसाद ने कहा कि संसद के विशेष सत्र में वन नेशन वन इलेक्शन जो अटल का एक सपना था, वह साकार होने जा रहा है।

### गाजीपुर : युवक का शव बरामद

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश में गाजीपुर जनपद के बडेसर थाना क्षेत्र में एक महिला के घर में रविवार की सुबह उसके बिस्तर पर एक युवक का लहूलुहान शव पाया गया। रविवार सुबह युवक का शव प्रेमिका के कमरे में बेड पर मिला। पुलिस ने हत्यारोपी महिला केसरी देवी पत्नी अरविंद राम को हिरासत में लिया है। केसरी देवी मनोरथपुर गांव में सफाईकर्मी है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि आरोपी महिला का कहना है कि मृतक युवक (प्रेमी) मुझे परेशान करता था। गुस्से में आकर उसकी जान ले ली। गौरतलब हो कि बड़ेसर थाना क्षेत्र के मनोरथपुर निवासी मनीष कुमार सिंह (26) बिहार में प्राइवेट नौकरी करता था। उसका पास के ही एक गांव निवासी 35 वर्षीय महिला के घर आना-जाना था। वह दो बच्चों की मां है। महिला का पति मध्य प्रदेश पुलिस में सिपाही है। युवक द्वारा महिला को परेशान करने के संदर्भ में पूर्व में पंचायत भी हो चुकी है। रविवार रात महिला के दोनों बच्चे उसी गांव स्थित पुराने घर पर अपने दादा के पास सोने गए थे। महिला अपने घर में अकेली थी। देर रात किसी समय मनीष भी पहुंचा। सुबह उसका लहूलुहान शव महिला के बेड पर मिला। पेट और चेहरे धारदार चाकू से वार किया गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में लिया। उससे पूछताछ जारी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि महिला से पूछताछ जारी है। उसका कहना है आरोपी उसके घर आता-जाता था। पूर्व में थाने में पंचायत भी हो चुकी है लेकिन वह उसे परेशान करता था। इसी से आजिज आकर उसने घटना को अंजाम दिया है। मौके से आला कत्ल चाकू भी बरामद कर लिया गया है। एसपी ने बताया कि मृतक के परिजनों के तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### वृद्ध का शव बरामद

भदोही। उत्तर प्रदेश के भदोही जिले की शहर कोतवाली क्षेत्र के कुएं में रविवार की सुबह वृद्ध का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि जनपद के ज्ञानपुर थाना क्षेत्र के जय सिंहपुर गांव निवासी नंदलाल मौर्य (57) इधर कई महीनो से मानसिक रूप से बीमार चल रहे थे। बताया जाता है कि 8 सितंबर की सुबह वह अचानक घर से गायब हो गए। वृद्ध के गायब होने पर परिजनों ने आसपास व अन्य सभी संभावित क्षेत्र तथा रिश्तेदारियों में खोजबीन की, लेकिन उनका कहीं पता नहीं लगा। थक हारकर उसके बेटे प्रदीप कुमार मौर्य ने ज्ञानपुर कोतवाली में शनिवार को गुमशुदी की रिपोर्ट दर्ज कराई। बताया जाता है कि रविवार की सुबह भदोही कोतवाली क्षेत्र के मोढ़ पुलिस चौकी क्षेत्र स्थित जमुनीपुर अठगवां (मेलाबाड़ी) के एक कुएं से दुर्गंध निकल रही थी।

## हार के बावजूद राजभर के बड़े दावे

बलिया। घोसी उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी की हार के बाद भी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने रविवार को दारा सिंह चौहान के साथ खुद भी मंत्री बनने का दावा किया ।
जिले के मीरन गंज स्थित अपने केंद्रीय कार्यालय पर रविवार की सुबह संवाददाताओं से बातचीत में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने घोसी उपचुनाव में हार के बाद दारा सिंह चौहान एवं राजभर के मंत्री ना बन पाने के सवाल के जवाब में सवाल दागते हुए पूछा वे क्यों नहीं बन पाएंगे, क्या विपक्ष के लोग एनडीए के मालिक हैं ? क्या एनडीए में विपक्ष की मर्जी चलेगी ? यहां हम लोग की मर्जी चलेगी ।
उन्होंने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व जेपी नड्डा एनडीए के मालिक हैं, विपक्ष के लोग



नहीं । मंत्री बनने के सवाल पर उन्होंने कहा कि धैर्य रखिए, मैं आपके माध्यम से उनसे (विपक्ष से) भी कह रहा हूं कि दिल थाम के बैठो कहीं कलेजा न फट जाए, हार्ट अटैक न आ जाए । मंत्री बनने के सवाल पर उन्होंने दावा किया कि वे बिल्कुल मंत्री बनेंगे, क्यों नहीं बनेंगे ?
वहीं घोसी उपचुनाव में हार के कारण के सवाल पर उन्होंने कहा कि घोसी में एनडीए के प्रत्याशी दारा सिंह चौहान की हार का पहला कारण बहुजन समाज पार्टी का उपचुनाव के मैदान में न उतरना था ? । वहीं दूसरी वजह बताते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के लोग जगह-जगह पैसे बांट रहे थे, हमने कई बार शिकायत की तो पच्चीसों लोग थाने में भी बैठाए गए और गाड़ियां भी पकड़ी गई ये देखने को मिला तो दूसरा कारण यह था ।
उन्होंने कहा कि हार का तीसरा कारण प्रत्याशी का रिएक्शन था जिसके कारण प्रत्याशी के रिएक्शन में बड़ी संख्या में वोट तितर - बितर हुआ है । उन्होंने दावा किया कि अगर एनडीए का प्रत्याशी कोई स्थानीय होता तो चुनाव का परिणाम कुछ और होता । उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जिन लोगों ने मध्य प्रदेश में कांग्रेस छोड़कर बीजेपी ज्वाइन की और चुनाव मैदान में गए तो उसमें से सात - आठ जीते हुए लोग चुनाव हार गए ।

## सोनभद्र : पुलिस मुठभेड़ में तीन पशु तस्कर गिरफ्तार, दो तंमचा व खोखा बरामद

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में चोपन थाना क्षेत्र के चोरपनीया जंगल में पुलिस टीम और पशु तस्करों के बीच हुई मुठभेड में दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया है।
इस मुठभेड़ में पुलिस की तरफ से जवाबी फायरिंग किया गया जिससे दो पशु तस्कर पैर में गोली लगने से घायल हो गये। पुलिस ने मौके से पशु तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है जो झारखंड राज्य के गढ़वा जिला निवासी हैं।
अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने बताया कि शनिवार की सुबह चोरपनीया के जंगल से एक पशु तस्कर को गिरफ्तार कर 20 गोवंश बरामद किये गये थे। गिरफ्तारी के समय सात पशु तस्कर मौके से फरार हो गये थे जिनके गिरफ्तारी के लिए चोपन थाना, हाथीनाला थाना व स्पेशल टीम को लगाया गया था। रात्रि 11 बजे पुलिस टीम को सूचना मिली कि कुछ पशु



तस्कर वाराणसी शक्तिनगर राज्य मार्ग पर जवारीडाड़ व पाल ढाबा के बीच में चोरपनिया के जंगल में रुके हुए हैं। पुलिस टीम फोरन मौके पर पहुंच कर घेराबंदी करने लगी तभी पशु तस्करों ने दो फायर कर दिया। इधर पुलिस टीम ने भी जवाबी फायर कर दिया जिससे दो तस्कर पैर में गोली लगने से घायल हो गये। पुलिस ने मौके से तीन पशु तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से दो देशी तमंचा 315 बोर, दो खोखा कारतूस 315 बोर, एक जिंदा कारतूस 315 बोर, एक मिस कारतूस 315 बोर, तीन मोबाइल फोन नगद 5120/- रूपये और एक बोलेरो वाहन बरामद किया गया है।
अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया की गिरफ्तार तिनो तस्कर युनुस अंसारी, शरीफ अंसारी और मिथुन कुमार झारखंड राज्य के गढ़वा जिला के मेराल थाना क्षेत्र के निवासी हैं। गिरफ्तार युनुस अंसारी व शरीफ अंसारी पर पुर्व में झारखंड राज्य व सोनभद में पांच पांच आपराधिक मुकदमे दर्ज है।

### हमीरपुर : पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर की पति की हत्या

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के कुरारा क्षेत्र में पुलिस ने एक व्यक्ति का शव रविवार को बरामद किया। पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के कुरारा कस्वा निवासी कामता कोरी(35) की हत्या कर दी गयी है। वह अपने निजी ट्रैक्टर से व्यवसाय कर जीवन यापन करता था। ट्रैक्टर चलाने के लिए उसने कस्बे के ही बीरेंद्र कोरी को रख लिया था। उसी समय कामता कोरी की पत्नी अंजू व बीरेंद्र कोरी के अवैध संबंध हो गये, इसी बात को लेकर कामता व उसकी पत्नी से रोजाना विवाद होता रहता था। पत्नी व ट्रैक्टर चालक ने कामता को बीच से हटाने का फैसला किया और कल देर रात दोनों ने मिलकर सोते वक्त धारदार हथियार से हत्या कर दी। उसी ट्रैक्टर से लाश को कुरारा कस्बे में फेंक दिया, पुलिस को जानकारी होने के बाद सीसीटीवी कैमरे की जांच मे खुलासा किया।

## बदमाशों ने धारदार हथियार से की युवक की हत्या

महोबा। उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के पनवाड़ी क्षेत्र में रविवार को अज्ञात बदमाशों ने एक युवक की धारदार हथियार से काटकर हत्या कर दी, इस घटना से इलाके में हडकंप मचा है।
पुलिस उप अधीक्षक हर्षिता गंगवार ने बताया कि नकरा गांव में युवक धीरेंद्र राजपूत (22)का रक्तरंजित शव मन्दिर के निकट पड़ा पाया गया। वह सुबह के समय टहलने के लिए घर से निकला था लेकिन काफी देर तक घर नही लौटा।
परिवार के लोग युवक के खेतों की ओर चले जाने का अंदाजा लगा रहे थे। इसी दौरान गांव के बाहर स्थित मंदिर में पूजा.अर्चना के लिए गए श्रद्धालुओ ने वहां खून से लथपथ पड़े। एक शव को देखा तो गांव में इसकी खबर की। बाद में मृतक की शिनाख्त युवक धीरेंद्र के रूप में की गई।
पुलिस उप अधीक्षक ने बताया कि




घटना की सूचना पाकर पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लिया। प्रथम दृष्टया मृतक के सिर में चोट का निशान पाया गया, जिससे काफी मात्रा में खून निकल कर बह चुका था। पुलिस ने युवक की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए शव का पंचनामा भरा है और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। धीरेंद्र की हत्या किए जाने का कारण अभी स्पष्ट नही है।
परिजन इस विषय मे किसी प्रकार की जानकारी नही दे पा रहे है। मृतक विद्यार्थी था और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू की है।

## दलित छात्र को 2 घंटे धूप में खड़ा किया, मौत

**जौनपुर।** जौनपुर से बड़ी खबर है। यहां धूप में खड़ा करने पर 10वीं के दलित छात्र की स्कूल के गेट पर मौत हो गई। बताया जा रहा है कि छात्र को बुखार आ रहा था और वो प्रिंसिपल से जल्दी घर जाने के लिए परमिशन मांगने गया था। लेकिन प्रिंसिपल ने उसको क्लास के बाहर धूप में खड़ा कर दिया। छात्र करीब 2 घंटे तक बाहर खड़ा रहा।
छुट्टी होने पर छात्र साइकिल से घर जाने के लिए निकला, तभी स्कूल गेट पर चक्कर आने से गिर गया। मामले की जानकारी स्कूल प्रबंधन ने परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे घरवाले और टीचर बच्चे को अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नाराज परिजनों ने शव सड़क पर रखकर हंगामा किया।
परिजनों ने प्रिंसिपल और स्कूल प्रबंधक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। यह पूरा मामला जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र का है। घटना शनिवार की है।
सेमरहू गांव का का रहने वाला आयुष सरोज (16) बंधवा बाजार स्थित कंचन बालिका इंटर कॉलेज में 10वीं में पढ़ता था। परिवार वालों के मुताबिक आयुष को करीब 1 हफ्ते से बुखार आ रहा था। उसने फोन पर स्कूल में बुखार आने की जानकारी दी थी, लेकिन उसको स्कूल बुलाया गया। जब स्कूल से उसने जल्दी घर जाने की इजाजत मांगी तो उसको मना कर दिया। हमारे बेटे की मौत का कारण स्कूल प्रबंधक और प्रधानाचार्य है। इन दोनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।
आयुष के साथ पढ़ने वाले एक छात्र ने बताया, आयुष जब स्कूल आया तो उसको तेज बुखार था। वो ठीक से बैठ भी नहीं पा रहा था।

### बहराइच : आदमखोर बाघ ने किया महिला पर हमला, हुई मौत

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में भारतीय सीमा से सटे नेपाल राष्ट्र के बर्दिया जिला अंतर्गत ओराली बाजार के निकट लकड़ी बीन रही एक महिला पर आदमखोर बाघ ने हमला कर दिया। रविवार को महिला के अस्थि पंजर झांसी से बरामद किये गये। इस घटना से लोगों में वन विभाग के प्रति काफी आक्रोश है, उनकी मांग है कि जंगली जानवरों से सुरक्षा के पुख्ता उपाय किए जाएं। भारतीय सीमा में स्थित कतर्नियाघाट संरक्षित वन क्षेत्र की सीमा नेपाल से सटी हुई है। उस पार नेपाल के बर्दिया जिले का परिक्षेत्र है। नेपाल के रॉयल बर्दिया नेशनल पार्क की सीमा भारत से सटी हुई है। नेपाल के जिला बर्दिया अंतर्गत नगर पालिका मधुबन वार्ड नम्बर 3 भगरिया की निवासी कालीबंसी मगर (52) घर से लकड़िया बीनने निकली थी, वह ओराली बाजार के निकट लकड़ियां बीन रही थी तभी उस पर बाघ ने हमला कर दिया।

## बेटे के सामने शादीशुदा प्रेमिका की हत्या

### घर में घुसकर की वारदात, बचाने आए 10 साल के बेटे पर भी किया जानलेवा हमला

**उन्नाव।** उन्नाव में रविवार सुबह एक प्रेमी ने शादीशुदा प्रेमिका की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। मां की चीख सुनकर बचाने आए 10 साल के बेटे पर भी जानलेवा हमला किया। तभी आस-पास के लोग आए गए। उन्होंने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के कस्बा मोहल्ला बाकरगंज की है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी का महिला से अफेयर था। वह पहले भी उसे लेकर भाग गया था। कुछ समय पहले महिला लौट आई थी और अपने पति के साथ रहने लगी थी। आरोपी महिला पर दोबारा साथ रहने का दबाव बना रहा था। लेकिन, महिला ने साथ रहने से इनकार कर दिया।
इस बात से भड़का आरोपी अनिल तड़के साढ़े 5 बजे मौका पाकर घर में घुस गया। वहां आंगन में चारपाई पर सो रही राम सिंह की पत्नी रिंकी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। आरोपी ने इतना तेज हमला किया कि मौके पर



ही महिला की मौत हो गई। वारदात के वक्त राम सिंह छत पर सो रहे थे।

#### हत्यारोपी को छोड़कर पति के पास आ गई थी महिला

मृतका के पति राम सिंह ने बताया,मेरी पत्नी रिंकी (42) को अनिल बहला फुसलाकर 2 साल पहले अपने साथ लेकर चला गया था। एक महीने पहले ही रिंकी बेटे तरुण के साथ वापस आ गई थी। तब से वह मेरे साथ रह रही थी। अनिल रिंकी पर साथ रहने का दबाव बना रहा था और वह अनिल के साथ जाने से इनकार कर रही थी। जिससे अनिल आए दिन उसे परेशान कर रहा था।

#### दो साल पत्नी को लेकर कहां रहा, नहीं पता

पति ने बताया कि हमारे 3 बच्चों में बड़ी बेटी अंशी (22) का विवाह हो गया है। बेटा तनुज (18) मुंबई में रहकर नौकरी करता है। 10 साल का तरुण मां रिंकी के साथ रह रहा था। जब रिंकी अनिल के साथ गई थी तब तरुण को भी साथ ले गई थी। 2 साल वो मेरी पत्नी और बच्चे तरुण को लेकर कहां रहा, ये हमें नहीं पता। पिछले महीने पत्नी अचानक बेटे को लेकर घर आ गई थी।

## शार्ट न्यूज

### विदेशी मुद्रा भंडार 4.04 अरब डॉलर बढ़कर 598.9 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 01 सितंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.04 अरब डॉलर बढ़कर 598.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह तीन करोड़ डॉलर कम होकर 594.9 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 01 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.44 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 530.7 अरब डॉलर पर पहुंच गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 58.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 44.9 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 10 लाख डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.2 करोड़ डॉलर की बढ़त के साथ 5.1 अरब डॉलर हो गई।

### स्ट्राइडर ने भारत की पहली मैग्नीशियम साइकिल लॉन्च की

टाटा इंटरनेशनल की सब्सिडियरी कंपनी स्ट्राइडर साइकिल्स ने भारत में साइकिलों की कॉन्टिनो रेंज लॉन्च की है। इसमें कॉन्टिनो गैलेक्टिक 27.5T को पेश किया गया है। कंपनी का दावा है कि ये भारत की पहली मैग्नीशियम फ्रेम वाली साइकिल है। कंपनी ने इसकी कीमत 27,896 रुपए रखी है। कॉन्टिनो गैलेक्टिक 27.5T देश भर में स्ट्राइडर साइकिल रीटेल स्टोर्स पर अवेलेबल है और इसे कंपनी की वेबसाइट के साथ ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म अमेजान से भी खरीदा जा सकता है। साइकिल मिलिट्री ग्रीन और ग्रे कलर में अवेलबल है। मैग्नीशियम फ्रेम ट्रेडिशनल एल्यूमीनियम फ्रेम की तुलना में हल्के और मजबूत होते हैं, जो ऑफ-रोडिंग के लिए आईडियल माने जाते हैं। ये वाइब्रेशन को ज्यादा अब्जॉर्ब करता है। इससे राइडिंग आरामदायक बनाने में मदद कर सकता है। कॉन्टिनो गैलेक्टिक 27.5T कई फीचर्स से लैस है। इसमें डुअल डिस्क ब्रेक, स्मूथ गियर शिफ्टिंग के लिए फ्रंट और रियर डिरेलियर, लॉक-इन/लॉक-आउट टेक्नीक के साथ फ्रंट सस्पेंशन फोर्क शामिल हैं। साइकिल की टॉप स्पीड 21kmph है।

### भारत का विदेशी ऋण-सेवा अनुपात 5.3 प्रतिश के संतोषजनक स्तर पर पहुंचा : सीतारमण

भारत का विदेशी ऋण मार्च, 2023 के अंत तक 624.7 अरब अमेरिकी डॉलर था, और इसका ऋण-सेवा अनुपात 5.3 प्रतिशत है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह जानकारी देते हुए कहा कि यह संतोषजनक स्तर पर है और देश के लिहाज से यह मामूली है। इस महीने की शुरुआत में जारी 'भारत का विदेशी ऋण: एक स्थिति रिपोर्ट 2022-23' की प्रस्तावना में सीतारमण ने कहा कि मार्च, 2023 के अंत में सकल घरेलू उत्पाद में विदेशी ऋण का अनुपात एक साल पहले के 20 प्रतिशत से घटकर 18.9 प्रतिशत रह गया है। उन्होंने कहा कि दीर्घकालिक ऋण कुल विदेशी ऋण का 79.4 प्रतिशत है, जबकि अल्पकालिक ऋण कुल विदेशी ऋण का 20.6 प्रतिशत है। अल्पकालिक ऋण का इस्तेमाल मुख्य रूप से आयात के वित्तपोषण के लिए किया जाता है। वित्त मंत्री ने कहा कि पूरे देश के लिहाज से भारत की विदेशी ऋण स्थिति अधिकांश निम्न और मध्यम-आय वाले देशों (एलएमआईसी) की तुलना में बेहतर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022-23 के दौरान ऋण सेवा अनुपात इससे पिछले वर्ष के 5.2 प्रतिशत से मामूली रूप से बढ़कर 5.3 प्रतिशत हो गया है।

### भारत में मिल सकती है क्रिप्टो रेगुलेशन को रफ्तार

जी 20 के दौरान नई दिल्ली घोषणा पत्र पर सहमति जताने के बाद क्रिप्टो एसेट के रेगुलेशन को लेकर भी चर्चा बढ़ गई है। आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव अजय सेठ ने रविवार को संकेत दिया कि क्रिप्टो एसेट पर IMF और FSB की तरफ से सिंथेसिस नोट का नई दिल्ली घोषणापत्र में स्वागत किया गया और इसके बाद ऐसी उम्मीद है कि भारत क्रिप्टो एसेट्स के रेगुलेशन पर व्यापक परामर्श और चर्चा कर सकता है। सेठ ने कहा, 'चूंकि क्रिप्टो-करेंसी पर बहुपक्षीय स्तर पर सहमति है और नेताओं का समर्थन है, इसलिए अब हम इसका अध्ययन करेंगे और उसके अनुसार अपनी पॉलिसी बनाएंगे।' हालांकि, भारत क्रिप्टो परिसंपत्तियों पर वैश्विक सहमति का पालन करेगा जो त्20 से परे है, यानी भारत उन देशों के साथ भी इसपर चर्चा करेगा जो त्20 के सदस्य देश नहीं हैं। एक सरकारी अधिकारी ने कहा, 'अकेले एक देश, चाहे वे कोई भी रास्ता अपनाएं, प्रभावी नहीं होगा। हम जो कुछ भी करते हैं उसका मतलब वैश्विक समुदाय से होता है। अब हमारे सिस्टम में चर्चा होगी और यह आसान नहीं है।' क्रिप्टो पर ड्डस्न्न-स्न्नस्क्रसिंथेसिस पेपर क्रिप्टो एसेट्स के व्यापक आर्थिक जोखिमों को सामने रखते हुए 'एक न्यूनतम आधार रेखा स्थापित करना चाहता है जिसे न्यायक्षेत्रों को पूरा करना चाहिए, और अधिकतम न्यायक्षेत्रों में आम मुद्दों के सेट को संबोधित करना है।'

### भारत जी20 हेल्थ गोल हासिल करने में बन सकता है लीडर

हाल ही में कोविड 19 महामारी से उबरने के बाद, जी20 देशों के नई दिल्ली घोषणा पत्र में भविष्य की महामारी से निपटने के लिए चर्चा की गई और कहा गया कि इसके लिए पहले से ही तैयारियों की जरूरत होगी। घोषणा पत्र में इस बात पर भी जोर दिया गया कि अगले दो से तीन सालों में आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं और हेल्थ सिस्टम को उस स्तर से भी बेहतर बनाने की जरूरत है जो महामारी से पहले थी। विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे समाधानों के लिए न केवल निवेश की बल्कि काफी वैश्विक तालमेल की आवश्यकता होगी और भारत पहले ही वैक्सीन मैन्युफैक्चरिंग, रोगाणुरोधी प्रतिरोध अनुसंधान में अग्रणी भूमिका निभा चुका है। शनिवार को जी 20 नेताओं की संयुक्त घोषणा में कहा गया है कि, 'हम विश्व स्वास्थ्य संगठन के कोर में ग्लोबल हेल्थ आर्किटेक्चर को मजबूत करने और यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज हासिल करने के लिए अधिक लचीला, न्यायसंगत, टिकाऊ और समावेशी स्वास्थ्य प्रणालियों का निर्माण करने के साथ ही वन हेल्थ अप्रोच को लागू करने, महामारी से निपटने के लिए तैयारियों को बढ़ाने और मौजूदा संक्रामक रोग निगरानी प्रणालियों को मजबूत करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं।' इसे हासिल करने के लिए, सदस्य देश प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल और स्वास्थ्य कार्यबल को मजबूत करने और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं और स्वास्थ्य प्रणालियों को अगले 2-3 वर्षों के भीतर, आदर्श रूप से पूर्व-महामारी के स्तर से बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे, साथ ही पोलियो उन्मूलन की दिशा में प्रगति जारी रखेंगे।

# महंगाई और औद्योगिक उत्पादन आंकड़े तय करेंगे बाजार की चाल

मुंबई। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर दमदार लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह करीब दो प्रतिशत तक मजबूत रहे घरेलू शेयर बाजार की चाल अगले सप्ताह वैश्विक रुख के साथ ही अगस्त की थोक एवं खुदरा महंगाई और औद्योगिक उत्पादन आंकड़ों से तय होगी।

बीते सप्ताह बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1211.75 अंक अर्थात 1.9 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 66598.91 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 384.65 अंक यानी दो प्रतिशत उछलकर 19819.95 अंक पर पहुंच गया।

इसी तरह समीक्षाधीन सप्ताह में मझौली और छोटी कंपनियों में हुई जबरदस्त लिवाली से भी बाजार को बल मिला। बीएसई का मिडकैप 1236.38 अंक अर्थात चार प्रतिशत की तूफानी तेजी के साथ सप्ताहांत पर 32672 अंक और स्मॉलकैप 846 अंक यानी 2.3 प्रतिशत की छलांग लगाकर 38266.53 अंक पर रहा।

विश्लेषकों के अनुसार, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और पीएमआई के मजबूत आंकड़ों से उत्साहित होकर पूरे सप्ताह घरेलू सूचकांकों में धीरे-धीरे तेजी देखी गई। इसने घरेलू बाजार के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदर्शित किया। कमजोर संकेतों के कारण वैश्विक बाजार के मिश्रित रुझान के बावजूद घरेलू शेयर बाजार इस मजबूत आर्थिक दृष्टिकोण की बदौलत लचीली बनी रही।

इस बीच कच्चे तेल की कीमतों में उछाल, अगस्त के अमेरिकी बेरोजगारी दावों के आंकड़ों, चीन में सेवा क्षेत्र की पीएमआई और व्यापार के कमजोर आंकड़ों तथा ऑस्ट्रेलिया में हड़ताल के कारण गैस की बढ़ती



कीमतों से वैश्विक चिंताएं बढ़ गई हैं। हालांकि मूल्यांकन अपेक्षाकृत अधिक रहने के बावजूद मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों के प्रति निवेशकों की निवेश धारणा मजबूत रही।

इसके अलावा जबरदस्त ऑर्डर से सप्ताह के दौरान बुनियादी ढांचे और रियल्टी जैसे क्षेत्रों के प्रति निवेशक खासे आकर्षित रहे। अगले सप्ताह अगस्त के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा महंगाई (सीपीआई) और थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई (डब्ल्यूपीआई) तथा औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े जारी होने वाले हैं। अगले सप्ताह बाजार को दिशा देने में इन कारकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। बीते सप्ताह बाजार में पांचों दिन तेजी रही। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में और बढ़ोतरी नहीं करने की उम्मीद से विश्व बाजार में आई तेजी और स्थानीय स्तर पर आर्थिक विकास के मजबूत आंकड़ों की बदौलत हुई चौतरफा लिवाली से सोमवार को सेंसेक्स 240.98 अंक की छलांग लगाकर 65628.14 अंक और निफ्टी 93.50 अंक उछलकर 19528.80 अंक पर पहुंच गया। वैश्विक स्तर के मिश्रित रुख के बीच घरेलू स्तर पर हेल्थकेयर, एनर्जी और रियल्टी सहित अधिकांश समूहों में तेजी बने रहने से मंगलवार को सेंसेक्स 152.12 अंक की बढ़त के साथ 65780.26 अंक और निफ्टी 46.10 अंक की तेजी लेकर 19574.90 अंक पर रहा। वैश्विक स्तर के मिश्रित रुझान के बीच घरेलू स्तर पर एफएमसीजी, दूरसंचार, तेल एवं गैस, सीडी और ऊर्जा जैसे समूहों में हुयी लिवाली के बल पर बुधवार को सेंसेक्स 100 अंक की तेजी के साथ 65880.52 अंक और निफ्टी 36 अंक उठकर 19611.05 अंक पर पहुंच गया।

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बावजूद अमेरिकी बॉन्ड यील्ड एवं कच्चे तेल की कीमतें गिरने से स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत गुरूवार को शेयर बाजार लगातार पांचवे दिन चढ़ता हुआ करीब सवा महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स 385.04 अंक की छलांग लगाकर 66265.56 अंक और निफ्टी 116 अंक उछलकर 19727.05 अंक पर रहा। विश्व बाजार की गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर रियल्टी, पावर, तेल एवं गैस, कैपिटल गुड्स और ऊर्जा समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत शुक्रवार को सेंसेक्स 333.35 अंक की छलांग लगाकर 66598.91 अंक और निफ्टी 92.90 अंक की तेजी लेकर 19819.95 अंक पर पहुंच गया।

**पीएम मोदी से मिलकर बोले तुर्किए राष्ट्रपति**

# भारत दक्षिण एशिया में हमारा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तुर्किए के राष्ट्रपति रसेप तैयप एर्दोआन के साथ व्यापार और बुनियादी ढांचा संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की। मोदी ने रविवार को यहां संपन्न हुए जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन से इतर एर्दोआन से मुलाकात की। मोदी ने कहा, हमने भारत और तुर्किए के बीच व्यापार और बुनियादी ढांचे के संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर बात की गई। एर्दोआन ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दोनों देशों के बीच सहयोग की व्यापक संभावनाओं का इस्तेमाल करने का भरोसा जताया। उन्होंने कहा, भारत दक्षिण एशिया में हमारा सबसे बड़ा




व्यापारिक साझेदार है और हम इस साल की शुरुआत में तुर्की में हुए चुनाव के बाद मुख्य रूप से अर्थव्यवस्था और कई अन्य क्षेत्रों में सहयोग की बड़ी क्षमता का इस्तेमाल करने में सक्षम होंगे। एर्दोआन ने कहा कि यह गर्व की बात है कि भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भूमिका निभा रहा था। उन्होंने कहा कि वह पांच स्थायी और 15 अस्थायी सदस्यों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनाने के पक्ष में हैं। उन्होंने कहा, उन 20 (5+15) को बारी-बारी से यूएनएससी का स्थायी सदस्य होना चाहिए।

लेकिन जैसा कि आप जानते हैं, दुनिया सिर्फ पांच से बड़ी है। जब हम कहते हैं कि दुनिया पांच से बड़ी है तो हमारा मतलब यह है कि यह केवल अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन और रूस तक सीमित होकर नहीं रह सकता। एर्दोगन ने प्रस्ताव दिया कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा में एक चक्रीय तंत्र होना चाहिए जहां प्रत्येक 195 देश संभावित रूप से सुरक्षा परिषद् के स्थायी सदस्य बन सकें। जी-10 नेताओं के शिखर सम्मेलन के समापन के बाद एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए एर्दोगन ने यह भी कहा कि शिखर सम्मेलन से इतर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत की। उन्होंने अफ्रीकी संघ के जी-20 का सदस्य बनने की सराहना करते हुए कहा कि इससे समूह में नई जान आएगी।

## ब्रिटेन ग्रीन क्लाइमेट फंड में देगा अरबों डॉलर का योगदान

**नई दिल्ली।** पूरी दुनिया बदलती जलवायु से परेशान है। अब इससे निपटने के लिए भारत और ब्रिटेन एक साथ आ गए हैं। दरअसल, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने जी-20 शिखर सम्मेलन के समापन पर घोषणा की कि वह जलवायु सहायता के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके लिए वह ग्रीन क्लाइमेट फंड (जीसीएफ) को अरबों डॉलर देंगे। भारत में ब्रिटिश उच्चायोग ने बताया कि जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री सुनक ने नेताओं से इस दिसंबर में COP28 शिखर सम्मेलन से पहले एक साथ काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एकजुट होकर काम किया जाए तो देशों के कार्बन उत्सर्जन को कम किया जा सकेगा और जलवायु परिवर्तन के परिणामों से निपटने के लिए कमजोर अर्थव्यवस्थाओं का समर्थन कर सकेंगे। ब्रिटिश पीएम ने दुनिया को जलवायु परिवर्तन से निपटने में मदद करने के



लिए बड़ी राशि प्रदान करने की घोषणा की है। उन्होंने जी-20 शिखर सम्मेलन के समापन पर एलान किया कि ब्रिटेन ग्रीन क्लाइमेट फंड को 2 अरब डॉलर प्रदान करेगा। यह राशि यूके के द्वारा की गई सबसे बड़ी एकल फंडिंग है।

### एसबीआई की मल्टी ऑप्शन डिपॉजिट स्कीम के दो फायदे

नई दिल्ली। अगर आप FD में सेविंग करना चाहते हैं, लेकिन यह भी चाहते हैं कि इसमें कोई लॉक इन पीरियड ना हो यानी जब चाहें अपना फंड बिना कोई फाइन दिए निकाल सकें। तो, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की स्पेशल मल्टी ऑप्शन डिपॉजिट स्कीम आपके लिए सबसे बेहतर ऑप्शन है। इस स्कीम के दो बड़े फायदे हैं। पहला, इसमें आपको FD के बराबर का ब्याज मिलता है। दूसरा, इसमें आपका पैसा हमेशा लिक्विड रहता है, यानि आप FD की मैच्योरिटी के पहले भी बिना कोई पेनल्टी दिए पैसा निकाल सकते हैं।

### सर्राफा बाजार : सोना तथा चांदी में गिरावट

इंदौर। सप्ताहांत सोना तथा चांदी में गिरावट दर्ज की गई। सप्ताहांत सोना 100 रुपये तथा चांदी 2200 रुपये सस्ती होकर बिकी। कारोबार की शुरुआत में सोना 60700 रुपये पर खुलने के बाद शनिवार के दिन 60600 रुपये प्रति दस ग्राम होकर थमा। चांदी में व्यापार की शुरुआत 74500 रुपये पर हुई वहीं शनिवार के दिन 72300 रुपये बिकी। कामकाज में सोना ऊंचे में 60750 नीचे में 60400 रुपये प्रति 10 ग्राम बिका। व्यापार में चांदी ऊपर में 74550 तथा नीचे 72200 रुपये प्रति किलोग्राम बिकी। चांदी सिक्का पूछपरख से मजबूत बताया गया। विदेशी बाजार में सोना 1919 डॉलर तथा चांदी 2291 सेन्ट प्रति औंस बिकी।

### मूंगफली तेल, सोयाबीन रिफाइंड में नरमी

इंदौर। सप्ताहांत खाद्य तेलों में खरीदी सुस्ती से भाव नरमी लिए रहे। कारोबार में मूंगफली तेल तथा सोयाबीन रिफाइंड सस्ता बिका। आवक कमी से तिलहनों में भाव ऊंचे रहे। कारोबार की शुरूआत में मूंगफली तेल 1770 से 1790 रुपये प्रति किलोग्राम खुला जो शनिवार को 1750 से 1760 रुपये प्रति 10 किलोग्राम होकर बंद हुआ। सोयाबीन रिफाइंड 920 से 925 रुपये पर खुलकर 890 से 895 रुपये बिका। पाम तेल 910 से 915 रुपये खुलकर 895 से 900 रुपये होकर बंद हुआ। तिलहन जिन्सों में मांग से भाव मजबूती लिए बताए गए। पशु आहार कपास्या खली में लिवाली रही।

### मंडी बंद, ग्राहकी से दालों में घटबढ़

इंदौर। स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में मंडी शुल्क विरोध मांग बंद रही। मिलगत कमी से चना, मूंग, तुअर, उड़द के भाव ऊंचे का रूझान लिए रहे। वहीं दालों के भाव बढ़ गए। चावल में उठाव सुधार लिए रहा। सप्ताहांत चना कांटा 6100 से 6150 रुपये खुलने के बाद 6500 से 6550 रुपये होकर थमा। मूंग 8100 से 8800 रुपये पर खुलने के बाद नीचे में 7000 रुपये बिकी। हालांकि सप्ताहांत इसमें सौदे 9000 से 9500 रुपये प्रति क्विंटल पर हुए। कारोबार में तुअर 9000 से 11300 रुपये खुलने के बाद 9500 से 11900 बताई गई। उड़द 8000 से 9000 रुपये खुलने के बाद 9000 से 9500 रुपये होकर बंद हुई।

### शक्कर महंगी, खोपरा गोला, साबूदाना सस्ता

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में सप्ताहांत ग्राहकी ऊपर नीचे होती रही। शक्कर के भाव बढ़े। खोपरा गोला तथा साबूदाना में उठाव कमी से मंदी दर्ज की गई। स्थानीय किराना बाजार में सोमवार को शक्कर 3900 से 3940 रुपये प्रति क्विंटल खुलने के शनिवार को 3940 से 3980 रुपये के स्तर पर थमी। शक्कर की दैनिक आवक 04 से 05 गाड़ी की रही। खोपरा गोला 113 से 128 रुपये खुलने के बाद 105 से 125 रुपये होकर थमा। हल्दी में पूछपरख सुधार लिए बताई गई। इसमें 150 से 275 रुपये की रंगत पर सौदे हुए। खोपरा बूरा के दामों में मजबूती दर्ज की गई। सप्ताहांत खोपरा बूरा में कामकाज 2150 से 3400 रुपये के स्तर पर चला।

### वन अर्थ-वन फैमिली-वन फ्यूचर भाव की सिद्धि में मील का पत्थर साबित होगी जी 20 समिट

लखनऊ। जी 20 समिट के सफल समापन पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएम मोदी को इसका श्रेय देते हुए समिट को दुनिया के लिए मील का पत्थर करार दिया। सीएम योगी ने सोशल मीडिया पर अपने हैंडल से पोस्ट की श्रृंखला के माध्यम से इस भव्य आयोजन के लिए पीएम मोदी की प्रशंसा की और साथ ही समिट में नई दिल्ली लीडर्स डिक्लेरेशन को सर्वसम्मति से अपनाए जाने को ऐतिहासिक बताते हुए सभी सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों का आभार जताया। सीएम योगी ने जी 20 हैशटैग का उपयोग करते हुए अपने पहले पोस्ट में लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के यशस्वी नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुई जी 20 समिट अपने लक्षित उद्देश्यों की प्राप्ति की दिशा में मजबूती के साथ आगे बढ़ चली है। वन अर्थ-वन फैमिली-वन फ्यूचर भाव की सिद्धि में यह समिट %मील का पत्थर% साबित होगी। अपनी दूसरी पोस्ट में उन्होंने सदस्य देशों का आभार जताया। उन्होंने लिखा, भारत की अध्यक्षता में नई दिल्ली लीडर्स डिक्लेरेशन को जी 20 के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति के साथ अपनाया जाना ऐतिहासिक है। समृद्ध भविष्य के लिए सहयोग की भावना के साथ किए गए इन प्रयासों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के साथ जी 20 के सभी सदस्यों का आभार। तीसरी पोस्ट में सीएम ने समिट में भारत के प्रयासों से अफ्रीकी संघ को जी 20 का स्थाई सदस्य बनाए जाने पर भी हर्ष जताया। उन्होंने लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा प्रदत्त सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास मंत्र मानवता के लिए एक उज्ज्वल मार्गदर्शिका बन गया है।

# पाम ऑयल, सूरजमुखी तेल और दालें महंगी

**नयी दिल्ली।** विदेशी बाजारों में गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में पाम ऑयल और सूरजमुखी तेल के साथ ही दाल-दलहन की कीमतें चढ़ गईं।

तेल-तिलहन = वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का सितंबर वायदा सप्ताहांत पर 165 रिंगिट गिरकर 3730 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 2.49 सेंट फिसलकर 60.63 सेंट प्रति पौंड पर आ गया।

सप्ताहांत पर पाम ऑयल 1875 रुपये और सूरजमुखी तेल 233 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल, सोया रिफाइंड और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पुराने स्तर



पर पड़े रहे।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 12674 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 20879 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 13640 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 12088 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 10875 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 11133 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

दाल-दलहन : बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में जबरदस्त तेजी रही। सप्ताहांत पर चना 550 रुपये, दाल चना 550 रुपये, मसूर दाल 75 रुपये, मूंग दाल 300 रुपये और उड़द दाल 400 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई। वहीं, अरहर दाल में टिकाव रहा।

सप्ताहांत पर चना 6550-6650, दाल चना 7550-7650, मसूर काली 8075-8175, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 11700-11800, अरहर दाल 10500-10600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : अनाज मंडी में टिकाव रहा। साप्ताहांत पर गेहूं और चावल के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2500-2600 रुपये और चावल 3000-3100 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़ : बीते सप्ताह मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

साप्ताहांत पर चीनी एस 3590-3690, चीनी एम. 3800-3900, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 4300-4400 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

# टैक्स-छूट और बेहतर रिटर्न के लिए ईएलएसएस में करें निवेश

नई दिल्ली। वित्त वर्ष 2023-24 के 5 महीने बीत चुके हैं, ऐसे में अब आपने अब तक टैक्स सेविंग्स प्लानिंग नहीं की है तो इसे जितना जल्दी हो शुरू कर देना चाहिए। अगर आप टैक्स बचाने के साथ निवेश पर अच्छा रिटर्न चाहते हैं तो इक्विटी लिंक्ड सेविंग्स स्कीम यानी ईएलएसएस सही विकल्प साबित हो सकता है। ईएलएसएस कैटेगिरी के कई फंड्स ने बीते 1 साल में 26 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न दिया है। ईएलएसएस स्कीम में एक वित्त वर्ष में आप 1.5 लाख रुपए तक के निवेश पर इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80C के तहत टैक्स छूट का लाभ उठा सकते हैं। यानी ये 1.5 लाख रुपए आपकी कुल टैक्सेबल इनकम से घट जाएंगे। ईएलएसएस में 3 साल का लॉक-इन पीरियड रहता है, यानी आप जो पैसा इसमें इन्वेस्ट करेंगे वो 3 साल बाद ही निकाल सकेंगे। यह इस स्कीम का एक बहुत ही अच्छा फीचर है। अन्य स्कीम्स की तुलना में इसका लॉक-इन पीरियड काफी कम है। हालांकि, यह लॉक इन पीरियड समाप्त होने के बाद निवेशक इसे जारी रख सकता है। ईएलएसएस में लम्बे समय के लिए निवेश करना ज्यादा फायदेमंद माना जाता है।

ईएलएसएस में सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान के जरिए 500 रुपए से भी निवेश की शुरुआत की जा सकती है। वहीं अधिकतम की कोई सीमा नहीं है। निवेशकों को इन फंड में दो तरह के ऑप्शन मिलते हैं।

# काशी के प्राचीन और पारंपरिक हस्तशिल्प यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में बिखेरेंगे जलवा

**ग्रेटर नोएडा में होने वाले भव्य आयोजन में पूरी दुनिया देखेगी नये उत्तर प्रदेश की धमक**

वाराणसी,10 सितंबर काशी के प्राचीन, पारंपरिक हस्तशिल्प व आधुनिक उत्पाद ग्रेटर नोएडा में होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में जलवा बिखेरने के लिए तैयार है। नए उत्तर प्रदेश की धमक पूरी दुनिया देखेगी जो यूपी को 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने में सहायक होगा। 21 से 25 सितम्बर तक आयोजित होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में विश्व भर से आने वाले खरीदार बनारस के परंपरागत कारीगरों के हुनर और आधुनिक उत्पादों को देखेंगे। जिससे हस्तशिल्पियों समेत अन्य उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार मिलेगा। वाराणसी से वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट, सूक्ष्म, लघु और मध्यम (एमएसएमई) से जुड़े 31 उद्यमियों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपना उत्पाद ले जाने के लिए रजिस्ट्रेशन करा लिया है।

### 31 उद्यमियों ने कराया रजिस्ट्रेशन

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट, जीआई उत्पाद समेत अन्य उत्पादों से जुड़े उद्यमियों को इंटरनेशनल प्लेटफार्म प्रदान कर रही है। ग्रेटर नोएडा में होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में वाराणसी के उत्पाद धूम मचाने के लिए तैयार है। उपायुक्त उद्योग, वाराणसी मोहन शर्मा ने बताया कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में 24 हस्तशिल्प वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के, 4 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के जिसमें लकड़ी, स्टोन कार्विंग व सिल्क उद्योग से जुड़े हैं और 3 एक्सपोर्टर कालीन उद्योग और बनारसी सिल्क साड़ी से जुड़े शामिल हो रहे हैं। उद्योग विभाग में अभी तक कुल 31 उद्यमियों ने रजिस्ट्रेशन करा लिया है। उन्होंने बताया कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के लिए सरकार की तरफ से नियमानुसार कई तरह की सुविधा और रियायत दी जा रही है।

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के माध्यम से बनारसी सिल्क ब्रोकेड के कारोबारी ताज मोहम्मद करघे के ताने-बाने से देश की संस्कृति को अंतर्राष्ट्रीय फ़लक पर लाने के लिए खास बुनाई कर रहे है। काशी के घाटों, नंदी, त्रिशूल और संस्कृत में मातृभूमिवन्दना के श्लोक की बनारसी साडी पर ख़ास बुनाई की गई है। ताज मोहम्मद ने बताया कि योगी सरकार हम लोगों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार उपलब्ध करा रही है और हम लोग ट्रेड शो के लिए लिए विशेष तैयारी में जुटे हैं।

एक अन्य उद्यमी दीप माला राय ने बताया कि हम लोग जूट और कपड़ो से तैयार किये गए विभिन्न उत्पाद यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में ले जा रहे हैं जिसे ज़्यादातर महिलाओं ने तैयार किया है। इस ट्रेड शो से अपार संभावनाएं है। हम लोग योगी जी की नीतियों के कारण पूर्वांचल के बाज़ार से निकल कर देश और विदेश के मार्केट तक पहुंचेंगे। गुलाबी मीनाकारी के नेशनल अवार्डी शिल्पी कुंज बिहारी और सॉफ्ट स्टोन अंडर कट के स्टेट अवार्ड विजेता द्वारिका प्रसाद ने बताया कि योगी सरकार की मदद से शिल्पियों को इंटरनेशनल मार्केट मिल रहा है, जिससे बनारस की लुप्त हो रही विरासत को जिन्दा होने के साथ ही बड़ा बाजार मिल रहा है।

नई दिल्ली
सोमवार 11 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### चमोली जिले के धावक हितेश ने दिखाया कमाल

चमोली। उत्तराखंड में चमोली जिले के पिंडर घाटी के युवक धावक हितेश कुनियाल ने एक बार फिर से कमाल करते हुए लद्दाख के खारदुंगला पास (17, 618 फुट) में हुई विश्व विश्व की सबसे ऊंची और मुश्किल दौड़ 'द हिमालय खारदुंगला चैलेंज' की 72 किलोमीटर की दौड़ को 10 घंटे 40 मिनट पर पूरा कर सफलता हासिल कर ली है। इस वर्ष 08 सितंबर को विश्व भर से 270 धावकों ने इस दौड में हिस्सा लिया, जिसमें विदेशी धरती से जापान से सबसे अधिक 32 धवकों ने भाग लिया, जर्मनी, रोमानिया आदि से भी धावक मौजूद रहे। जहाँ प्रतिभागियों को ये दौड़ पूरा करने में 12 से 13 घंटे लगे वहीं हितेश ने इसे 10 घंटे 40 मिनट में पूरी कर ली। दौड़ तड़के तीन बजे शुरू हुई जिस समय तापमान एक डिग्री था और जैसे जैसे धावाक ऊपर चढ़ाई करते गए तापमान शून्य से भी नीचे गिरता रहा। हितेश ने बताया की इतनी ऊँचाई पर सांस लेने में बहुत दिक्कत होती है क्यूँकि यहाँ प्राणवायु बहुत कम होती है जिस कारण कुछ प्रतिभागियों को चक्कर, सर दर्द, उल्टी से जूझना पड़ा और वे दौड़ पूरा न कर सके। वर्तमान में हितेश कुनियाल इवोन टेक्नोलॉजीज, देहरादून में कार्यरत हैं और धावाक होने के साथ साथ वे एक समाजसेवी भी हैं और पिछले दो वर्षों से उनकी संस्था द पीपल्स ग्रुप विभिन्न सामाजिक कार्यों जैसे पशु रक्षा, वृक्षारोपण, स्वछता अभियान, गरीब बच्चों की शिक्षा एवं पहाड़ के विद्यालयों में पुस्तकालय पर कार्य कर रही है।

### किरण जार्ज ने जीता इंडोनेशिया मास्टर्स का खिताब

मेदान (इंडोनेशिया)। भारत की युवा सनसनी किरण जॉर्ज ने रविवार को जापान के कू ताकाहाशी को 21-19,22-20 से हरा कर इंडोनेशिया मास्टर्स ट्रॉफी के पुरुष एकल का खिताब अपने नाम कर लिया है। किरण ने 56 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में दुनिया के 82वें नंबर के खिलाड़ी ताकाहाशी को सीधे सेटों में धूल चटायी। मैच की शुरुआत में पिछड़ने के बाद किरण ने अपने गेम में सुधार करते हुये ताकाहाशी से 18-15 की बढ़त हासिल कर ली। ताकाहाशी ने हालांकि एक समय इस अंतर को 19-20 कर दिया मगर किरण ने गेम जीत कर मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल कर ली। दूसरे गेम में भी दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। स्कोर एक समय 6-6 की बराबरी पर था लेकिन किरण ने 16-11 की बढत बना ली। ताकाहाशी ने हार नहीं मानी और स्कोर 19-19 कर दिया किरण इस बीच पहला मैच प्वाइंट भुनाने में नाकाम रहे लेकिन दूसरा मैच प्वाइंट भुना कर उन्होंने मुकाबला जीत लिया। प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी के निदेशक और पूर्व राष्ट्रीय कोच विमल कुमार ने कहा, यह शानदार जीत है, यह इन अवसरों को भुनाने और लगातार अच्छा खेलने के बारे में है। देश के अन्य खिलाड़ी भी युवा और समान रूप से अच्छे हैं, इसलिए मैं उनसे काफी खुश हूं।

### लॉरेन बेल की जगह एलिस डविडसन इंग्लैंड टीम में

नॉर्थम्प्टन। श्रीलंका के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज में इंग्लैंड की महिला टीम ने तेज गेंदबाज लॉरेन बेल के स्थान पर ऑलराउंडर एलिस डविडसन-रिचर्ड्स को बुलाया है। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने ट्वीट किया, लॉरेन बेल श्रीलंका के खिलाफ विटैलिटी आईटी20 या मेट्रो बैंक एकदिवसीय श्रृंखला में आगे नहीं खेल सकेंगी क्योंकि वह बीमारी से नहीं उबर पायी हैं। वह जल्द ही ठीक हो जाएं और हम आपको वापस एक्शन में देखने के लिए ज्यादा इंतजार नहीं कर सकते। डेविडसन-रिचर्ड्स ने एक टेस्ट, चार वनडे और आठ टी20ई में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व किया है। उनके नाम 25.25 की औसत और 5.61 की इकोनॉमी से चार वनडे विकेट हैं। उनके नाम इस प्रारूप में 31.5 की औसत से 63 रन भी हैं। इंग्लैंड ने चेस्टर-ले-स्ट्रीट में श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे मैच में सात विकेट से जीत हासिल की। तीन मैचों की सीरीज का दूसरा मैच 12 सितंबर को नॉर्थम्प्टन में होगा। इंग्लैड तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे चल रही है।

### नेमार ने तोड़ा पेले का रिकॉर्ड, ब्राजील के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बने

नई दिल्ली। नेमार जूनियर ब्राजील के शीर्ष गोल स्कोरर बन गए। इस दिग्गज फुटबॉलर ने शुक्रवार की रात किंग पेले के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 77 गोलों को पीछे छोड़ दिया। विश्वकप क्वालिफायर में बोलीविया पर ब्राजील की 5-1 से जीत में नेमार ने दो गोल किए, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके गोलों की संख्या 79 हो गई। इस मुकाबले से पहले पेले और नेमार ब्राजील के लिए 77-77 गोल कर बराबरी पर थे। बीते वर्ष दिसंबर में कैंसर के चलते दुनिया छोड़ जाने वाले पेले ने ब्राजील के लिए 92 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 77 गोल किए थे। नेमार लंबे समय से पेले की बराबरी पर चल रहे थे, लेकिन विश्वकप क्वालिफायर में उन्हें ब्राजील के लिए अब खेलने का मौका मिला। उन्होंने इसका फायदा उठाया। 61वें मिनट में उन्होंने गोल कर हवा में उछलते हुए उसी अंदाज में जश्न मनाया जैसे पेले मनाते थे। स्टापेज समय में नेमार ने एक और गोल किया। हालांकि 17वें मिनट में उनके पास गोल करने का अवसर था, लेकिन वह पेनाल्टी भुनाने से चूक गए। उनकी किक को गोलकीपर बिली विस्कारा ने बचा लिया।

### कोलंबिया के कुआड्राडो चिली के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर में नहीं खेल पाएंगे

बगोटा। कोलंबिया के अनुभवी विंगर जुआन कुआड्राडो चोट के कारण मंगलवार को चिली के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर में नहीं खेल पाएंगे। कोलम्बियाई 35 वर्षीय इंटर मिलान खिलाड़ी ने पैर की मांसपेशियों में चोट लगने के बाद गुरुवार को शुरुआती दक्षिण अमेरिकी जोन क्वालीफायर में वेनेजुएला पर कैफेटेरोस की 1-0 की घरेलू जीत में हाफटाइम पर मैदान छोड़ दिया। कुआड्रोडा के की जगह जॉर्ज कैरास्कल ने ले ली, जिन्होंने बैरेंक्विला में एस्टाडियो मेट्रोपोलिटानो में अपनी रफ्तार और रचनात्मक शैली से खेल दिखाकर सबको प्रभावित किया था। डायनेमो मॉस्को के मिडफील्डर के मंगलवार को चिली की राजधानी सैंटियागो के एस्टाडियो मोनुमेंटल में होने वाले मैच खेलने की उम्मीद है। गौरतलब है कि चिली ने शुक्रवार को मोंटेवीडियो में उरुग्वे से 3-1 से हार के साथ दक्षिण अमेरिकी क्षेत्र क्वालीफाइंग अभियान की शुरुआत की थी।

### रूस के डेन्यूब के पास बड़े पैमाने पर हमले करने के संकेत नहीं: नाटो प्रमुख

ब्रुसेल्स। नाटो के महासचिव जेन्स स्टोल्टेनबर्ग ने कहा है कि रोमानियाई सीमा के करीब यूक्रेन के डेन्यूब बंदरगाहों पर हाल के हमलों और नाटो सदस्य की धरती पर ताजा ड्रोन मलबा पाए जाने के मद्देनजर नाटो के पास इस बात का कोई संकेत नहीं है कि रूस गठबंधन पर हमला करने का इरादा रखता है। इससे पहले शनिवार को दिन में रोमानियाई रक्षा मंत्रालय ने कहा कि 'रूसी सेना द्वारा इस्तेमाल किए गए ड्रोन के समान' ड्रोन के टुकड़े प्लाउरू के सीमावर्ती गांव से लगभग 2.5 किलोमीटर (1.5 मील) दक्षिण-पूर्व में पाए गए जो एक सप्ताह में इस तरह की दूसरी घटना है। बुधवार को, एक संभावित ड्रोन का मलबा यूक्रेन के साथ रोमानिया की सीमा के करीब पाया गया था, लेकिन नाटो ने कहा कि उसके पास रूस की ओर से किसी जानबूझकर हमले का संकेत देने वाली कोई जानकारी नहीं है। स्टोलटेनबर्ग ने एक्स पर लिखा, डेन्यूब द्वारा यूक्रेन पर रूसी हमलों के बारे में और रोमानिया में पाए गए ड्रोन हिस्सों के बारे में रोमानियाई राष्ट्रपति क्लाउस इओहानिस से बात की। नाटो पर हमला करने के इरादे का कोई संकेत नहीं है, लेकिन हमले अस्थिर कर रहे हैं। नाटो प्रमुख ने कहा कि उन्होंने हवाई पुलिसिंग बढ़ाने के लिए अधिक एफ-16 जेट तैनात करने के अमेरिकी फैसले का स्वागत किया। बदले में श्री इओहानिस ने सोशल मीडिया पर कहा कि उन्होंने अपने देश के हवाई क्षेत्र के नवीनतम उल्लंघन की 'कड़ी निंदा' की, इसे 'क्षेत्र में रोमानियाई नागरिकों के लिए खतरा' बताया। यूक्रेन के ओडेसा क्षेत्र में सोमवार रात हवाई हमले का अलर्ट जारी हुआ।

# कोको गॉफ ने जीता यूएस ओपन का खिताब

## उनके करियर का पहला ग्रैंडस्लैम टाइटल; फाइनल में एरिना सबालेंका को हराया

अमेरिकी की युवा टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने शनिवार को यूएस ओपन के फाइनल में बेलारूस की एरिना सबालेंका को हराकर यूएस ओपन का खिताब जीत लिया। 19 साल की गॉफ के करियर का यह पहला ग्रैंडस्लैम खिताब है।

पहला सेट हारने के बाद गॉफ ने शानदार वापसी की और मुकाबला 2-6, 6-3, 6-2 से जीत लिया। गॉफ 2017 के बाद से पहली अमेरिकी खिलाड़ी बन गई हैं जिन्होंने यह खिताब जीता। 2017 में आखिरी बार यह कारनामा सोलन स्टीफन ने किया था।



### गॉफ का सबालेंका के खिलाफ करियर रिकॉर्ड 4-2 हो गया

गॉफ और सबालेंका के बीच यह छठा मैच था। इस जीत के बाद अब गॉफ का सबालेंका के खिलाफ करियर रिकॉर्ड 4-2 हो गया है। आर्थर ऐश स्टेडियम में शनिवार को 19 साल की गॉफ ने पहला सेट 6-2 से गंवाने के बाद दूसरे सेट में 6-3 की जबर्दस्त वापसी की। ऐसे में मुकाबला एक-एक ही बराबरी पर आ गया। तीसरे और निर्णायक सेट को गॉफ ने 6-2 से अपने नाम करते हुए टाइटल जीता। गॉफ 1999 के बाद यूएस ओपन जीतने वालीं पहली अमेरिकी टीनेजर खिलाड़ी हैं। 1999 में सेरेना विलियम्स ने ऐसा किया था। गॉफ ने मैच के बाद अवॉर्ड सेरेमनी के दौरान कहा, यह मेरे लिए काफी मायने रखता है। मैं अभी तक इस जीत से हैरान हूं। पिछले साल फ्रेंच ओपन के फाइनल में हारना मेरे लिए काफी निराशा वाला था। उसकी वजह से आज मैं यह जीत पाई हूं।

सबालेंका के सिंगल्स करियर का यह दूसरा ही फाइनल था।

सबालेंका ने इस सीजन साल के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीता था। यह विमेंन सिंगल्स कैटेगरी में सबालेंका का पहला ग्रैंड स्लैम टाइटल था। वे विमेंस डबल्स कैटेगरी में 2021 में ऑस्ट्रेलियन ओपन और 2019 में यूएस ओपन के विमेंस डबल्स के खिताब जीत चुकी हैं।

### राजीव राम और जो सैलिसबरी की जोड़ी ने जीता मेंस डबल्स का खिताब

अमेरिका के राजीव राम और ब्रिटेन के जो सैलिसबरी की जोड़ी ने शुक्रवार को भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन को हराकर स ओपन मेंस डबल्स का खिताब अपने नाम किया।

इसके साथ ही राजीव और सैलिसबरी की जोड़ी लगातार तीसरी बार खिताब जीतने वाली पहली जोड़ी बन गई है।

# अंतिम समय पर भारतीय एकादश से बाहर हुये श्रेयस



कोलंबो। पाकिस्तान के खिलाफ अहम मुकाबले से ठीक पहले भारत के मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को अंतिम एकादश से बाहर कर दिया गया।

अय्यर पीठ की सर्जरी के चलते क्रिकेट से कुछ महीनों तक दूर रहे थे। वापसी करने के दो मैच बाद अय्यर को पाकिस्तान के खिलाफ सुपर फ़ोर मुक़ाबले से ठीक पहले वॉर्म-अप के दौरान फिर से पीठ में दर्द का एहसास हुआ। इसके चलते उन्हें आख़िरी वक़्त पर एकादश से बाहर होना पड़ा और उनकी जगह पर ख़ुद पीठ की इंजरी से लौट रहे के एल राहुल को खेलने का मौक़ा मिला।

कप्तान रोहित शर्मा ने इसे एक 'मजबूरन बदलाव' बताया। श्रेयस मार्च में ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध घर पर वनडे सीरीज़ के बाद से नहीं खेले हैं। पीठ की चोट के चलते उन्होंने आईपीएल का पूरा सीज़न भी मिस किया था। उनको एशिया कप और विश्व कप दोनों टीमों में चयनित किया गया था। पीठ की सर्जरी के बाद बीसीसीआई के एनसीए के मेडिकल अधिकारियों ने उन्हें फ़िट करार दिया था और इसके चलते वह दो सितंबर को पाकिस्तान के विरुद्ध पहला मुक़ाबला भी खेले, जहां उन्होंने 14 रन बनाए थे। दो दिन बाद नेपाल के विरुद्ध 10 विकेट की जीत में उन्हें बल्लेबाज़ी करने का मौक़ा नहीं मिला था।

श्रेयस की चोट विश्व कप से पहले भारतीय खेमे के लिये चिंता का विषय बन सकता है। राहुल के लिए आज का मुक़ाबला मार्च के बाद पहला मैच है। जांघ की चोट के चलते वह आईपीएल से भी बाहर हो गए थे। एशिया कप में उनका चयन ज़रूर हुआ था लेकिन मामूली चोट के चलते वह पहले दो मैच से बाहर बैठे थे।

# बोलीविया के खिलाफ मेस्सी का खेलना संदिग्ध

ब्यूनस आयर्स। अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेस्सी थकान के कारण मंगलवार को बोलीविया के खिलाफ अपनी टीम के विश्व कप क्वालीफायर में नहीं खेल सकते हैं।

मुख्य कोच लियोनेल स्कालोनी ने कहा कि 36 वर्षीय खिलाड़ी को गुरुवार को इक्वाडोर पर अर्जेंटीना की 1-0 की घरेलू जीत में देर से स्थानापन्न किया गया था और शुक्रवार सुबह उनका एहतियाती परीक्षण किया गया।

दक्षिण अमेरिकी देश में मीडिया रिपोर्टों के अनुसार स्कालोनी और उनके बैकरूम स्टाफ फॉरवर्ड के भारी कार्यभार से चिंतित हैं। मेसी ने पिछले 48 दिनों में 12 गेम खेले हैं, जुलाई के मध्य में मुफ्त ट्रांसफर पर इंटर मियामी में शामिल होने के बाद से उन्हें बमुश्किल आराम मिला है।

समाचार पत्र ओले ने बताया कि स्कालोनी मंगलवार के मैच के लिए अपने शुरुआती लाइनअप में कई बदलावों पर विचार कर रहा है।

# आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 : एचसीए ने किया बीसीसीआई से मैचों को पुनर्निर्धारित करने का अनुरोध

हैदराबाद। हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एचसीए) ने फिर बीसीसीआई से आगामी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) वनडे विश्व कप 2023 के लिए आवंटित मैचों को पुनर्निर्धारित करने का अनुरोध किया है।

एचसीए ने कथित तौर पर स्थानीय सुरक्षा एजेंसियों द्वारा हाई-प्रोफाइल मैचों के लिए पर्याप्त व्यवस्था प्रदान करने में असमर्थता जताने के बाद बीसीसीआई से 29 सितंबर को पाकिस्तान बनाम न्यूजीलैंड वार्मअप मैच की तारीख बदलने के लिए कहा है।

सुरक्षा एजेंसियों ने एचसीए से कहा है कि वे 28 सितंबर को गणेश विसर्जन और मिलाद-उन-नबी त्योहारों के कारण पाकिस्तान बनाम न्यूजीलैंड मैच के लिए पर्याप्त सुरक्षा के उपाय प्रदान नहीं कर पाएंगे। यह दूसरी बार है जब एचसीए ने बीसीसीआई से अपनी मेजबानी में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप खेलों की तारीखों पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया है।

इससे पहले एचसीए को सुरक्षा एजेंसियों ने बताया था कि वे नौ अक्टूबर को न्यूजीलैंड बनाम नीदरलैंड और 10 अक्टूबर को पाकिस्तान बनाम श्रीलंका के बीच राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले लगातार दो मैचों में से एक के लिए सुरक्षा व्यवस्था नहीं कर पाएंगे।

रिपोर्टों के अनुसार हैदराबाद पुलिस ने एचसीए को मौखिक तौर पर बताया है कि वह दोनों मैचों के लिए सुरक्षा व्यवस्था को संभाल नहीं सकती है, क्योंकि उनमें से एक पाकिस्तान का मैच है, जिसके लिए भारी व्यवस्था की जरूरत होती है।

गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन और क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल सहित हालांकि कई राज्य इकाइयों ने त्योहारों का हवाला देते हुए बीसीसीआई से तारीखों को फिर से निर्धारित करने का अनुरोध करने के बाद एक संशोधित कार्यक्रम की घोषणा की गई थी।

# ब्राजील जी20 में गिरफ्तार नहीं होंगे पुतिन

## राष्ट्रपति लूला ने कहा- मेरे रहते उनके खिलाफ कार्रवाई संभव नहीं, पुतिन को भेजेंगे निमंत्रण

ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा ने कहा है कि अगले साल उनके यहां होने वाले जी 20 समिट में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन आ सकते हैं। मेरे राष्ट्रपति रहते हुए पुतिन गिरफ्तार नहीं होंगे। उनके खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया जाएगा। ये बात राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा ने न्यूज वेबसाइट फर्स्ट पोस्ट को दिए इंटरव्यू में कही।

ब्राजील की राजधानी रियो में अगले साल जी 20 का आयोजन होगा। लूला ने फर्स्ट पोस्ट से बात करते हुए कि वो अगले साल ब्राजील में होने वाली जी-20 समिट के लिए रूस के राष्ट्रपति पुतिन को आमंत्रित करेंगे।

उन्होंने आगे बताया कि वो जी 20 समिट से पहले वो अगले साल रूस में होने वाली ब्रिक्स समिट में शामिल होने के लिए रूस जाएंगे। उन्होंने कहा कि मैं मानता हूं कि पुतिन अगले साल आसानी से ब्राजील आ सकते हैं।

पुतिन के खिलाफ इस साल मार्च में इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट ने अरेस्ट वारंट जारी किया था। पुतिन पर यूक्रेन जंग में युद्ध अपराध और हजारों बच्चों



यूक्रेन से बाहर डिपोर्ट करने का आरोप लगा था। रूस ने जंग में किसी भी तरह के आरोपों से इंकार किया है। इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट बनाने वाले देशों में ब्राजील भी शामिल है।

### अंतराष्ट्रीय मंचों से दूर रह रहे पुतिन

यूक्रेन जंग के बाद से पुतिन लगातार अंतरराष्ट्रीय मंचों से दूर रह रहे हैं। वो भारत में हो रही जी-20 समिट में भी शामिल नहीं हुए हैं। उनकी जगह पर रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव हिस्सा लेने आए हैं। पुतिन ने 2019 में आखिरी बार जापान में हुई जी 20 समिट में इन पर्सन शिरकत की थी। 2020 में रियाद और 2021 में रोम में हुई समिट में भी पुतिन वर्चुअली शामिल हुए थे। 2022 में बाली में हुई जी 20 समिट में भी रूसी राष्ट्रपति मौजूद नहीं थे। 28 अगस्त को पुतिन ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बताया था कि वे त्र20 में शामिल नहीं हो सकेंगे। उनकी जगह रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव भारत आएंगे। एक्सपर्ट्स का मानना है कि पुतिन यूक्रेन वॉर के बाद से ही वैश्विक स्तर पर अलग-थलग पड़ गए हैं। पश्चिमी देशों ने रूस के खिलाफ कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। वे भारत में यूक्रेन युद्ध पर चर्चा से बचने के लिए भी इस समिट में शामिल नहीं हो रहे हैं। हालांकि, इस समिट में भारत ने यूक्रेन को नहीं बुलाया है। इसे लेकर जी 20 के सदस्य देश कनाडा के प्रधानमंत्री ने नाखुशी भी जाहिर की थी।

### यूक्रेन युद्ध के बीच जी-20 घोषणा पत्र पर सहमति बनी

शनिवार को भारत की अध्यक्षता में जी-20 देशों ने आम सहमति से घोषणा पत्र को स्वीकार कर लिया है। यूक्रेन युद्ध पर सदस्य देशों के बीच में मतभेद के बावजूद भी घोषणा पत्र पर सहमति बन गई। सभी लीडर्स ने माना है कि जी 20 राजनीतिक मुद्दों को डिस्कस करने का प्लेटफॉर्म नहीं है। लिहाजा अर्थव्यवस्था से जुड़े अहम मुद्दों को डिस्कस किया गया है। हालांकि इस घोषणा पत्र में यूक्रेन जंग का 4 बार जिक्र हुआ है। साझा घोषणा पत्र पर सभी देशों की सहमति इसलिए खास है, क्योंकि नवंबर 2022 में इंडोनेशिया समिट में जारी घोषणा पत्र में रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर सदस्य देशों के बीच सहमति नहीं बन पाई थी। तब रूस और चीन ने अपने आप को युद्ध के बारे में की गई टिप्पणियों से अलग कर लिया था। तब घोषणा पत्र के साथ ही इन देशों की लिखित असहमति शामिल की गई थी।

# रूस ने म्यांमार को दिए एसयू-30 फाइटर जेट्स

## अमेरिका बोला- सैन्य शासन को मिल रहा रूस का साथ, ये स्वीकार नहीं

**म्यांमार।** रूस ने म्यांमार को एसयू-30 लड़ाकू विमान की पहली खेप भेजी है। म्यांमार के ट्रेड मिनिस्टर ने रूसी समाचार एजेंसी को ये जानकारी दी। सितंबर 2022 में रूस और म्यांमार ने 6 Su-30SME लड़ाकू विमानों के लिए एग्रीमेंट साइन किया था।



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रूस के शहर व्लादिवोस्तोक में आयोजित ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम से म्यांमार के ट्रेड मिनिस्टर चार्ली थान ने कहा की म्यांमार में रूस से अब तक 2 विमान डिलीवर किए जा चुके हैं। हालांकि, रूस के डिफेंस मिनिस्ट्री ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

म्यांमार की मिलिट्री का समर्थन करने पर अमेरिका ने रूस को कड़ी प्रतिक्रिया दी है। रॉयटर्स के मुताबिक अमेरिका ने चेतावनी देते हुए कहा कि रूस म्यांमार में सेना की सत्ता की मदद कर रहा है, जिसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। वो हथियार बेचकर एक ऐसी जंग को बढ़ावा दे रहा है जो पूरे म्यांमार के लिए तबाही बन गई है।

रूस के रोसोबोरोन एक्सपोर्ट के मुताबिक, सुखोई Su-30SME एक मल्टी-रोल फाइटर जेट है। ये फाइटर जेट दुश्मन के गहरे हवाई लक्ष्यों पर हमला करने, एयर-टू-एयर और एयर-टू-सरफेस टारगेट के लिए जाना जाता है। ये हर मौसम में काम करने में सक्षम है। इसे पायलट प्रशिक्षण के लिए और घरेलू हवाई क्षेत्रों से दूर हमला करने में सक्षम आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ डिजाइन किया गया है। पाकिस्तान ने म्यांमार की सैन्य सरकार जुंटा को 2019-21 में एक समझौते के तहत छ्त्र-17 थंडर मल्टी-रोल फाइटर जेट दिए थे। इसमें से कुल 11 लड़ाकू विमानों को तकनीकी खराबी के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया है।

### जापान मोरक्को को हर तरह की सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है : किशिदा

टोक्यो। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने मोरक्को में आए विनाशकारी भूकंप से प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और कहा कि उनका देश मोरक्को को हर तरह की आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। इससे पहले मोरक्को के अखबार हेस्प्रेस ने मोरक्को के गृह मंत्रालय के आंकड़ों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया था कि भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,012 हो गई है, जबकि 2,059 अन्य लोग घायल हुए हैं। किशिदा ने कहा, मैं उन लोगों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करना चाहता हूं, जिन्होंने अपनी जान गंवाई है और मेरी सहानुभूति उनके शोक संतप्त परिवारों के साथ है।

### उत्तर कोरिया ने 75वां स्थापना दिवस मनाया

प्योंगयांग। उत्तर कोरिया ने अपना 75वां स्थापना दिवस समारोह मनाया जिसमें रूसी राजनयिकों और एक चीनी प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक प्योंगयांग के किम इल सुंग चौक पर शुक्रवार को आयोजित समारोह में वर्दीधारी अर्धसैनिक बल शामिल थे। इस मौके पर उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन, रूसी सैन्य गीत और नृत्य समूह और बीजिंग के अधिकारी भी उपस्थित थे। अटकलें हैं कि श्री किम इस महीने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात कर सकते हैं। माना जा रहा है कि श्री किम यूक्रेन में युद्ध का समर्थन करने के लिए उत्तर कोरिया द्वारा रूस को हथियार उपलब्ध कराने की संभावना पर श्री पुतिन के साथ चर्चा करने के लिए रूस की यात्रा करने की योजना बना रहे हैं। इंटरफैक्स समाचार एजेंसी के अनुसार, शनिवार को मॉस्को में एक पत्रकार द्वारा पूछे जाने पर क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने इस मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। श्री पुतिन ने उत्तर कोरिया की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ पर श्री किम को बधाई देने के लिए एक संदेश में कहा कि उन्हें विश्वास है कि दोनों देश सभी मोर्चों पर द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि इससे कोरियाई प्रायद्वीप और पूर्वोत्तर एशिया में सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

### काठमांडू और क़िंगदाओ के बीच विमान सेवा शुरू

काठमांडू। हिमालय एयरलाइंस ने रविवार को नेपाल की राजधानी काठमांडू से पूर्वी चीन के शेडोंग प्रांत के क़िंगदाओ के लिए अपनी पहली विमान सेवा शुरू की। एच97220 विमान ने सुबह 114 यात्रियों के साथ उड़ान भरी, और वापसी एच 97221 विमान शाम को वापस काठमांडू आएगी। एयरलाइन प्रत्येक रविवार को ए320 विमान द्वारा काठमांडू से क़िंगदाओ तक एक फेरे संचालन कर रही है। काठमांडू स्थित एयरलाइन जून अगस्त 2014 में स्थापित एक नेपाल-चीन संयुक्त उद्यम है। विमानन कम्पनी ने काठमांडू और बीजिंग के बीच सीधी उड़ानें फिर से शुरू की। यह सेवा कोविड-19 के कारण तीन साल के लिए निलंबित कर दी गई थीं। नेपाल में चीन के राजदूत चेन सोंग ने कहा कि हिमालय एयरलाइंस द्वारा जोड़ा गया हर नया हवाई मार्ग नए चीनी नागरिकों को नेपाल लाएगा और नेपाल में लोगों के बीच आदान-प्रदान और पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देगा। चेन ने हवाई अड्डे पर आयोजित उद्घाटन समारोह में कहा, आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने के अलावा, यह नया मार्ग हमारी दोस्ती को गहरा करने के लिए एक पुल के रूप में भी काम करेगा।

### डीपीआरके नेता ने चीनी उपप्रधानमंत्री से मुलाकात की

प्योंगयांग। चीन के उपप्रधानमंत्री लियू गुओझोंग ने उत्तर कोरिया की 75वीं स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भाग लेने के लिए शुक्रवार से रविवार तक पार्टी एवं सरकारी प्रतिनिधिमंडल के साथ देश के दौरे पर रहे। गुओझोंग इस दौरे के दौरान वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया (डब्ल्यूपीके) के महासचिव और डीपीआरके के राज्य मामलों के अध्यक्ष किम जोंग उन से मुलाकात की। गुओझोंग चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के राजनीतिक ब्यूरो (सीपीसी) के केंद्रीय समिति सदस्य भी हैं। दोनों पक्षों ने चीन-डीपीआरके संबंधों और द्विपक्षीय आदान-प्रदान और विशिष्ट क्षेत्रों में सहयोग पर गहन विचारों का आदान-प्रदान किया। सीपीसी सेंट्रल कमेटी के महासचिव शी जिनपिंग की ओर से लियू ने किम को उत्तर कोरिया की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने उत्तर कोरिया की निर्माण उपलब्धियों पर सकारात्मक टिप्पणियां कीं और समृद्ध भविष्य और इसके विकास, समाजवादी उद्देश्य के फलने-फूलने और इसके विकास पथ के व्यापक होने से लोगों का जीवन खुशहाल होने की कामना की। लियू ने कहा कि चीन पारंपरिक चीन-डीपीआरके मित्रता की सराहना करता है और द्विपक्षीय संबंधों के निरंतर सुदृढ़ीकरण और विकास पर जोर देने को अग्रसर है। उन्होंने कहा कि कृषि और स्वास्थ्य देखभाल लोगों की आजीविका के लिए महत्वपूर्ण उपक्रम हैं। उन्होंने कहा कि चीन अपने लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए इन क्षेत्रों में उत्तर कोरिया के साथ सहयोग को मजबूत बनाने के इच्छुक है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं, ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11, ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत सभासदगणों एवम संयोजक को कलश एवम तिरंगा भेंट किया

रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत



**बलरामपुर।** आदर्श नगर पालिका के चेयरमैन डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरु के नेतृत्व में नगर के वार्ड 10 टेढ़ी बाजार एवम वार्ड 25 पुरानी बाजार में आजादी के अमृत महोत्सव योजना में अमृत कलश ले कर घर घर संपर्क कर अक्षत कलश में संग्रह किया। देश को एकात्मता के सूत्र में पिरोने की यह पावन यात्रा %एक भारत-श्रेष्ठ भारत के भाव के साथ 140 करोड़ देशवासियों को जोड़ने का काम करेगा। उक्त अवसर पर पूर्व चेयरमैन कुसुम चौहान,कृष्ण गोपाल गुप्ता,नगर अध्यक्ष,डी पी सिंह बैस,विक्की शर्मा वरुण सिंह महामंत्री,झूमा सिंह, स्वर्णलता श्रीवास्तव,अक्षय शुक्ल,नीलम शुक्ल,सरोज तिवारी,सहित पार्टी कार्यकर्ता सहित अन्य सम्मानित बंधु उपस्थित रहे।

### विधायक के नेतृत्व में चला अभियान : सोनाञ्चल-घोरावल नगर में कलश ले मिट्टी एकत्रीकरण की



**सोनभद्र।** नगर - शहर , गाँव - गिरांव , चट्टी - चौराहों पर मेरी माटी मेरा देश अभियान मुहिम में उमड़ा रेला नगरवासियों का विधायक डॉ0 अनिल कुमार मौर्य के संरक्षण में। नगरपंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजेश कुमार के गृह निवास से कूच किया काफिला और किया नगर चक्रमण तथा साफल्य शिखर पर पहुँचा मिट्टी एकत्रीकरण जो पहुंचेगी देश की राजधानी दिल्ली अमृत वाटिका तक। गलियों - चौबारों से केन्द्र पर प्रसृत हो अमृत वाटिका को मुखरित करते गुलजार होगी सोनभद्र 9 सोनाञ्चल की माटी परिपाटी अपने थाती का संस्मरण कराती अमृतमहोत्सव कालखंड में अमृत वाटिका को। साथ मे विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र मौर्य, प्रमुख रूप से किसान नेता लालजी तिवारी, गजेंद्र सिंह , मण्डल अध्यक्ष अरूण पाण्डे एवं सुनील चौबे , जिला महामंत्री कैलाश वैस ,महामंत्री बाबूलाल शर्मा, लवकुश केसरी एवं भाजपा के अन्याय पदाधिकारी तथा नगर से सम्भ्रान्त स्वजन , परिजन , अभिजनों के साथ ही नगरवासियों का शामिल रहा सैलाब। सबने बटोरा मिट्टी , अक्षत पुष्पों को स्मृति स्वरूप को संजोते हुए। विधायक डॉ0 अनिल कुमार मौर्य एवं नगरपंचायत के पूर्व अध्यक्ष ने सबको साधुवाद ज्ञापित किया उद्बोधन में वक्तव्यों के साथ।

### सोनभद्र शिवद्वार मण्डल में चला कलश में मिट्टी एकत्रीकरण अभियान



**सोनभद्र।** जनपद के शिवद्वार मंडल में भाजपा कार्यकर्ताओं का विभिन्न गांवों में मेरी माटी मेरा देश अभियान चलाया गया। मेरी माटी मेरा देश अभियान का उद्देश्य उन स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों का सम्मान करना है, जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान किया। हर घर - आँगन निकाल कर एकत्रित की जा रही है मिट्टी ,जो अमृत वाटिका राजपथ पर शहीदों के सम्मान में प्रसृत होगी। आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में हर घर मिट्टी अभियान गांव स्तर, ब्लाक स्तर , जिला स्तर पर व प्रदेश स्तर पर हर गली - चौराहों के घरों से एकत्र करते केंद्र स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। 2047 तक भारत को विकसित और आत्मनिर्भर बनाना और औपनिवेशिक मानसिकता का निशान हटाना ही भारत को गौरवशाली बनाना है। इस अवसर पर शिवद्वार मंडल महामंत्री श्रवण सिंह , मंडल उपाध्यक्ष संजय पाठक, शक्ति केंद्र संयोजक कोहरथा ह्रदय नारायण चौरसिया, युवा समाजसेवी प्रवीण त्रिपाठी, जीतेंद्र, बूथ अध्यक्ष लोहांडी रामनिहोर गुप्ता, के साथ समस्त क्षेत्रवासी उपस्थित थे रहे।

### शिवराज का नायब तहसीलदारों ने माना आभार

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से नायब तहसीलदार संघ के प्रतिनिधि-मंडल ने आज यहां निवास कार्यालय स्थित समत्व भवन में भेंट कर नायब तहसीलदार पद को राजपत्रित अधिकारी का दर्जा देने के लिए आभार व्यक्त किया। आधिकारिक जानकारी के अनुसार चौहान ने सभी नायब तहसीलदारों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आप सरकार के महत्वपूर्ण अंग हैं। जनहित की योजनाओं के क्रियान्वयन में नायब तहसीलदारों की उल्लेखनीय भूमिका रहती है। वे जमीनी स्तर पर योजनाओं को पहुँचाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी चिंता मुझ पर छोड़ दें, प्रशासनिक कार्यों को ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से पूरा करें। आपकी कठिनाइयों को हम दूर करेंगे। संघ के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि प्रशासनिक अमला हर कदम पर राज्य सरकार का सहयोग करेगा। संघ के सदस्यों ने बड़ी माला पहना और प्रशस्ति-पत्र भेंट कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

### अभूतपूर्व रही श्रीकृष्ण रथ शोभायात्रा,19 घंटे में तय किया पांच किमी का मार्ग

देवबंद (सहारनपुर) । विख्यात श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी शक्तिपीठ की धरती देवबंद नगर में ऐसे श्रीकृष्ण जो सिर्फ कर्म करने की प्रेरणा देते है और विश्व के सबसे आध्यात्मिक और दार्शिनिक ग्रंथ गीता में कौन्तेय (अर्जुन) उठो और दृढ निश्चय कर युद्ध कर का उद्घोष करने वाले श्रीकृष्ण की आकर्षक एवं भव्य शोभायात्रा रविवार तड़के चार बजे मंदिर श्रीठाकुरद्वारा पर सकुशल संपन्न हुई। जन्माष्टमी पर्व के दो दिन बाद निकलने वाली भारत में यह अकेली शोभायात्रा है जो 18 से 19 घंटे तक निकलती है और हजारों श्रद्धालुओं को आहलादित तथा आनंदित करती है। शनिवार सुबह नौ-दस बजे पूजा-अर्चना के बाद छिम्पीवाडा स्थित रथशाला से स्वर्ण रथ और लड्डू-गोपाल रथ बैंडबाजो और भजन मंडली के साथ श्रीकृष्ण के जयकारों के साथ मेन बाजार स्थित मंदिर श्री ठाकुरद्वारा पहुंचे। जहां कुछ घंटो के विश्राम के बाद शाम करीब चार बजे स्वर्ण रथ पर भगवान श्रीकृष्ण और श्रीराधा के चिग्रह विराजमान हुए वहां से ये दोनो रथ अनाजमंडी होते हुए एमबीडी चैके पर पहुंचे। नौ-दस मनोरम झांकियां और चार बैंड शोभायात्रा में शामिल हो गए। चार -पांच किलोमीटर मार्ग तय करने और 18-19 घंटे की शोभायात्रा का करीब 200 स्थानों पर श्रद्धालुओं, सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने भाव पूर्ण स्वागत किया। ठाकुरद्वारा मंदिर और राधाबल्लभ मंदिर पर विशेष पूजा-अर्चना हुई। आयोजकों के प्रबंधन के साथ-साथ पुलिस-प्रशासन की निगरानी के बीच जूलूस एवं सभी संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त संख्या में सशस्त्र पुलिसकर्मी, पीएसी और सुरक्षाकर्मी मुस्तैदी से तैनात रहे।

# जी20 शिखर सम्मेलन : एनडीएमसी के उपाध्यक्ष ने आपदा प्रबंधन केंद्र का दौरा किया

## एनडीएमसी को एक ही दिन में बारिश के कारण 44 शिकायतें मिलीं

नई दिल्ली, 10 सितंबर, 2023 - जी20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए अपनी सतत प्रतिबद्धता और सतर्कता के तहत, एनडीएमसी के उपाध्यक्ष श्री सतीश उपाध्याय ने हुमायूं रोड पर एनडीएमसी के आपदा प्रबंधन केंद्र का देर रात में और आज सुबह दौरा करके अटूट समर्पण का प्रदर्शन किया । यह दौरा आगामी जी20 शिखर सम्मेलन के लिए की जा रही सावधानीपूर्वक तैयारियों को रेखांकित करती है।

उपाध्याय ने कहा कि शनिवार रात भर लगातार भारी बारिश के साथ, 1000 से अधिक समर्पित एनडीएमसी कर्मचारियों और त्वरित प्रतिक्रिया टीमों (क्यूआरटी) ने अपना 100 प्रतिशत समर्पण देने के लिए उल्लेखनीय कार्य किया और जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान राष्ट्राध्यक्षों द्वारा उपयोग के लिए नामित प्रमुख सड़कों पर जलभराव को रोकने के लिए चौबीसों घंटे अथक प्रयास किया।

उन्होंने कहा कि रात 1: 00 बजे से 3: 00 बजे के बीच, एनडीएमसी टीम के इन गुमनाम नायकों ने यह सुनिश्चित करने के लिए तेजी से काम किया कि सड़कें साफ हों और हाई-प्रोफाइल वीआईपी काफिलों के लिए सुबह तक चलने योग्य हों। मानवीय उद्देश्य के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता स्पष्ट थी क्योंकि उन्होंने प्रतिकूल मौसम की स्थिति से जूझते हुए शहर की प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए बारिश में भी अथक प्रयास किया।

### एनडीएमसी ने बारिश के कारण एक ही दिन में 44 शिकायतों का निपटारा किया

अब तक आपदा प्रबंधन केंद्र को कुल 70 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 26 पिछले शनिवार रात तक प्राप्त हो थी , और शेष 44 आज सुबह 11 बजे तक मिली । रिपोर्ट किए गए मुद्दों में मामूली जलभराव, गिरे हुए पेड़ के पत्ते और खराब रोड लाइटें शामिल थीं, जिसके लिए त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की आवश्यकता के अनुसार बेहतर कार्य दक्षता का प्रदर्शन किया गया ।

### त्वरित समाधान : जलजमाव की 19 छोटी-मोटी शिकायतें मिनटों में दूर कर दी गईं

दक्षता के एक उल्लेखनीय प्रदर्शन में, जनपथ, सिकंदरा रोड, सी हेक्सागोन, कॉपरनिकस मार्ग, बाराखंबा रोड, हरीश चंदर माथुर लेन और कौटिल्य मार्ग सहित महत्वपूर्ण स्थानों पर जलभराव की 19 घटनाओं का तुरंत समाधान किया गया। पानी के ठहराव को हटाने का काम मानवीय प्रयासों और सुपर सकर मशीनों के उपयोग से किया गया। इसके अतिरिक्त, प्रमुख क्षेत्रों में गमलों में लगे पौधों में पानी के ठहराव को प्रभावी ढंग से हटाया गया। यहां महत्वपूर्ण रूप से उल्लेख किया गया है कि महिला कार्यकर्ता भी पूरे समर्पण और मैदान पर अथक उत्साह के साथ सड़कों पर इन अभियानों का हिस्सा रही ।

### 35 फव्वारे फिर से पानी भर दिए गए, केवल दो घंटे में

श्री उपाध्याय ने खुलासा किया कि कुल 65 फव्वारों में से, 35 फव्वारों को रात 10.30 बजे से 12.30 बजे तक दो घंटे की सुरक्षा खिड़की के भीतर फिर से भर दिया गया, जिसमें सड़कों से जल्दी भर जाने वाले कूड़ेदान और सडको से कचरा साफ करने सहित स्वच्छता की महत्वपूर्ण आवश्यकताओं को पूरा किया गया क्यूकि ऐसे कार्यों को पूरा करने के लिए दोपहर 1 से 7 बजे तक कोई विंडो/समय फिर उपलब्ध नहीं है।

कल रात 2.30 बजे से 3.30 बजे के बीच विद्युत भवन में आपूर्ति संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान में एनडीएमसी की जवाबदेही झलकी। यह समर्पण एक निर्बाध त20 अनुभव सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

### एनडीएमसी क्षेत्रों में पिछले सप्ताह से अच्छी वायु गुणवत्ता जारी है

पर्यावरण के मोर्चे पर, एनडीएमसी ने 10 सितंबर को प्रभावशाली औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 19.96 दर्ज किया, जो उसके क्षेत्रों में बहुत अच्छी वायु गुणवत्ता का संकेत देता है। जबकि पिछले 5 दिनों में टीम एनडीएमसी के ईमानदार प्रयासों से नई दिल्ली क्षेत्र में त्त्ङ्क 100 से कम बना हुआ है। यह एनडीएमसी द्वारा समर्पित, प्रेरित, प्रेरित कार्यबल और टीम वर्क द्वारा सड़कों की गहरी सफाई, पैदल चलने वाले रास्तों पर पानी, मैकेनिकल रोड स्वीपिंग, बागवानी सुधार के माध्यम से हासिल किया गया है।

### जी20 शिखर सम्मेलन की सफलता के प्रति प्रतिबद्धता

श्री उपाध्याय ने बताया कि जी20 नियंत्रण कक्ष ने प्रगति मैदान के पास टीमों को भेजकर अंतर-विभागीय समन्वय को सुविधाजनक बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूरी रात, नियंत्रण कक्ष एनडीएमसी के अध्यक्ष और सचिव की सक्रिय भागीदारी के साथ चालू रही, जिससे किसी भी उभरती चुनौती के लिए निर्बाध प्रतिक्रिया सुनिश्चित हुई।

उन्होंने कहा कि एनडीएमसी एक सफल और निर्बाध रूप से निष्पादित जी20 शिखर सम्मेलन सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। संगठन किसी भी चिंता का तेजी से और कुशलता से समाधान करना जारी रखेगा।

# आईएमए लुधियाना में सीके बिरला अस्पताल ने आयोजित किया सीएमई कार्यक्रम

## कैंसर के एडवांस इलाज पर हुई बात




लुधियाना। सीके बिरला अस्पताल ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) लुधियाना और पंजाब मेडिकल काउंसिल के साथ साझेदारी में कंटीन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन (सीएमई) कार्यक्रम का आयोजन किया. इसका उद्देश्य कैंसर के इलाज में नवीनतम विकास के बारे में जानकारी देना और जागरूकता बढ़ाना था.

इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के कैंसर के इलाज में हुए एडवांसमेंट के बारे में बताया गया. इस कार्यक्रम के तहत देशभर के प्रसिद्ध मेडिकल प्रोफेशनल्स को एक साथ लाया गया. सीके बिरला अस्पताल, गुरुग्राम की सर्जिकल ऑन्कोलॉजी टीम ने ये सत्र आईएमए हाउस लुधियाना में आयोजित किया. इस सत्र में मेडिकल प्रोफेशनल्स ने कैंसर के इलाज को लेकर हाल में हुई प्रगति को लेकर चर्चा की. इसके साथ ही सर्जिकल ऑन्कोलॉजी और एडवांस एब्डोमिनल कैंसर और सिर व गर्दन के कैंसर के इलाज पर विशेष ध्यान देते हुए इस गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों को उम्मीद की किरण दी.

सीके बिरला अस्पताल टीम के जाने-माने सदस्य डॉ. विनय सैमुअल गायकवाड़ ने दो इनोवेटिव ट्रीटमेंट, एचआईपीईसी (हाइपर्थर्मिक इंट्रापेरिटोनियल कीमोथेरेपी) और पीआईपीएसी (प्रेशराइज्ड इंट्रापेरिटोनियल एरोसोल कीमोथेरेपी) के फायदों की जानकारी दी. इन अत्याधुनिक मेथड से एडवांस एब्डोमिनल कैंसर के इलाज को बल मिला है.

पेट के कैंसर के लिए HIPEC और PIPAC के फायदे बताते हुए डॉक्टर विनय सैमुअल गायकवाड़ ने कहा, हाइपर्थर्मिक इंट्रापेरिटोनियल कीमोथेरेपी (HIPEC) और प्रेशराइज्ड इंट्रापेरिटोनियल एरोसोल कीमोथेरेपी (PIPAC ) एडवांस एब्डोमिनल कैंसर के इलाज में महत्वपूर्ण है. ये तकनीकें दुष्प्रभावों को कम करते हुए एब्डॉमिनल कैविटी के अंदर कैंसर कोशिकाओं को सटीक रूप से टारगेट करती हैं. HIPEC और PIPAC चुनौतीपूर्ण डायग्नोज का सामना कर रहे मरीजों को नई आशा देती हैं और इस जानलेवा बीमारी से निपटने के लिए ज्यादा असरदार और कम घाव वाला इलाज मुहैया कराती है. इसके अलावा, ऑन्कोलॉजी के क्षेत्र में एक अन्य जाने-माने व्यक्ति डॉक्टर विनीत कौल ने सिर और गर्दन के कैंसर के इलाज के क्षेत्र में हाल में हुई प्रगति पर विस्तार से बात की. डॉक्टर कौल ने चौथी पीढ़ी की दा विंची रोबोटिक तकनीकों के बारे में बताया, जो इस तरह के चुनौतीपूर्ण कैंसर से निपटने के तरीके को बदलने के लिए तैयार हैं. इनकी भागीदारी ने ऑन्कोलॉजी के क्षेत्र को आगे बढ़ाने और मरीज की देखभाल में सुधार को ध्यान में रखते हुए इस आयोजन के महत्व पर ज़ोर दिया.

### अजय बंगा ने की सीतारमण से भेंट

नयी दिल्ली । विश्व बैंक के प्रमुख अजय बंगा ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से रविवार को यहां भेंट की और जी 20 अध्यक्षता को रचनात्मक और सफल अध्यक्षता के लिए बधाई दी। बंगा जी 20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत आए हुए हैं। दोनों ने जी 20 की भारत की अध्यक्षता और विश्व बैंक समूह के विकास के परिणामों पर चर्चा की। विश्व बैंक और अन्य मुद्दों के अलावा विकासात्मक परियोजनाओं के लिए ज्ञान के आदान-प्रदान और वित्तीय सहायता के माध्यम से भारत के साथ बंगा का जुड़ाव है। वित्त मंत्री ने कहा कि विश्व बैंक प्रमुख बहुस्तरीय विकास बैंकों (एमडीबी) को मजबूत करने पर स्वतंत्र विशेषज्ञ समूह के खंड-1 रिपोर्ट में शामिल ट्रिपल एजेंडे पर सिफारिशों को आगे बढ़ाने की पूरी उम्मीद है। सीतारमण ने कहा कि वे रिपोर्ट के खंड 2 की प्रतीक्षा कर रहे हैं जो अक्टूबर में मोरक्को में चौथे वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों की बैठक के दौरान प्रस्तुत की जाएगी। बैठक के दौरान बंगा ने वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के साथ मिलकर काम करने पर सहमति जतायी।

### जी-20 में वैश्विक सांस्कृतिक गलियारा में 29 देशों की सांस्कृतिक विरासतों की गैलरी भी एक आकर्षण

नयी दिल्ली। जी-20 का 18वां शिखर सम्मेलन न केवल भारत में विश्व के प्रमुख देशों का एक अद्भुतपूर्व संगम था बल्कि राजधानी में नवनिर्मित भव्य भारत मंडपम का इसका आयोजन स्थल भारत की समृद्धि संस्कृतिक और सभ्यता की झांकी बन गया था। आयोजन स्थल पर एक क्राफ्ट बाजार में विभिन्न राज्यों के हस्तशिल्प की प्रदर्शनी लगी थी। वहां डिजिटल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की प्रगति की भी प्रदर्शनी थी और इसके साथ ही वहां 'कल्चर यूनाइट्स ऑल' (संस्कृति सबको आपस में पिरोती है) शीर्षक वैश्विक सांस्कृतिक गलियारे में भारत, जापान, अमेरिका, चीन, जैसे जी20 के सभी सदस्य देशों के साथ-साथ कुछ आमंत्रित देशों की सांस्कृतिक और पुरातात्विक वस्तुओं की झांकियां प्रस्तुत की गयी थीं। आज सम्पन्न हुए दो दिन के शिखर सम्मेलन के दौरान 'कल्चर यूनाइट्स ऑल' वैश्विक सांस्कृतिक गलियारे का उद्घाटन शनिवार सुबह किया गया। सम्मेलन में यूरोपीय संघ सहित सभी बीस सदस्य देशों और नौ आमंत्रित सदस्यों द्वारा भेजी गयी कलाकृतियां और सांस्कृतिक धरोहरों की प्रतिकृतियां शामिल की गयी थीं। गैलरी के आकर्षण में भारत की ओर से अष्टाध्यायी, इंडोनेशिया का बाटिक सारंग वस्त्र, ब्राज़ील के संसद भवन की अनुकृति, अर्जेंटीना का पोंचो परिधान, ऑस्ट्रेलिया की दजरकपी यिआपुनापु पेंटिंग, कनाडा के समुद्री राक्षसों का मुखौटा, चीन का कमलताल डिजाइन का ढक्कनदार जार, यूरोपियन संघ की ओर से रेडियोधर्मिता की खोज करने वाली महान वैज्ञानिक मैरी स्कोलोडोव्स्का - क्यूरी (1867-1934) की आवक्ष प्रतिमा, फ्रांस के नीले रंग की पृष्ठभूमि और तितलियों की छाप वाला औक्सरे फूलदान, जर्मनी की वाहन निर्माता फॉक्स वैगन की ऐतिहासिक कार बीटल के लघु मॉडल, इटली की ओर से अपोलो बेल्वेडियर की कांस्य प्रतिमा और जापान के विशेष अवसरों पर पहने जाने वाला ढीला-ढाला परिधान किमोनो की प्रदर्शनी है। सांस्कृतिक कॉरीडोर में दक्षिण कोरिया के दस्तकारों द्वारा तैयार की गई जोकदुरी-गैट और हेडपीस टोपी, रूसी खाकास (साइबेरिया) इलाके की महिलाओं की परंपरागत पोशाक बंडी और पोगो, सऊदी अरब के एक अरामी स्टेल और अन्य अरामी शिलालेखों की झांकी, तुर्किये के गोबेकलाइटपे स्टेल (शिलापट्ट), ब्रिटेन के मैग्ना कार्टा संधि के संपूर्ण मूल दस्तावेज़ की रंगीन फोटोप्रति,स्पेन के हाथ के पंखे डिज़ाइनिंग एयर तथा संयुक्त अरब अमीरात की ओर से घोड़े की सोने की लगाम आकर्षण का केन्द्र थी।

### श्रीकृष्ण शोभायात्रा में शामिल हुए हजारों श्रद्धालु

देवबंद (सहारनपुर)। श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी शक्तिपीठ की धरती उत्तर प्रदेश क देवबंद नगर में भगवान श्रीकृष्ण की भव्य शोभायात्रा रविवार तड़के चार बजे मंदिर श्रीठाकुरद्वारा पर सकुशल संपन्न हुई। जन्माष्टमी के दो दिन बाद निकलने वाली यह भारत में अकेली शोभायात्रा है, जो 18 से 19 घंटे तक निकलती है और हजारों श्रद्धालुओं को आहलादित और आनंदित करती है। शनिवार सुबह नौ-दस बजे पूजा-अर्चना के बाद छिम्पीवाडा स्थित रथशाला से स्वर्ण रथ और लड्डू-गोपाल रथ बैंडबाजो और भजन मंडली के साथ भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों के साथ मुख्य बाजार स्थित मंदिर श्री ठाकुरद्वारा पहुंचे, जहां कुछ घंटो के विश्राम के बाद शाम करीब चार बजे स्वर्ण रथ पर श्रीराधा के साथ फिर से सवार हुए। वहां से ये दोनो रथ अनाजमंडी होते हुए एमबीडी चैके पर पहुंचे। वहां, नौ-दस मनोरम झांकियां और चार बैंड शोभायात्रा में शामिल हो गए। चार -पांच किलोमीटर मार्ग में करीब 200 स्थानों पर श्रद्धालुओं, सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने भाव पूर्ण स्वागत किया। इस दौरान ठाकुरद्वारा मंदिर और राधाबल्लभ मंदिर पर विशेष पूजा-अर्चना हुई। आयोजकों के प्रबंधन के साथ-साथ पुलिस-प्रशासन की निगरानी के बीच जूलूस एवं सभी संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त संख्या में सशस्त्र पुलिसकर्मी, पीएसी और सुरक्षाकर्मी मुस्तैदी से तैनात रहे।

## ग्रेंड पेरेंट्स डे पर भावी युवा पीढ़ी को संस्कारित करने का आह्वान किया

### ग्रेंड पेरेंट्स परिवार और समाज की धरोहर हैं इन्हें सहेजकर रखें : संत्रा दयानंद वत्स



**नई दिल्ली।** नेशनल चाइल्ड एंड वूमेन डेवलपमेंट चेरिटेबल ट्रस्ट दिल्ली की राष्ट्रीय सचिव श्रीमती संत्रा दयानंद वत्स ने आज ट्रस्ट के मुख्यालय बरवाला में ग्रेंड पेरेंट्स डे पर भावी युवा पीढ़ी को संस्कारित करने का आह्वान करते हुए कहा कि ग्रेंड पेरेंट्स परिवार और समाज की धरोहर हैं इन्हें सहेजकर रखें। एकल परिवार बढ़ते जा रहे हैं। नई पीढ़ी बुजुर्ग माता पिता के साथ नहीं रहना चाहती। ऐसे में दादा दादी, नाना नानी से बच्चों को जो लाड़ प्यार और दुलार मिलता था उससे उनका बचपन वंचित हो गया है। आज की भागती दौड़ती जिंदगी में ग्रेंड पेरेंट्स उपेक्षित जीवन जीने पर मजबूर हैं। वत्स ने कहा कि सभी ग्रेड पेरेंट्स अपने बच्चों को पालते हैं, पढ़ाई लिखाई कराते हैं। उन्हें आत्मनिर्भर बनाते हैं फिर उनके बच्चों के साथ यही क्रिया दोहराते हैं। लेकिन उनके बच्चे ही उनसे मुंह मोड़ लेते है। जबकि बच्चे अपने ग्रेंड पेरेंट्स के साथ रहना चाहते हैं। आज सामाजिक परिवेश तेजी से बदल रहा है।

ग्रेंड पेरेंट्स महत्वहीन हो चले हैं। स्कूलों में फिर भी दादा-दादी, नाना-नानी दिवस मनाकर बच्चों को उनकी अहमियत बताई जाती है। श्रीमती संत्रा दयानंद वत्स ने कहा कि घर के बुजुर्ग बच्चों को संस्कारित करते हैं। उनकी बाल्यावस्था के सच्चे साथी होते हैं। इसलिए बच्चों को उनके ग्रेड पेरेंट्स से दूर ना करें और उनको भरपूर सम्मान दें।

## 4 इनामी अन्तर्राज्यीय गो- तस्कर गिरफ्तार



**सोनभद्र।** गोवध निवारण अधिनियम में संलिप्त तथा जनपद के थाना हाथीनाला पर पंजीकृत अभियुक्तों की गिरफ्तारी में पुलिस ने सफलता हासिल की है। मु0अ0सं0 41/2023 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व मु0अ0सं0 45/23 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम में संलिप्त वांछित अभियुक्त सद्दीक अंसारी पुत्र स्वर्गीय वजीर अंसारी निवासी लोवादाग, थाना मेराल, जनपद गढ़वा (झारखंड) उम्र लगभग 70 वर्ष की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु डॉ0 यशवीर सिंह पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा 25,000/- का पुरस्कार घोषित किया गया था । जिसके क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय तथा क्षेत्राधिकारी ओबरा को विशेष निर्देश दिये गये । निर्देश के क्रम में 10 सितम्बर को थाना हाथीनाला पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर गरदरवा तिराहा हाथीनाला दुद्धी रोड से उपरोक्त पंजीकृत अभियोग में वांछित/फरार रुपये 25,000/- के इनमिया गोतस्कर शदीक अंसारी पुत्र स्वर्गीय वजीर अंसारी निवासी लोवादाग, थाना मेराल, जनपद गढ़वा (झारखंड) उम्र लगभग 70 वर्ष व मु0अ0सं0 45/23 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम में संलिप्त वांछित 03 नफर अभियुक्तगण मुख्तार अंसारी पुत्र इशहाक अंसारी निवासी सीधी, थाना रमना, जिला गढ़वा, (झारखंड) उम्र लगभग 35 वर्ष ,. जमायत अंसारी पुत्र स्वर्गीय कादिर शेख निवासी वहीयार कला, थाना रमना, जिला गढ़वा (झारखंड) उम्र लगभग 47 वर्ष तथा दिलजान शेख पुत्र अलीम शेख निवासी अधौरी, थाना मेराल, जिला गढ़वा (झारखंड) उम्र लगभग 67 वर्ष को गिरफ्तार किया गया ।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण कुछ यों बयाँ किया गया अभिलेख एवं ज्ञातव्य सूत्रों के हवाले से कि शदीक अंसारी पुत्र स्वर्गीय वजीर अंसारी निवासी लोवादाग, थाना मेराल, जनपद गढ़वा (झारखंड) उम्र लगभग 70 वर्ष , मुख्तार अंसारी पुत्र इशहाक अंसारी निवासी सीधी, थाना रमना, जिला गढ़वा, (झारखंड) उम्र लगभग 35 वर्ष , जमायत अंसारी पुत्र स्वर्गीय कादिर शेख निवासी वहीयार कला, थाना रमना, जिला गढ़वा (झारखंड) उम्र लगभग 47 वर्ष और दिलजान शेख पुत्र अलीम शेख निवासी अधौरी, थाना मेराल, जिला गढ़वा (झारखंड) उम्र लगभग 67 वर्ष दर्ज हैं।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम हाथीनाला की रही जिसमें थानाध्यक्ष चंद्रभान सिंह, उ0नि0 प्रेम शंकर मिश्रा, उ0नि0 उदय यादव, विनोद यादव , जनार्दन चौहान तथा सर्वेश कुमार शामिल रहे।

### ट्रक से पंद्रह लाख रुपए मूल्य का डोडा चूरा जब्त

शिवपुरी। मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले के कोलारस थाना क्षेत्र में आज तड़के पुलिस ने एक ट्रक से लगभग 154 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा जप्त किया, जिसका बाजार मूल्य लगभग 15 लाख रुपए बताया गया है। इस मामले में ट्रक चालक को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदौरिया को मुखबिर से सूचना मिली थी कि अवैध मादक पदार्थ लेकर एक ट्रक कोलारस क्षेत्र से निकलने वाला है। इस सूचना पर कोलारस पुलिस को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए और वाहन चेकिंग के दौरान जैसे ही यह ट्रक आया किस की तलाशी ली गई। यह गुना की तरफ से ग्वालियर की ओर जा रहा था। इसमें पशु आहार भरा हुआ था तथा उसके पीछे छिपाकर अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा रखा हुआ था, जिसे जप्त किया गया ट्रक को भी जप्त किया गया तथा आरोपी गुरबाज सिंह निवासी जिला पटियाला पंजाब को गिरफ्तार किया गया है।

## गार्बेज शुल्क का होगा युक्तियुक्तकरण : शिवराज

ग्वालियर। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि व्यापारियों से लिये जाने वाले गार्बेज शुल्क का युक्तियुक्तिकरण किया जायेगा।

सोना, चाँदी पर बढ़ाई गई एक्साइज ड्यूटी के विरोध में किए गये आंदोलन और प्रदर्शन के समय व्यापारियों पर दर्ज किए गये सभी मुकदमे वापस लिये जायेंगे।

ग्वालियर अंचल के व्यापारिक-औद्योगिक विकास पर मध्यप्रदेश चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज ग्वालियर द्वारा आयोजित संवाद कार्यक्रम में चौहान ने व्यापारियों एवं उद्योगपतियों के हित में ये घोषणाएं कीं।

मुख्यमंत्री ने व्यापारियों की मांग पर ट्रांसपोर्ट नगर में उच्च गुणवत्ता की सीमेंट कंक्रीट बनाए जाने की मांग पर सड़कों के निर्माण के लिए धनराशि उपलब्ध कराने की भी घोषणा की।

औद्योगिक क्षेत्र को संपत्तिकर मुक्त किए जाने की मांग पर उन्होंने कहा कि इसका परीक्षण कराया जायेगा और औद्योगिक क्षेत्र में व्यापारियों पर दो टैक्स न लगे यह सुनिश्चित करेंगे। चौहान ने ग्वालियर विकास प्राधिकरण द्वारा बनाए गए माधव प्लाजा में व्यापारियों से विलम्ब शुल्क न लिए जाने की भी घोषणा की। नगर निगम के नामांतरण को संपत्ति की रजिस्ट्री से जोड़ने की व्यवस्था भी होगी। प्रोफेशनल टैक्स के संबंध में शासन स्तर से विचार किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण सुझावों के संबंध में कहा कि जल उपभोक्ताओं के बकाया बिलों के लिये विद्युत विभाग की तरह ही योजना बनाकर जल उपभोक्ताओं के लंबित बिलों का निराकरण किया जायेगा। इसके लिये शासन स्तर से रणनीति बनाकर कार्रवाई की जायेगी। उन्होने कहा कि व्यापारी की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। आवश्यक हुआ तो संबंधित कानूनों में भी प्रावधान किया जायेगा।